बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 5, अंक 56, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज 16

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म 15

आईएसआईएस के चार आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे

- चारों श्रीलंका के रहने वाले हैं गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई

गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि श्रीलंका के ये नागरिक भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे। खुफिया सूचना पर एटीएस ने रविवार रात को सरदार वल्लभाई पटेल हवाई अड्डे पर इन आतंकवादियों को पकड़ा। ये श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से चेन्नई होते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे।

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि एटीएस की टीम ने आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल फोन में मिली जानकारी और तस्वीरों के आधार पर नाना चिलोडा इलाके से पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल और 20 कारतूस भी बरामद किए हैं।

डीजीपी के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नफरान और मोहम्मद रासदीन के रूप में की गई है। इन्होंने कोलंबो से उड़ान भरी और रविवार तड़के चेन्नई पहुंचे। अहमदाबाद के लिए दूसरी उड़ान ली, जहां वे रविवार रात करीब आठ बजे उतरे। वे पहले प्रतिबंधित श्रीलंकाई कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन, नेशनल तौहीत जमात (एनजेटी) से जुड़े थे, और अपने पाकिस्तानी आका अबू बक्र अल बगदादी के संपर्क में आने के बाद आईएस में शामिल हो गए।

हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति रईसी की मौत

दुबई, एजेंसी

ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम की वजह से हुए हेलीकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए । देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इब्राहिम रईसी की मौत के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। रईसी हादसे के समय ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। हादसे में रईसी के साथ मिले शवों में ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन (60) का शव भी शामिल है।

दुर्घटनास्थल पर पहुंचे बचाव दल के कर्मचारी। ● एजेंसी

- विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन सहित कई अन्य के शव भी मिले
- पूर्वी अजरबैजान में रविवार को हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। ईरान द्वारा रईसी के निधन की पुष्टि किए जाने के बाद कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, दुनिया भर से शोक संदेश आने शुरू हो गए। पाकिस्तान ने रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश दुख की इस घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है। मिस्र और जॉर्डन के नेताओं ने भी रईसी के निधन पर शोक जताया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल अशद ने भी ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

उपराष्ट्रपति मोखबर बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

भारत में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा

नई दिल्ली। भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया कि रईसी व अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई मंगलवार को राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन गतिविधि नहीं होगी।

एक नजर

नए क्रिमिनल कानूनों के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले तीन नए कानूनों को लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता एवं वकील विशाल तिवारी को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने यह कहा कि याचिका बहुत ही अनौपचारिक और अशिष्ट तरीके से दायर की गई है। अगर आप और बहस करते तो हम जुर्माना लगाने के साथ इसे खारिज कर देते।

राजस्थान में 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने 10 दवाओं के नमूने मानक के विपरीत पाए जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। कारपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि अग्रोन रेमेडीज को कफ सिरप एवं क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप, अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, एएनजी लाइफ को आर्टसुनेट इंजेक्शन, लिनस लाइफ केयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप, मैक्सवेल लाइफ साइंसेज को सालब्यूटामॉल सिरप की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है।

14 लोकसभा सीटों पर 58% वोटिंग

पांचवां चरण : सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10% व सबसे कम लखनऊ 52.23% वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10 प्रतिशत व सबसे कम लखनऊ 52.23 प्रतिशत मतदान रहा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के उप चुनाव में 52.45 प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में मतदान धीमा रहा, शाम के वक्त लोगों ने मतदान में ज्यादा रुचि दिखाई। कई मतदान केंद्रों पर खराबी की शिकायत पर ईवीएम बदलकर मतदान कराया गया। छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत मतदान 57.98 प्रतिशत हुआ। इसमें मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40, जालौन (अजा) 56.15, झांसी में 63.70, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64, फतेहपुर में 57.05, कौशाम्बी (अजा) 52.79 प्रतिशत, फैजाबाद 59.10, कैसरगंज 55.68 व गोंडा सीट पर 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान के बाद अमिट स्याही दिखाते केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, कौशल किशोर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर 52.45 प्रतिशत मतदान
- दोपहर में धीमा रहा मतदान, कई जगह ईवीएम में खराबी

कई मंत्रियों समेत राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद

पांचवें चरण के मतदान के बाद पांच केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। लखनऊ सीट पर राजनाथ सिंह का मुकाबला सपा प्रत्याशी रविदास मेहरात्रा से रहा। मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के मुकाबले में सपा से आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार रहे। अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी व किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से रहा।

एटा में एक बूथ पर 25 मई को पुनर्मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले में आने वाले एक बूथ पर फर्जी मतदान की शिकायत पर 25 मई को वहां पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया है। फर्रुखाबाद लोस सीट पर एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान का वीडियो वायरल हुआ था।

सौ प्रतिशत मतदान कर ललितपुर ने रचा इतिहास

लखनऊ। शहरों में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं वहीं, झांसी-ललितपुर के गांवों के लोंगों ने शत-प्रतिशत मतदान कर इतिहास बना दिया। तीन बूथों पर सौ प्रतिशत वोटिंग कर रिकॉर्ड कायम किया है। माना जा रहा है कि देश का पहला मामला है, जहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां कुल 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। ग्राम सौल्दा के बूथ संख्या 277 पर पुरुष 198 और महिला 177 मिलाकर कुल 375 मतदाताओं ने वोट डाले। ग्राम बम्हौरा नागल के बूथ संख्या 355 पर पुरुष 235 और महिला 206 मिलाकर कुल 441 मतदताओं ने वोटिंग की। जबकि, ग्राम बुदनी नाराहट के बूथ संख्या 195 पर पुरूष 116 और महिला 99 कुल 215 मतदाताओं ने शत-प्रतिशत वोट किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों के अथक प्रयास के चलते ही यह संभव हो सका। आखिरी मतदाता को वोट के लिए बंगलुरु से बुलवा लिया गया। ललितपुर डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बंगलुरु से भोपाल तक का 18 हजार रुपये का टिकट बनवाया गया। फिर उस व्यक्ति को भोपाल से सरकारी गाड़ी द्वारा बूथ तक लाकर वोट डलवाया गया।

छत्तीसगढ़ : वाहन घाटी में गिरने से 19 की मौत

कवर्धा, एजेंसी

- पिकअप से तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण, 3 घायल, मृतकों में 18 महिलाएं और एक पुरुष

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन (पिकअप) के घाटी में गिरने से 18 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में बाहपानी गांव के पास दोपहर बाद लगभग पौने दो बजे वाहन के बंजारी घाटी में गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई जिनमें 18 महिलाएं हैं।

पल्लव ने बताया कि ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ता एकत्र कर जब वाहन से अपने गांव लौट रहे थे तब यह हादसा हुआ। उनके अनुसार वाहन में 36 लोग सवार थे। जब वाहन बंजारी घाट (घाटी) में उतर रहा था तब चालक ने चिल्लाया कि ब्रेक फेल हो गया है।

तब कई पुरुष और चालक वाहन से कूद गए। पल्लव ने बताया कि वाहन सड़क से उतरकर 40 फीट गहराई में लुढ़क गया और घाटी के नीचे सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बारे में जानकारी पर कुकदूर और पंडरिया से स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस दल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस ने बताया कि 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। नौ घायलों में से पांच महिलाओं ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन महिलाओं समेत चार घायलों को कबीरधाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताया है। मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा है कि हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं।

ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

'आप' को विदेश से हुई करोड़ों की अवैध फंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियमों का उल्लंघन कर विदेश से सात करोड़ चंदा लेने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दावा किया कि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने एफसीआरए का उल्लंघन कर विदेश से सात करोड़ से अधिक का विदेशी कोष हासिल किया है।

पंजाब में 'आप' के पूर्व विधायक सुखपाल सिंह खैरा और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत कुछ दस्तावेज व ईमेल मिलने के बाद ईडी ने यह पत्र मंत्रालय को लिखा है। यह जांच 2021 में शुरू हुई थी और ईडी ने खैरा को तभी गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने पिछले साल अगस्त में केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक विस्तृत पत्र भेजा था जिसमें 'आप' द्वारा नियमों के कथित उल्लंघन को रेखांकित किया गया है और इसे फेरा और जनप्रतिनिधिन कानून के उल्लंघन की श्रेणी में रखा गया है। माना जाता है कि ईडी ने हाल में इस मामले की कुछ नई जानकारियां गृह मंत्रालय से साझा की हैं।

माओवादियों से मुठभेड़ में एक जवान घायल

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के एक सदस्य को सोमवार को नौपाड़ा जिले में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई। एडीजी (ऑपरेशन) देवदत्त सिंह ने बताया कि यह घटना सुबह करीब तीन बजे की है जब एसओजी के जवानों की ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर शिवनारायणपुर के पास सुनाबेड़ा जंगल में माओवादियों से मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के दौरान एसओजी के एक जवान को गोली लगी और बाद में उसे इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया। सिंह ने कहा कि तलाशी में 10 आईईडी, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

गैंगरेप के बाद बच्ची को जिंदा जलाने के दोषियों को मृत्युदंड

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड दिया।

विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने बताया कि इस मामले में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले दो दोषियों कालू व कान्हा को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और फिर उसे जिंदा ही भट्टी में जलाने को अदालत ने 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मानते हुए दोनों दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया था और सोमवार को सुनाई। अदालत ने इस मामले में साक्ष्य मिटाने के आरोपी 7 व्यक्तियों को बरी कर दिया था। इनमें तीन महिलाएं व चार पुरुष हैं। किशनावत ने कहा कि इन्हें बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।

पीड़िता की मां ने कहा कि न्याय हुआ है और वह दोषियों को दी गई सजा से संतुष्ट हैं।

कैंटीन में उतरा करंट, सुबह फ्रीजर में चिपके मिले चाचा और भतीजे के शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्टी के बगल स्थित एक कैंटीन के शटर और फ्रीजर में उतरे करंट से बेहजम निवासी चाचा और भतीजे की मौत हो गई। यह घटना रविवार आधी रात बाद की है। सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने दोनों के शव फ्रीजर से चिपके फर्श पर पड़े देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरी कैंटीन में करंट दौड़ रहा था। बिजली कटवाने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना नीमगांव के कस्बा बेहजम निवासी दीपक (30), उसका चचेरा भाई विमल और साढ़ू रोहित थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के सुंदरवल चौराहा पर शराब भट्टी के बगल में साझे में कैंटीन चलाते थे। बताते हैं कि रविवार को दिन में दीपक का भतीजा धीरज कैंटीन पर आ गया था। इस वजह से विमल देर शाम घर चला गया। सोमवार सुबह जब लोग सुबह घूमने के लिए निकले तो देखा कि कैंटीन का आधा शटर खुला हुआ था। ग्रामीणों ने जब झांककर देखा तो अंदर दीपक व उसके भतीजे धीरज (19) के शव फ्रीजर से चिपककर फर्श तक पड़े हुए थे। लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान, सुंदरवल चौकी प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे।

दीपक

धीरज

- फूलबेहड़ के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्टी के बगल की घटना

> मृतक आपस में चाचा-भतीजे थे और कैंटीन चलाते थे। दोनों की करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। कैंटीन में शटर-फ्रीजर में करंट उतरा हुआ था। घटना की जांच कराई जा रही है। - **आलोक धीमान**, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़

एम्स की एमडी परीक्षा

ब्यूरो, देहरादून

नकल का भंडाफोड़

- एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर समेत पांच गिरफ्तार
- एक परीक्षार्थी को उत्तीर्ण कराने को वसूले 50 लाख

अमृत विचार : पुलिस व एसओजी ने ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा में अन्य प्रांतों के परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने का भंडाफोड़ किया है। एम्स ऋषिकेश के दो डाक्टर्स समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग ऋषिकेश से टेलीग्राम के माध्यम से हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को नकल करा रहे थे। इनके पास से तीन टेबलेट, तीन मोबाइल फोन, मेडिकल की दो किताबें बरामद हुई हैं।

रविवार को हुई एम्स की एमडी परीक्षा में नकल माफिया के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ऋषिकेश पुलिस व एसओजी देहात की संयुक्त टीम को छानबीन के लिए लगाया था। टीम ने एक सूचना पर बैराज रोड पर दबिश देकर टाटा सफारी वाहन को पकड़ा जिसमें पांच लोग सवार थे जो एमडी परीक्षा में हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर उपलब्ध करा रहे थे। इनमें जींद हरियाणा निवासी अजीत, विकास कॉलोनी रोहतक निवासी अमन शिवाच, पटियाला के सनौरी निवासी वैभव कश्यप, हिसार के पटेलनगर निवासी विजुल गौरा व डिफेंस कॉलोनी हिसार निवासी जयंत शामिल हैं।

ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि अजीत मुख्य आरोपी है, जबकि वैभव कश्यप व अमन शिवाच एम्स में डॉक्टर हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली ऋषिकेश में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रत्येक अभ्यर्थी को एमडी परीक्षा में पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए गए थे। दोनों डॉक्टरों को प्रश्नों को हल करने के एवज में दो-दो लाख रुपये दिए गए थे।

चारधाम यात्रा : 31 तक स्थगित किए गए ऑफलाइन पंजीकरण

देहरादून। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों में चारधाम यात्रा का विश्लेषण किया जाए, देखा जाए कहां कमी रही। यह भी देखा जाए कि यात्रा के दौरान कौन से सराहनीय कार्य किए गए। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन को साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को राज्य के अन्य धार्मिक और पौराणिक स्थलों पर जाने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाला बीएचयू का शोध गलत

नई दिल्ली, एजेंसी

आईसीएमआर ने किया खंडन, अध्ययन से अपना नाम हटाने को कहा

- विश्वविद्यालय और न्यूजीलैंड की पत्रिका को भेजा पत्र
- कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की दी चेतावनी

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड टीका कोवैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गए और इनकी प्रतियां सोमवार को यहां उपलब्ध कराई गईं। बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर द्वारा भेजे गए पत्रों के अनुसार टीकाकरण और गैर-टीकाकरण वाले समूहों के बीच घटनाओं की तुलना करने के लिए अध्ययन में गैर-टीकाकरण वाले व्यक्तियों का कोई उल्लेख नहीं है।

कोवैक्सीन को लेकर जताई गई थी चिंता

हाल ही में किशोरों और वयस्कों में बीबीवीएल 52 कोरोना वायरस वैक्सीन का दीर्घकालिक सुरक्षा विश्लेषण : उत्तर भारत में एक वर्ष के संभावित अध्ययन से निष्कर्ष नामक शोध पत्र के प्रकाशन के बाद कोवैक्सीन टीके को लेकर सुरक्षा पर चिंताएं जताई गई हैं। डॉ. बहल ने कहा है कि आईसीएमआर को बिना किसी पूर्व अनुमोदन या आईसीएमआर को सूचित किए बिना अनुसंधान में शामिल किया गया था, जो अनुचित और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर को इस असंगत अध्ययन से संबद्ध नहीं किया जा सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात: 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

पालिकाध्यक्ष ने लिया पार्क का जायजा

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के परिसर में किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का पालिकाध्यक्ष सना खानम ने जायजा लिया। उन्होंने पार्क की दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित स्लोगन लिखवाने को कहा। माली को पार्क में लगे पेड़ों की देखभाल समय से करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ओवरहेड टैंक की दीवार पर तिथि लिखवाने को कहा।

जिला अस्पताल में पुलिस ने की वाहन चेकिंग

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस ने जिला अस्पताल में खड़े वाहन चेकिंग की। इस दौरान बिना हेडिल लॉक किए खड़े वाहनों को पुलिसकर्मी चौकी ले गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मची रही। ज्ञात रहे कि जिला अस्पताल परिसर में लोग दुपहिया, चार पहिया वाहन इधर-उधर खड़े कर देते हैं। इससे परिसर में जाम लग जाता है और मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों के चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते पुलिस ने चेकिंग की।

भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

व्यापारियों ने बिजली की समस्याओं को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं को लेकर सोमवार को व्यापारियों में उबाल आ गया। व्यापारियों ने बिजली की समस्याओं को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें दुकानों के आगे विद्युत पोल लगाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं व्यापारी पनवाड़िया बिजली घर पहुंचे। अधीक्षण अभियंता की गैर मौजूदगी में एसडीओ सचिन रस्तोगी और एसओ प्रेम कुमार को ज्ञापन दिया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्युत निगम द्वारा विभिन्न बाजारों एवं क्षेत्रों में मनमाने ढंग से लोगों को बिना विश्वास में लिए और बिना किसी पूर्व सूचना के सड़क पर नये पोल खड़े किए जा रहे हैं। तार बदलने का कार्य किया जा रहा है। इससे सड़कों पर अतिक्रमण हो रहा है। घरों और दुकानों से सटा कर एचटी लाइन को खींचा जा रहा है। इससे जान-माल की हानि होने की प्रबल आशंका है।

बजारों के अंदर गलत तरीके से विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। इनसे सड़क संकरी हो रही है। व्यापारियों की दुकानों के आगे पोल लगाए जा रहे हैं। बहुत से व्यापारियों के बिजली मीटर खराब हो गए हैं। उन्होंने मीटर बदलने के लिए कई महीने से प्रार्थना पत्र भी दे रखे हैं। मगर आज तक नए मीटर नहीं लग सके। तमाम व्यापारियों को बिजली के बिलों को बढ़ाकर भेजने की शिकायत है। बिजली घर के लगातार चक्कर लगाने के बाद भी बिल सही नहीं हो पाए हैं। कुछ जगह विद्युत कटौती से व्यापारी बेहद परेशान है। लोगों का कहना है कि बाजारों में सुबह से शाम तक बिजली आती-जाती रहती है। कई-कई घंटे सप्लाई बंद रहती है। बिजली घरों में तैनात कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। गर्मी की वजह से पूरे दिन ग्राहक नहीं आते। शाम को थोड़ी बहुत ग्राहक बजारों में आता हैं बिजली नहीं होने की वजह से वह भी चला जाता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत निगम के अधिकारियों से व्यापारियों की समस्याओं को दूर कराए जाने की मांग की है।

पनवड़िया स्थित बिजली घर में एसडीओ को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

ज्ञापन सौंपने वालों में ये लोग रहे मौजूद

जिला महामंत्री शाहिद शम्सी, नगर अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान, मोहम्मद हारिस शमसी, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, हरीश अरोड़ा, शाहकेब अहमद, इमरान सलीम, बिलाल शमसी, उजैर अहमद, सऊद शमसी, फैसल हबीब, राम गुप्ता, मुकेश आर्य, अनिल अरोड़ा, तौसीफ खान, मोहसिन खान, वाजिद अली, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, इरफान, उस्ताद, कामरान, फुरकान आदि मौजूद रहे।

तन झुलसाती गर्मी में नागरिकों ने सबील लगाकर की समाज सेवा

बिलासपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए समाजसेवी नागरिक दूसरे नागरिकों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी के चलते सोमवार को नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी के सामने सबील लगाई गई। इसमें सुखविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि ने हाईवे से गुजर रहे वाहनों को रोककर उनमें बैठे यात्रियों को शरबत पिलाया।

सोमवार की दोपहर चिलचिलाती धूप में यात्रा कर रहे बच्चों व अन्य यात्रियों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सांस ली। सोमवार को शिद्दत की गर्मी में लोग प्यास से बेहाल थे। उन्हें सबील पर ठंडा शरबत मिलने से काफी सुकून मिला। लोगों ने सबील पर चने का आनंद भी लिया।

दूसरी ओर बाइपास पर सिख समाज ने सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। लोगों की सेवा करने वालों में पलविन्द्र सिंह, जसविंदर सिंह, महबूब अली, रियाज अहमद, सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, रजविंदर कौर, भूपेंद्र कौर सहित आदि शामिल रहे।

प्रतियोगिता के बाद पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

पोस्टर से छात्राओं को लू से बचने के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं को बताया कि गर्मियों में दोपहर 12 से तीन बजे के बीच घर से न निकलें। जरूरी काम होने पर सिर को अच्छी तरह ढंक कर ही बाहर जाएं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी पीते रहें। इन सावधानियों को अपनाकर लू से बचा जा सकता है।

कॉलेज में सोमवार को लू (हीट वेव) पर आधारित निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को हीट वेव से होने वाले नुकसान और बीमारियां से बचाना था। इसके बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन भी हुई। इसमें प्रथम स्थान पर पाने वाली छात्रा को 10,000, द्वितीय को 5000 और तृतीय को 3000 और सांत्वना पुरस्कार 1000 रुपये है।

इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, कल्पना सिंह, प्रगति गोयल, बबीता गुप्ता, सल्तनत, तबस्सुम, अफीफा, खदीजा, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, राधा, सुनीता, बाबू आदि उपस्थित रहे। संचालन नाजिया खान ने किया।

धूमधाम से मनाई जाएगी बुद्ध पूर्णिमा

रामपुर, अमृत विचार : भीम आर्मी संगठन की बैठक ग्राम प्रधान कालीचरण के निवास पर हुई। इसमें संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने कहा कि 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम आंबेडकर पार्क में होगा। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने के अपील की। इस दौरान पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि समाज हित में कार्य करना सबके लिए बहुत महत्व रखता है। समाज हमारे लिए सर्वोपरि है। इस अवसर पर जिला मंत्री राजीव आंबेडकर, प्रिया गौतम, स्वदेश गौतम, रणपाल सिंह गौतम, अंशुमन, अनुभव रितेश बौद्ध शामिल रहे।

सार संक्षेप

मंडी समिति में निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

जिलाधिकारी ने मंडी में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी ने सोमवार को नवीन मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। जिले में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। ईवीएम को नवीन मंडी परिसर में रखने के लिए विधान सभावार स्ट्रांग रूम बनाए गए थे। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने इनका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में रिकॉर्डिंग और सुरक्षा व्यवस्था देखी। बताया कि चार जून को मतगणना होनी है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर से मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है।

15 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों की छुट्टी

रामपुर, अमृत विचार : जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार जायसवाल ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के नियंत्रण में संचालित समस्त परिषदीय स्कूलों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। जनपद के अधिकतर आंगनबाडी केंद्र परिषदीय स्कूलों के परिसर में ही संचालित हैं। जहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री 3-6 आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा तथा अन्य सेवाएं देती हैं। भीषण गर्मी व लू के दृष्टिगत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने 20 मई से 15 जून तक आंगनबाडी केंद्र के बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया है। इस अवधि में बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं होगी। परन्तु आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका केन्द्र पर उपस्थित रहकर अन्य सेवाएं जैसे ड्राई राशन वितरण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियां आदि कार्य करेंगी।

सीएमएस ने किया अस्पताल का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. विनीता चतुर्वेदी ने सोमवार को कई वार्डों का निरीक्षण किया। वह ड्यूटी, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, दवा काउंटर और पैथोलॉजी लैब पहुंची। यहां महिलाएं जांच कराने के लिए खड़ी मिली। इसके बाद उन्होंने चिकित्सकों की बैठक ली। डॉक्टरों को निर्देशित किया अस्पताल में रोगियों को समय से उपचार मुहैया कराया जाए।

पांच घरों में पकड़ी बिजली चोरी

रामपुर, अमृत विचार : बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए सोमवार को पहाड़ी गेट, डूंगरपुर क्षेत्र में टीम ने चेकिंग की। इस दौरान टीम को पांच घरों में चोरी की बिजली जलती मिली। दोनों क्षेत्रों में टीम के आने की सूचना मिलने पर उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। डूंगरपुर बिजलीघर के जेई नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र के बाग छोटे साहब में तीन घरों में मीटर टेम्पर्ड मिले। पहाड़ी गेट के जेई संजीव चौरसिया ने बताया कि मोहल्ला कैथ का पेड़ स्थित दो उपभोक्ताओं केबल बॉक्स में अतिरिक्त तार डालकर चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। मौके पर तार जब्त कर लिया गया। दोनों के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



एक नजर

बंटवारे को लेकर मारपीट चार लोग गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : घरेलू बंटवारे और पैसों के लेन-देन के विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट हुई। मौके पर पहुंची केमरी पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में उदयपुर जागीर गांव निवासी डोरीलाल व उसके पिता छत्रपाल तथा दूसरे पक्ष का योगेश व बमनपुरी गांव निवासी रिश्तेदार राधेश्याम शामिल हैं। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष आमादा फौजदारी हो रहे थे। महिला उप निरीक्षक अंशु ने चारों का शांति भंग में चालान कर दिया।

सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा युवक दबोचा

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर के एक चौक पर खड़े होकर सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे युवक को पुलिस ने दबोचा लिया। उसके पास से 330 रुपये, सट्टा पर्चा, पेन आदि मिले। सोमवार की दोपहर प्रशिक्षु उप निरीक्षक अंकुर कुमार ने उसे मोहल्ला साहूकारा स्थित रजा चौक से पकड़ा गया। इसी चौक के पास रहने वाले गिरफ्तार किया गया आरोपी सैफुजमा है। कोतवाल बलवान सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

राजस्व टीम ने दो डंपर किए सीज

बिलासपुर, अमृत विचार : अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाए गए चेक प्वाइंट पर रविवार की रात दो डंपर पकड़े गए। इन्हें सीज कर दिया गया। बाद में लेखपाल अशोक कुमार व कमलकांत ने इन दोनों वाहनों को पुलिस को सौंप दिया। यह दोनों डंपर सेक्टर-17 में चांदपुर चेक प्वाइंट पर पकड़े गए। दोनों वाहन ओवरलोड व ओवरस्पीड थे। इनके चालक आवश्यक कागजात भी नहीं दिखा पाए। राजस्व टीम की इस कार्रवाई की रिपोर्ट जिलाधिकारी व खनन अधिकारी को भेजी गई है।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

शाहबाद, अमृत विचार : मोहल्ला ज्वाला नगर निवासी मोहम्मद नाजिम व माजिद अली बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। शाहबाद-बिलारी मार्ग पर राणा शुगर मिल के निकट सामने से आ रहे सैफनी थाना क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी नदीम की बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

चुनाव ड्यूटी में गए हेड कांस्टेबल की मौत, परिवार में मचा कोहराम

लोकसभा चुनाव के लिए प्रतापगढ़ में लगी थी विकेश की ड्यूटी

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में प्रतापगढ़ गए शाहबाद थाने में तैनात हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल विकेश कुमार को हालत बिगड़ने पर रात में प्रतापगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान हेड कांस्टेबल ने दम तोड़ दिया। हेड कांस्टेबल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

शाहबाद कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल की प्रतापगढ़ में तबियत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रतापगढ़ से प्रयागराज रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। हेड कांस्टेबल विकेश कुमार (32) मूल रूप से जनपद अमरोहा के मझौला खुर्द के रहने वाले थे। वह शाहबाद थाने में तैनात थे। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि दस मई के लोकसभा चुनाव के लिए प्रतापगढ़ में विकेश की ड्यूटी लगी थी। रविवार देर रात ड्यूटी के दौरान उन्हें बुखार आया। इसके बाद उनकी तबियत बिगड़ने लगी। इस पर साथियों ने उन्हें प्रतापगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तबियत में सुधार न होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कोतवाल ने बताया कि देर रात में ही विकेश कुमार के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही शाहबाद थाने से एक टीम बनाकर प्रयागराज रवाना कर दी है। परिजन भी प्रयागराज के लिए रवाना हो गए हैं।

दो साल पहले हुई थी शाहबाद थाने में तैनाती

मृतक विकेश कुमार मूल रूप से अमरोहा के रहने वाले थे। उनकी तैनाती दो साल पहले शाहबाद थाने में हुई थी। 10 मई को वह लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में प्रतापगढ़ गए थे। विकेश की मौत खबर मिलेत ही उनकी पत्नी और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सिपाही की मौत से पुलिस विभाग में गम का माहौल है। विकेश कुमार 2011 में उत्तर प्रदेश पुलिस में बतौर सिपाही भर्ती हुआ था।

- **देर रात हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में कराया भर्ती, प्रयागराज किया रेफर**
- **उपचार के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम, परिजनों में मचा कोहराम**
- **जनपद अमरोहा के मझौला खुर्द के रहने वाले थे 32 वर्षीय विकेश कुमार**

जीआरपी से दो साल पहले ही सिविल पुलिस में गए थे विकेश

अमरोहा, अमृत विचार : थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव मंझोला खुर्द गांव के रहने वाले किसान दया स्वरूप सिंह के बेटे विकेश कुमार 2011 बैच में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्ष 2013 में उनकी शादी मंडी धनौरा की रहने वाली प्रियंका के साथ हुई थी। सिपाही विकेश कुमार के परिवार में पत्नी के प्रियंका के अलावा एक बेटा और एक बेटी भी है। विकेश जीआरपी से दो साल पहले ही सिविल पुलिस में रामपुर जनपद में तबादला होकर गए थे। सूचना मिलते ही विकेश की पत्नी प्रियंका और छोटा भाई अवनेश प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम व अन्य प्रक्रिया के बाद मंगलवार शाम तक ही उनका शव घर लाया जाएगा। सिपाही विकेश कुमार के पिता के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी। बताया जा रहा है कि विकेश कुमार को तेज बुखार हुआ था।

लापरवाही की शिकायत मिलने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : गोयल

मसवासी, अमृत विचार : नगर व आसपास के गली-मोहल्लों में सफाई व्यवस्था बदहाल रहने की शिकायत पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मियों की बैठक ली। कहा कि लापरवाही की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

मुख्य बाजार सहित मोहल्ला भूबरा और चाऊपुरा में सफाई व्यवस्था बदहाल है। गली-मोहल्लों में जगह-जगह कूड़े-कचरे के ढेर लगे हैं। नाले-नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। शिकायत मिलने पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने सफाईकर्मियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सफाई कर्मियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण ट्रैक्टर-ट्राली न निकलने एवं जाम की स्थिति बन जाने से समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिकायत भी की जा चुकी है। चेयरमैन ने शीघ्र ही अतिक्रमण पर कार्रवाई करने की बात कही है।

डूंगरपुर के तीन मामलों में 24 मई को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डूंगरपुर के तीन मामलों में कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें एक मामले में बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में कागजात पेश किए गए। अन्य दो मामलों में सुनवाई हुई। अब तीनों मामलों में 24 मई की तारीख लग गई है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

भाजपा सरकार में 2019 में गंज थाने में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने कई मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोप है कि बस्ती को खाली कराने के नाम पर उनके साथ लूटपाट व मारपीट की गई। इस मामले में सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। इस तरह के दो मामलों में कोर्ट आजम खां को बरी कर चुका है जबकि एक मामले में सजा हो चुकी है। डूंगरपुर से जुड़े तीन मामलों में सोमवार को सुनवाई हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि डूंगरपुर के एक मामले में बचाव पक्ष ने कुछ कागजात कोर्ट में पेश किए। इसके अलावा दो अन्य मामलों में भी सुनवाई हुई। अब इस मामले में 24 मई को सुनवाई होगी।

यतीमखाने के एक मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने के एक मामले में पत्रावली गवाही में लगी हुई थी। इसमें सोमवार को गवाह जसपाल सिंह से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई एक जून को होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2019 में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस दौरान यतीमखाने से जुड़े कई मामले दर्ज किए गए थे। इनमें सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन हैं। पिछली तारीख पर यतीमखाने से जुड़े एक मामले में एमपी एमएलए सेशन कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने गवाह से जिरह नहीं की थी। कोर्ट ने सपा नेता आजम खान, आले हसन, इस्लाम ठेकेदार, वीरेंद्र गोयल पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया था। इस मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। गवाह जसपाल सिंह से जिरह की गई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में एक जून को सुनवाई होगी।

गांव शहपुरा में बकाएदारों से बात करते नोडल अधिकारी तीरथ सिंह। ● अमृत विचार

बकाया जमा नहीं करने पर की जाएगी घर की कुर्की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक से लिए गए ऋण को उपभोक्ताओं ने जल्द ही जमा नहीं किया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं उनके घर की कुर्की भी की जाएगी।

बैंक के सचिव, मुख्य कार्यापालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर नोडल अधिकारी तीरथ सिंह के नेतृत्व में गांव शहपुरा, तार का मझरा और नूरपुर में वसूली के लिए टीम गई। मुख्य कार्यापालक ने बताया कि बैंक की 29 शाखाओं, 64 सहकारी समितियों के नोडल अधिकारियों को नियुक्त कर ऋण वसूली के लिए टीमों का गठन किया गया है। बकाएदारों को नोटिस देकर एक सप्ताह के अंदर कर्जा जमा कराने को कहा जा रहा है। वसूली अभियान 30 जून तक चलेगा। बकाएदारों को चेतावनी दी गई है कि बकाया जमा नहीं करने पर रिकवरी वारंट जारी किए जाएंगे।

अपहृता बरामद, अरोपी महिला भी पकड़ी

सैफनी, अमृत विचार : ईंट भट्ठे से अपहृत मजदूर की नाबालिग पुत्री को पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालांकि समाचार लिखे तक इस मामले रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी है। पुलिस ने आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया है।

तीन दिन पूर्व नगर के एक मोहल्ला निवासी ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें आरोप लगाया था कि वह अपनी पुत्री के साथ भट्ठे पर रहकर काम करता है। शुक्रवार रात भट्ठे पर काम करने वाला एक व्यक्ति उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गया था।

पीड़ित ने अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप भट्ठे पर काम करने वाले ठेकेदार की पत्नी पर भी लगाया था। पीड़ित पक्ष ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने किशोरी को पानीपत से बरामद कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

पदाधिकारी से अभद्रता पर भड़के किसान

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : देर रात कोयला टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं संग लौट रहे भाकियू पदाधिकारी से टोलकर्मी द्वारा अभद्रता पर किसान भड़क गए। उन्होंने टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

रविवार की देर रात भाकियू लोकशक्ति के मुरादाबाद के जिला महामंत्री मोहम्मद मेराज कार्यकर्ताओं के साथ मुरादाबाद की ओर से लौट रहे थे। रात करीब एक बजे कोयला टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की वसूली को लेकर उनका कर्मचारी से विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान कर्मचारी ने भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से अभद्रता कर दी। इसकी सूचना पर भाकियू कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। सोमवार की शाम करीब पांच बजे भाकियू लोकशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष दानिश चौधरी के नेतृत्व में तमाम किसान कोयला टोल प्लाजा पर पहुंच गए। टोल कर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। टोल प्लाजा पर किसानों के हंगामे की सूचना पर थानाध्यक्ष निशा खटाना भी मौके पर पहुंच गईं। भाकियू पदाधिकारियों व टोल प्रबंधन से वार्ता कर दोनों पक्षों को समझाया। टोल कर्मियों ने भविष्य में अभद्रता न करने का आश्वासन दिया। इस पर भाकियू कार्यकर्ता लौट गए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि टोल कर्मी व प्रबंधन पर अभ्रदता का आरोप लगाते हुए भाकियू कार्यकर्ता हंगामा कर रहे थे। दोनों पक्षों से वार्ता कर समझौता करा दिया है। किसान नेता भी संतुष्ट होकर लौट गए हैं। फुरकान, अरमान, डॉ. आमिर खान, यासीन अली, नसीम पहलवान, नदीम चौधरी आदि मौजूद रहे।

हंगामा कर रहे भाकियू कार्यकर्ताओं से वार्ता करतीं थानाध्यक्ष निशा खटाना।

शादी से इंकार करने पर प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट

मिलक, अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के बाद शादी से इंकार करना प्रेमी को भारी पड़ गया। प्रेमिका ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरी में बताया कि क्षेत्र के बेहटरा गांव निवासी सुभाष उसके गांव में आता-जाता था। इस दौरान वह उसका पीछा करता था। गांव में आते-जाते उसने तरह-तरह के कृत्य कर युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया।

प्रेम-प्रसंग के बाद युवक ने युवती के साथ कई बार अश्लीलता की और शारीरिक शोषण भी किया। युवती ने शादी के लिए कहा तो युवक ने साफ इंकार कर दिया। इससे क्षुब्ध युवती ने युवक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी सुभाष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पिता ने दोस्त व उसकी पत्नी पर लगाया बेटे की हत्या का आरोप

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : पीओपी कारीगर को दफन करने के बाद पिता ने पैसे के लेनदेन को लेकर उसके दोस्त और दोस्त की पर हत्या करने आरोप लगाया है। मृतक के पिता ने अपने बेटे के दोस्त और उसकी पत्नी को नामजद करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कराई जाएगी।

कोतवाली के गांव खेमपुर रसूलपुर निवासी सलमान पीओपी का काम करता था। 18 मई को सलमान का शव साप्ताहिक बाजार के निकट सरकारी हैंडपंप के पास मिला था। परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया था। सोमवार को मृतक के पिता मुजीबुर्रहमान ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि उनका बेटा सलमान और गांव का शब्बू पीओपी का काम करते थे। काम के पैसों को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। शब्बू व उसकी पत्नी ने बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी।

सलमान अपनी मां के साथ 18 मई को गांव की मजार पर उर्स देखने गया था। मेले से सलमान को शब्बू बुलाकर ले गया था। शब्बू ने देर रात उसकी मां को बताया कि सलमान बाजार में नल के पास पड़ा है। वहां जाकर देखा तो सलमान की मौत हो चुकी थी। उनका आरोप है कि उसके शरीर पर चोट व गले पर रस्सी का निशान था। उनका आरोप है कि दंपती ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके बेटे की हत्या की है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

शिक्षकों को संगठित होने की आवश्यकता : चंद्रपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि परिवार की एकता को बनाए रखने के लिए सभी साथियों को त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है। संगठन में शक्ति होती है। इसलिए शिक्षकों को एकता के साथ संगठित होने की आवश्यकता है।

राजकीय शिक्षा संघ उत्तर प्रदेश जिला इकाई के तत्वावधान में माला रोड स्थित सुहाग पैलेस में इस वर्ष सेवानिवृत हुए छह राजकीय शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य का विदाई एवं सम्मान समारोह हुआ। राजकीय बाकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रवक्ता डॉ अनीस अहमद, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज की पूनम सक्सेना, राजकीय इंटर कॉलेज शाहाबाद के वृंदावन एवं हरिद्वारी लाल श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि व पूर्व प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजकीय शिक्षक संघ ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि असरार अहमद ने कहा कि हमें कभी भी सेवानिवृत होकर अपने दायित्व से विमुख होने की आवश्यकता नहीं है। बस कार्य का क्षेत्र बदल जाता है। स्वतंत्र भाव से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। सभी लोग स्वस्थ रहें और मस्त रहें ऐसी कामना करते हैं।

मुख्य वक्ता राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता बंडूराम गंगवार ने कहा कि व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह कर जीवन को जीना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वित्त का उचित प्रबंध कर सेवानिवृत्ति के बाद जीवन को आदर्श रूप से जीने के प्रति संकल्प लेना चाहिए। राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राज्य की हमीद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरविंद कुमार गौतम एवं राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी के संयोजन एवं संघ के जिला अध्यक्ष रामचंद्र श्रीवास्तव के देखरेख में कार्यक्रम हुआ।

विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

यह लोग रहे मौजूद

राजकीय शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह में डॉक्टर फैजान सईद, अतुल कुमार, लालता प्रसाद गंगवार, राज कुमार, रमेश चंद्र गंगवार, अतहर अहमद, सुधीर कुमार यादव, रशीद मियां, शिव शंकर, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, वंदना शर्मा, डॉक्टर अनीता चौहान, योगेंद्र पाल सिंह, सुभाष चंद्र, जुगल किशोर, डॉक्टर अनूप कुमार, जमील अहमद, बनवारी लाल, अवधेश कुमार, आदि शिक्षक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अरविंद कुमार गौतम एवं जिला अध्यक्ष रामचंद्र श्रीवास्तव ने किया।

सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, मिलक

- **दूसरे की हालत गंभीर, मिलक का मामला**

अमृत विचार : शुक्रवार की रात सड़क हादसे में घायल हुए युवक की रविवार की देर रात मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे बरेली से मुरादाबाद ले जा रहे थे। मुरादाबाद पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए उसके दोस्त की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

शुक्रवार की रात क्षेत्र के अशोकपुर के निकट स्थित गांव बेगमाबाद निवासी 20 वर्षीय विशेष गांव के ही दोस्त आकाश के साथ बहन के घर रुद्रपुर जाने के लिए निकला था। देर रात करीब नौ बजे सिहारी गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें विशेष और आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

नगर के सरकारी अस्पताल लेकर डाक्टर ने दोनों का उपचार करने के बाद हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां से भी दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर विशेष को रविवार की रात मुरादाबाद रेफर कर दिया गया था। मगर मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते मे विशेष की मौत हो गई।

विशेष की मौत से घर में कोहराम मच गया। सोमवार को विशेष की मौत की खबर परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर नाजुक हालत देखते हुए चिकित्सकों ने आकाश को भी दिल्ली रेफर कर दिया है।

योजना जिलाधिकारी ने दिए 15 जून तक गड्ढा खोदाई का कार्य पूरा करने के निर्देश

पर्यावरण संवारने को 27 विभाग लगाएंगे 25 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पर्यावरण संवारने को जिले में 27 विभाग मिलकर 25,23,000 पौधे लगाएंगे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि पौधरोपण के लिए चिन्हित स्थलों की खंभों और तारों से बैरिकेडिंग कराई जाए। ताकि पौधों की बेहतर देखभाल हो सके। प्रत्येक विभाग 15 जून तक गड्ढे खोदने का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। गड्ढा खोदाई की विभागवार साप्ताहिक रिपोर्ट भी प्रेषित करें।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिले के 27 विभागों के लिए 25,23,000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य पूरा करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक करके विभागवार समीक्षा की। इस दौरान एआर कोऑपरेटिव तथा जिला उद्यान अधिकारी के गैर हाजिर रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि ग्राम्य विकास विभाग और पंचायती राज विभाग को शासन स्तर से सर्वाधिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए इन विभागों से संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह व्यापक स्तर पर तैयारी करें। यह तय करें कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण हो। उनकी देखभाल के लिए भी पर्याप्त प्रबंध किए जाएं।

डीएफओ राजीव कुमार ने बताया कि शासन स्तर से इस बार जनपद के चिन्हित विद्यालयों में बाल वन एवं युवा वन के रूप में बल्क प्लांटेशन के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा चिन्हित स्थलों पर रक्षाबंधन के अवसर पर भाई बहनों से भी पौधरोपण कराया जाएगा। मिलक में आठ हेक्टेयर वाले दो वेटलैंड्स में पौधरोपण कराने की भी योजना है।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक में बोलते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

स्वार और बिलासपुर में लगेंगे 32 हजार पौधे

मित्रवन कार्यक्रम के तहत स्वार और बिलासपुर में उत्तराखंड की सीमा से लगे हुए क्षेत्र में 32,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए उत्तराखंड के संबंधित डीएफओ से समन्वय किया जा रहा है। सैंजनी और पीलाखार नदी के तट पर भी 80,000 पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी राजीव कुमार, डीसी एनआरएलएम मंशाराम यादव, एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार ने वाहनों की रायल्टी को किया चेक

मसवासी, अमृत विचार : स्वार के नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए टीम के साथ खनन के वाहनों को चेक किया। इस दौरान कोई भी वाहन अवैध खनन या ओवरलोड नहीं मिला।

नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने सोमवार की शाम दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग के मसवासी चौराहे पर पट्टीकलां की ओर आने वाले खनन के वाहनों को रोककर उनकी रॉयल्टी सहित खनन से संबंधित दस्तावेज जांचे। इससे खनन भरे वाहनों के चालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान उन्हें कोई भी वाहन ओवरलोडिंग या अवैध खनन से भरा नही मिला। इस दौरान चौकी इंचार्ज रोहित कुमार, जहीन आलम आदि मौजूद रहे।

जीपीएल के कर्मचारी पर फायरिंग, बाल-बाल बचा

संवाददाता, बिलासपुर

- **घटना से मौके पर फैली सनसनी हमलावर हुए फरार**
- **बिलासपुर क्षेत्र में हुई घटना की जांच कर रही पुलिस**

अमृत विचार : क्षेत्र के टैमरा गांव स्थित जीपीएल फैक्ट्री के एक कर्मचारी पर किसी ने फायरिंग कर दी। उस समय वह फैक्ट्री से निकल रहा था। फायरिंग से कर्मचारी बाल-बाल बच गया। इसके बाद हमलावर मौके से भाग गए। इस घटना से मौके पर सनसनी फैल गई।

घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। चौकी प्रभारी ने ग्राम प्रधान सरप्रीत कौर के पति जगरूप सिंह से भी बात की। बताया जाता है कि टैमरा गांव का ही रहने वाला 25 वर्षीय सागर जीपीएल की नई बन रही यूनिट में राज मिस्त्री है। रविवार की रात फैक्ट्री से छुट्टी के बाद वह अन्य कर्मचारियों के साथ बाहर निकल रहा था। तभी कुछ लोग आए और उस पर अंधाधुंध फायर झोंक दिए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने तीन फायर किए गए, परंतु सागर बाल-बाल बच गया। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। घटना का कारण पता नहीं चल सका है। पीड़ित सागर ने बताया कि उसे खुद समझ नहीं आ रहा कि उस पर किसने और क्यों हमला किया। चौकी प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है कि फायरिंग हुई भी या नहीं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि कोई तहरीर नहीं मिली हुई है। ऐसी कोई घटना भी उनके संज्ञान में नहीं है।

ई-रिक्शा से टकराया बाइक सवार, घायल

रामपुर, अमृत विचार: मंडी समिति के पास बाइक सवार ई- रिक्शा से टकरा गया। इसमें बाइक सवार जख्मी हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

अजीमनगर निवासी मोहन शहर आ रहा था। मंडी के पास आगे चल रहे ई-रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए। पीछे चल रहा बाइक सवार ई-रिक्शा से टकरा गया।

10 वाहनों के काटे चालान : ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 10 वाहनों के चालान काटे। इस दौरान वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उसी के चलते सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर बरेली गेट पर करीब 10 वाहनों के चालान काटे। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया।

एक नजर

ईरान के राष्ट्रपति को पेश की खिराजे अकीदत

रामपुर, अमृत विचार : ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैयद इब्राहीम रईसी और ईरान के वजीरे खारजा हुसैन अमीर अब्दुल हय्यान समेत हेलीकॉप्टर के क्रेश होने पर शहीद हुए नौ लोगों को खिराजे अकीदत पेश की गई। शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि हम खुदा बंदे आलम की बारगाह में दुआ करते हैं कि खुदा तमाम शहीदों के दरजात बुलंद करे और उन्हें जन्नत में आला मुकाम अता फरमाए। शहीदों के परिजनों और ईरान की जनता को यह सदमा सहन करने की अल्लाह ताकत दे।

अंडों से भरी ई-रिक्शा में कैंटर ने मारी टक्कर

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बिजारखाता में सोमवार की सुबह अंडों से भरी ई-रिक्शा में पीछे से तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा चालक सलामत हुसैन निवासी ग्राम बिजारखाता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने घायल ई-रिक्शा चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक कैंटर लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

पुलिस ने शांतिभंग में आरोपी का किया चालान

सैफनी, अमृत विचार : टैंट में लाइट लगाने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने शांतिभंग करने की आशंका में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। क्षेत्र के धनौरा गांव निवासी रोविंस ने सोमवार को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि चंद्रपुरा खुर्द गांव निवासी जसवंत पुत्र रामरतन ने टैंट में लाइट लगाने की बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने रोविंस की ओर से मिली तहरीर के आधार पर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए जसवंत का चालान कर दिया है।

फर्जी अस्पतालों पर की जाए कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े किसान सीएमओ कार्यालय पर गरजे। प्रदर्शन करने के बाद फर्जी अस्पतालों को बंद कराने संबंधी छह सूत्रीय ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह को सौंपा। फर्जी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर 27 मई से सीएमओ कार्यालय पर अनश्चितकालीन धरने की चेतावनी भी दी। इससे पहले किसानों ने फर्जी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी लैब को लेकर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

सोमवार की दोपहर किसान सीएमओ कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की खामियों को गिनाया और सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि

● अस्पतालों पर कार्रवाई न होने पर दी 27 मई से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

फर्जी अस्पतालों की जांच कराई जाए। जिसके नाम रजिस्ट्रेशन है, वह डॉक्टर बैठता है या नहीं इसकी कैमरे लगाकर जांच की जाए। डॉक्टर की जगह टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। पैथोलॉजी लैब पर भी बिना पंजीकरण बिना अनुभव के गरीबों को लूटा जा रहा है।

चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो किसान 27 मई को सीएमओ कार्यालय पर अनिश्चितकाल धरना देंगे। धरने के दौरान किसी भी किसान, मजदूर व कार्यकर्ता की जान-माल के नुकसान का जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग होगा।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव हारून खान, हड़ताल सिंह यादव, भानु प्रताप गंगवार, शादाब खान, मोहम्मद अदीब, रोहित कुमार, शराफत खान, महबूब मियां, इरफान खान, यासीन खान, खलीफा खान आदि शामिल रहे।

शिक्षकों ने एनपीएस कटौती की समस्या को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

एनपीएस नहीं कटने से हो रहा आर्थिक नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि सभी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) धारक शिक्षकों का अक्टूबर 2023 से अप्रैल 2024 तक सात माह का अंशदान कटौती के बाद भी लाभार्थी के एनपीएस एकाउंट में समायोजित नहीं हुआ है। उन्होंने एनपीएस एकाउंट में जमा कराने की मांग की।

बेसिक स्कूलों के शिक्षकों ने सोमवार जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि एनपीएस की राशि वर्तमान बाजार भाव की निवल परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) पर निर्भर करती है। इससे एनपीएस धारक शिक्षकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। इससे पूर्व भी कई माह की राशि एनपीएस धारकों के खातों में समायोजित होने से रह गई है। इसे जल्द से जल्द उनके खातों में भेजा जाए।बहुत से एनपीएस धारक शिक्षकों के एकाउंट में विभिन्न कमियां जैसे फोन नंबर, ईमेल, स्थाई पता, नॉमिनी अपडेट व प्रोफाइल अपडेट इत्यादि की भी समस्याएं आ रही हैं। मई 2023 में बहुत से एनपीएस धारक शिक्षकों के बिना उनकी अनुमति के फंड मैनेजर परिवर्तित कर दिए गए थे। एसबीआई, एलआईसी जैसे

● कई माह की धनराशि भी नहीं हुई है समायोजित

सरकारी संस्थानों से एनपीएस की धनराशि निकाल कर एचडीएफसी जैसी प्राइवेट संस्थान को सौंप दी है।

उन्होंने मांग की कि एनपीएस की धनराशि समय से उनके खातों में भिजवाई जाए। ताकि एनपीएस धाराक शिक्षकों को उनके एनपीएस अंशदान का भुगतान समय से होना हो सके। ज्ञापन देने वालों में मोईन मियां, नरेंद्र सैनी, मोहित सक्सेना, अमित पाल, कुलभूषण गौतम, नितिन राजपूत, अमितेश झा, रवि शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, ललित चौधरी, मुकेश कुमार, प्रफुल गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रभाकर गौतम, मनोज निमेश मौजूद रहे।

तालाबों की भूमि पर बना लिए मकान

कब्जेदारों ने गायब कर दिए नगर के अधिकतर तालाब, खेतों में भर रहा पानी

संवाददाता, शाहबाद

शाहबाद के ग्राम रुस्तमपुर में तालाब की भूमि पर कब्जा कर बने मकान और इसकी वजह से खेतों में भरा पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर तालाब की भूमि पर कब्जा करके लोगों ने पक्के मकान बना लिए हैं। जबकि जल संरक्षण के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन, कब्जाधारक सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। जल संरक्षण के लिए तालाबों को पुनर्जीवित करने के लिए सौंदर्यीकरण के निर्देश हैं। लेकिन नगर में अधिकतर तालाब ही गायब कर दिए गए हैं।

लोगों ने तालाबों को पाटकर कब्जे और फिर तालाब की भूमि पर मकान भी बना लिए। इसके चलते तालाबों का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। इसे मिलीभगत ही कहा जाएगा कि सौंदर्यीकरण के निर्देश को लंबा समय बीत गया, लेकिन तहसील क्षेत्र के अधिकतर तालाबों का अधिकारी चिह्नीकरण ही नहीं करा पाए।

देश की सर्वोच्च अदालत का आदेश है कि तालाब की भूमि को किसी भी अन्य इस्तेमाल में नहीं लिया जा सकता। जहां तालाब हैं वहां हर हाल में तालाब ही रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए तहसील क्षेत्र में अधिकतर तालाबों पर कब्जे कराकर मकान बना लिए हैं। अगर कब्जा नहीं हो पाया तो तलाब का पटान करा दिया है। भू-गर्भ में जल स्तर गिर रहा है। इसके चलते प्रदेश सरकार जल संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सोमवार को अमृत विचार की टीम ने इसकी पड़ताल की तो हकीकत सामने आई।

> जहां भी अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही है, वहां कार्रवाई कराई जा रही है। अभियान भी चल रहा है। जहां अवैध कब्जा संज्ञान में आएगा उसे तत्परता के आधार पर हटाया जाएगा। तालाब पर कब्जा किया है तो खुद हटा लें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।
>
> –सुनील कुमार
> उपजिलाधिकारी, शाहबाद

केस-1

गाटा संख्या 248 रकबा नगर के भीतरगांव में स्थित है। वर्षों पहले पटान के बाद तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया गया। मौजूदा समय में यहां इमारत खड़ी है। एसडीएम ने कार्रवाई भी कराई थी, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कब्जा अभी भी बरकरार है।

केस-2

रुस्तमपुर गांव में तालाब पर अवैध कब्जा कर भवन खड़े कर लिए गए। अवैध कब्जे के चलते तालाब का पानी खेतों में घुस जाता है। इससे फसल खराब हो जाती है। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। शिकायतों के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। लेखपाल पर भी साठगांठ के आरोप लगे थे।

केस-3

मित्तरपुर गांव में गाटा संख्या 86, 528, 552, 556 एवं 616 पर अवैध कब्ज कर भवन निर्माण हो गए। शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप यह भी लगे कि लेखपाल व मनरेगा के अधिकारियों ने अवैध कब्जे कराए थे।

केस-4

नगर में मोती झील के नाम से जाने जाना वाला तालाब गाटा संख्या 474/1 लगभग पूरी तरह भूमाफिया के कब्जे में है। कई बार पैमाइश हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। वर्तमान में मोती झील का नामोनिशान ही मिट गया है।

व्यापारियों ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन भेजे

संवाददाता, बिलासपुर

स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : व्यापारियों ने रेलवे स्टेशन का दो नंबर प्लेटफार्म बनवाने और काठगोदाम-लालकुंआ से चलने वाली ट्रेनों का शेड्यूल बदलवाने की मांग को लेकर स्टेशन मास्टर की मार्फत मंडल रेल प्रबंधक को दो ज्ञापन भेजे हैं।

सोमवार की दोपहर बाद उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल व नगराध्यक्ष सुदर्शन मदान के नेतृत्व में केमरी रोड स्थित रेलवे स्टेशन पहुंचे। इसके बाद उन्होंने स्टेशन मास्टर अवधेश कुमार को पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर बरेली के मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित दो ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि ट्रेन संख्या 122007/08 काठगोदाम से एवं ट्रेन संख्या 15016/16 लालकुआं से सप्ताह में दो ट्रेन मिलने से काफी सुविधा हो जाएगी। ट्रेन संख्या 14615/16 प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से काशीपुर होकर मुरादाबाद, चंडीगढ़, अमृतसर तक जाती है। उनकी मांग है कि ट्रेन संख्या 14615/16को लालकुआं से न चलाकर काशीपुर/रामनगर से लालकुआं, रुद्रपुर-बिलासपुर एवं रामपुर होते हुए मुरादाबाद से अमृतसर चलाई जाए।

दूसरे ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की कि रेलवे स्टेशन पर एक तरफ ही प्लेटफार्म है। जबकि यहां कई ट्रेनों को पास करने के लिए एक नंबर प्लेटफार्म पर गाड़ी खड़ी होती है। इस कारण दूसरी ट्रेन को बीच वाली लाइन पर खड़ा कर दिया जाता है और दूसरी तरफ माल गाड़ी माल उतारने के लिए खड़ी रहती है। इससे बुजुर्ग, रोगी, दिव्यांग एवं बच्चों को परेशानी होती है और दुर्घटना भी होती हैं। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर दो बनवाने की मांग की। इस मौके पर राजीव कुमार, जोगपाल सिंह, हाफिज ताहिर, शिशुपाल सिंह, अंशुल अग्रवाल, सारंग अग्रवाल, दुष्यंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने की आरोपों की जांच

संवाददाता, बिलासपुर

सभासदों से जानकारी लेते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पालिका के सभासदों व ईओ के बीच चली आ रही तनातनी को लेकर डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने सोमवार को कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभासदों से वार्ता की और ईओ पर लगाए गए आरोपों की गहनता से जांच भी की।

सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने सभागार में चेयरमैन चित्रक मित्तल और सभासदों की बैठक ली। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह पर आरोप लगाया कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद वह कभी कभार ही कार्यालय आते हैं। बिना बताए अवकाश पर चले जाते हैं। सभासद और आने जनता इससे काफी परेशान हैं।

सभासदों ने यह आरोप भी लगाया कि जन्म व मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ रहे हैं। उनका आरोप है कि ईओ का रवैया सभासदों के साथ जनता के साथ भी अच्छा नहीं है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले समस्याओं को लेकर ही सभासदों व ईओ के बीच नोकझोंक हुई। मगर ईओ अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं ला रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने आक्रोशित सभासदों को आश्वस्त करते हुए सभागार में ही ईओ द्वारा तीन महीने में किए गए कार्य की गहनता से जांच की। बताया कि वह इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजेंगे। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, परवेज खां मामू, मोहसिन खां, जाकिर हुसैन, इमरान खां, फैजान खां, जिया खां, नाजिम खां, राजू तनेजा, नावेद खां, परमजीत कौर पोला, अमन वर्मा, रीतू कुमारी, साधना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

> सभासदों की नाराजगी के बाद उन्होंने ईओ के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की थी। डीएम के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने सभासदों की समस्याएं सुनीं और ईओ के खिलाफ की गई शिकायत की जांच की।
>
> –चित्रक मित्तल, चेयरमैन

छठी बार निर्विरोध यूथ बार अध्यक्ष बने मनोज

● अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से हुआ पदाधिकारियों का चयन

संवाददाता, शाहबाद

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोमवार को यूथ बार एसोसिएशन की 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अधिवक्ता मनोज भारद्वाज लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए। अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया। अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

गौरतलब है कि यूथ बार का गठन 2011 में किया गया था। पंजीकरण 2019 में हुआ था। तभी से मनोज भारद्वाज लगातार निर्विरोध अध्यक्ष चुनते आ रहे हैं। पहली टर्म में मनोज तीन साल के लिए चुने गए। इसके बाद लगातार निर्विरोध अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। उनके अध्यक्ष बनने से समर्थकों में खुशी की लहर है। बताया कि 28 मई को शपथ ग्रहण का कार्यक्रम हो सकता है।

यह है यूथ बार कार्यकारिणी

वसीम खां महासचिव, निधि गोपाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिनव श्रीवास्तव व जुबैर खां कनिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज बाबू कोषाध्यक्ष, सौरभ कुमार सचिव, रोहित कुमार संयुक्त सचिव प्रशासन, घनेंद्र सिंह लाइब्रेरियन, रेहान खां मीडिया प्रभारी, गौसिया जमाल संयुक्त सचिव प्रवक्ता, लव कुमार सिंह को संयुक्त सचिव संगठन बनाया गया है। वहीं, एल्डर कमेटी में तकरीर-उर-रहमान, विवेक कुमार पाण्डेय एवं मुक्त शर्मा को शामिल किया गया है। संरक्षक मंडल में अनुपन जौहरी, सुरेश बाबू गुप्ता एवं आनन्द पाल सिंह राजपूत शामिल हैं।

परेशानी बाजार में तरबूज छह, खीरा पांच और खरबूजा बिक रहा 20 रुपये प्रतिकिलो, नहीं लौट रही लागत

तरबूज-खरबूजे के दाम कम मिलने पर किसान मायूस

शकील मलिक, मसवासी

तरबूज दिखाते किसान ● अमृत विचार

अमृत विचार : कोसी खादर क्षेत्र में पालेज से दाम कम मिलने के कारण उत्पादक निराश हैं। फसल तैयार करने में लागत अधिक आई है लेकिन, आमदनी कम हो रही है। किसानों का कहना है कि तरबूज और खरबूजे के दाम ने उन्हें परेशानी में डाल दिया है। पालेज उत्पादकों का कहना है कि काफी मशक्कत के बाद पालेज को तैयार किया जाता है। लेकिन, बाजार में फसल को भाव नहीं मिल रहा है।

नगर से सटे बेलवाड़ा और चौहद्दा के जंगल में कोसी नदी बहती है। नदी के आसपास अकबराबाद तक काफी संख्या में किसान तरबूज, खरबूजा, खीरा, टमाटर, करेला समेत अन्य फसलें उगाते हैं। पालेज को पानी लगाना किसी चुनौती से कम नहीं है। कोसी नदी के आसपास अवैध खनन के चलते बोरिंग सूख गए हैं। इसलिए फसलों की सिंचाई के लिए पानी के लाले पड़ गए हैं। किसानों को काफी मेहनत करके कोसी नदी से कनस्तर में पानी भरकर पौधों की जड़ों में डालना पड़ता है। समय-समय पर खाद-बीज और कीटनाशकों से बचाव के लिए स्प्रे किया जाता है। तरबूज और खरबूजे की फसल में आई भारी भरकम लागत के बाद किसानों को उनके भाव नहीं मिल रहे हैं। इस समय मंडी में तरबूज छह रुपये, किलो खीरा पांच रुपये किलो और खरबूजा 20 रुपये किलो बेचने को विवश हैं। क्षेत्र में पालेज का रकबा करीब 500 एकड़ है।

● फसल पर आई है अधिक लागत और आमदनी हो रही कम

खनन के वाहन भी बन रहे नुकसान का कारण

मुंशीगंज निवासी किसान हनीफ का कहना है कि वह कई वर्ष से पालेज उगाते हैं। काफी मशक्कत के बाद फसल को तैयार करते हैं। इसके बाद भी भाव न मिलने से पालेज उगाना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। कुछ किसानों का कहना है कि अवैध खनन के चलते उन्होंने पालेज करना बंद कर दिया है अवैध खनन करने वाले वाहन उनकी फसल को रौंद देते हैं। किसानों की शिकायत पर अधिकारी सुनवाई नहीं करते हैं।

पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

बिजली नहीं मिलने पर भड़के किसान

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाकर संगठन में किसानों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को शेड्यूल के हिसाब से बिजली देने की मांग की।

भाकियू अराजनैतिक के नेतृत्व में पंचायत ग्राम हरदुआ में राकेश गंगवार के आवास पर बैठक हुई। इसमें कई किसानों ने संगठन की सदस्यता ली। राकेश कुर्मी को न्याय पंचायत अध्यक्ष कपनेरी और राकेश कुमार को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। कहा कि केमरी और सिहारी बिजली घर से जुड़ी ट्यूबवैल की लाइन जुड़ी हैं। यहां बिजली मात्र दो-तीन घंटे बिजली मिल रही है। सरकार का आदेश है ट्यूबवेल को बिजली 10 घंटे दी जाए। अधिकारी किसानों को पूरी बिजली दें। वरना भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी। पंचायत में प्रमोद गंगवार, सुन्दर लाल गंगवार, अमन गंगवार, रविन्द्र गंगवार, जगतार सिंह, रेवती नंदन गंगवार, बिनोद गंगवार, प्रमोद सिंह गंगवार, राज गंगवार, मान सिंह गंगवार, ललित गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

गर्मी के चलते अधिवक्ता दो दिन रहेंगे न्यायिक कार्य से विरत

रामपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते अधिवक्ताओं दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। कुछ दिनों से गर्मी बढ़ती जा रहा है। इस भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं को भी काम करना भारी पड़ रहा है। इसके चलते सोमवार को बार सभागार में एक बैठक हुई। इसमें बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि कड़ी गर्मी के कारण अधिवक्ता दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर महासचिव शिव नरेश तोमर, सौरभ सक्सेना, कुलदीप कुमार पांडेय, मोनिस खां मौजूद रहे।

आंधी से उखड़े होर्डिंग्स, फ्लैक्स

रामपुर,अमृत विचार : सोमवार की रात दस बजे आंधी चलने से शहर के अधिकतर क्षेत्रों में लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स उखड़ गए। शहर की कई मोहल्लों की आपूर्ति भी उपकेंद्रों से बंद कर दी गई। आंधी चलने से बागों में आम भी टूटकर गिर गया जिसके चलते बागवानों को काफी नुकसान होने का अनुमान है। भीषण गर्मी में लोग दिनभर पसीने में तर-बतर होते रहे। लोगों का हाल-बेहाल हो गया। हवा चलने के कारण लोग बीच रास्ते में ही रुक गए। रात भर मौसम सुहाना रहा। देर रात मामूली रुप से बूंदाबांदी भी हुई।

चाकू चौक की सड़क के गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन

काफी दिन से खस्ताहाल है सड़क की हालत, अधिकारी नहीं ले रहे सुध, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चाकू चौक की सड़क पर गहरे गड्ढे हैं। इनमें पर्यटकों के वाहन हिचकोले खा रहे हैं। पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग भी खस्ताहाल सड़क से परेशान हैं। सड़क खराब होने के कारण बिलासपुर गेट से चाकू चौक की दूरी को तय करने में पर्यटकों को काफी समय लग रहा है। सड़क में बने गड्ढों में पानी भरा है। सड़क की हालत सुधारने की अधिकारी सुध नहीं ले रहे है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

चाकू चौक से बाईं ओर भमरौआ रोड होते शहजादनगर तथा दाईं ओर खौद होते स्वार की ओर रास्ता जाता है। चौराहे के सामने वाली सड़क बिलासपुर गेट और चौराहे के पीछे वाली सड़क बिलासपुर की ओर जाती है। चाकू चौक से बिलासपुर गेट की ओर जा रही सड़क जगह-जगह से उधड़ गई है। गड्ढे होने से ऊबड़-खाबड़ सड़क में कई दिन से पानी भरा है। आते-जाते पर्यटक इन गड्ढों से बचाकर वाहन को निकाल रहे हैं। ताकि कोई बड़ा हादसा न हो जाए। पांच माह पहले पीडब्लयूडी के तत्कालीन एक्सईएन एसके रावत ने इन गड्ढों को भरवाकर सड़क को समतल कराया था। पांच माह बाद ही सड़क की हालत फिर से खस्ताहाल हो गई है। सड़क में हुए गड्ढे होने की वजह धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इसके बाद भी सड़क की हालत सुधारने को विभागीय अधिकारियों द्वारा सुध नहीं ली जा रही है।

चाकू चौक पर खड़े यूक्रेन के राजनयिक विटारी मोरोज, उनकी बहन और मां तथा पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। ● फाइल फोटो

चाकू चौक की बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

> चाकू चौक की सड़क रामपुर विकास प्राधिकरण की है। दाएं और बाएं जाने वाली सड़क प्रांतीय, निर्माण खंड के अधीन हैं। प्रानपुर रोड वाली सड़क की मरम्मत के लिए शासन से 2 .25 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। आचार संहिता की वजह से कार्य नहीं हुआ है। मतगणना होने के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
> **-केवी सिंह, एक्सईएन निर्माण खंड, लोनिवि**

गड्ढों में भरा पानी। ● अमृत विचार

मानकपुर बंजरिया की सड़क का निर्माण अधर में लटका

तोपखाना-प्रानपुर से मानकपुर बंजरिया की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका है। राज्य सरकार की ओर से 2 .25 करोड़ रुपये का स्टीमेट भी पास हो चुका है। शासन से जनवरी में ही स्वीकृति मिल चुकी है। यह सड़क प्रानपुर होते हुए ब्लॉक सैदनगर की ओर जा रही है। नौ किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी खराब है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का आरंभ करते अक्षत सिंघल। ● अमृत विचार

खेल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा बनाए रखें, ईर्ष्या नहीं : दयालु

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : सोमवार को एसआरएम इंटर कॉलेज में दो दिवसीय समर कैंप की शुरूआत प्रबन्धक अक्षत सिंघल व प्रधानाचार्य दयालु शरण शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की।

प्रथम दिवस में दौड़, खो-खो, वॉलीबॉल, डम्बसराज, फ्रॉग रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रबंधक अक्षत सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा रखिए, ईर्ष्या नहीं। मैदान में सभी भाई-बहन हैं। इस भावना को मन में रखते हुए स्वयं जीतने का भरसक प्रयास करें। लेकिन किसी को हराने का नहीं।

कार्यक्रम के अन्त में विजयी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। शेष सभी छात्र-छात्राओं को भी सांत्वना पूर्ण आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कपिल पाण्डेय, विजय शर्मा, गौरव शर्मा, महेंद्र, विजयपाल, शिशुपाल, शम्भू दयाल, यशवन्त, लालबहादुर, परमानन्द कश्यप,अनिल कुमार सिंह, बेबी रस्तोगी, शिवानी शर्मा, प्रज्ञा गंगवार, सुनीता नेहा, साक्षी पांडेय, प्रतीक्षा, सपना, शिल्पी, रुचिका आदि लोग उपस्थित रहे।

रासलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

रासलीला का आनंद लेते भक्त। ● अमृत विचार

कालिया नाग मर्दन की लीला का किया मंचन

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अलीपुरा स्थित श्री हिंदू हरि हर धाम में चल रही रासलीला के चौथे दिन कालिया नाग के मर्दन की लीला का मंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि श्रीकृष्ण मित्रों के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद से खेल रहे थे। इस दौरान गेंद भारी होने के कारण वह सीधे यमुना के तल पर चली गई।

रासलीला में कलाकारों ने सोमवार को मंचन किया कि भगवान ने जोर से गेंद फेंकी और वह यमुना नदी में जा गिरी। गेंद भारी होने की वजह से यमुना के तल पर चली गई। समस्या यह थी कि उस समय यमुना में कालिया नाग रहता था। पांच फनों वाला नाग बहुत खतरनाक और विषधर था। उसके विष से यमुना का पानी भी काला हो गया था। जहर के कारण गोकुल के पशु यमुना का पानी पी कर मर रहे थे। कान्हा बहुत छोटे थे, लेकिन मित्रों के जोर देने पर उन्होंने तय किया कि गेंद वही निकाल कर लाएंगे।

कान्हा ने यमुना में छलांग लगा दी। उन्होंने कालिया नाग की पूंछ पकड़कर मारना शुरू कर दिया। कालिया नाग अपने प्राणों की रक्षा के लिए कृष्ण से दुहाई देने लगा। कृष्ण ने उसे यमुना छोड़कर समुद्र में जाने के लिए वचनबद्ध किया। इसके बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य किया। इस तरह भगवान कृष्ण ने मथुरावासियों को कालिया नाग के साथ यमुना को उसके विष से मुक्ति दिलाई। इससे पूर्व बांके बिहारी की अनुपम छटा की आरती की गई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य को देख लोगों ने काफी सराहना की।

इस दौरान महंत अदैत्य मुनि महाराज, चौधरी रोहित सिंह, विकास शर्मा, अमन चौधरी, मोनू शर्मा, सरदार ओम सिंह, हरि सिंह, हिमांशु चौधरी, धर्मपाल सिंह, मयंक चौधरी, राजू पाल आदि भक्तों की भीड़ जुटी रही।

वक्फ बोर्ड की टीम ने लिए दुकानदारों के बयान

बिलासपुर, अमृत विचार : सोमवार दोपहर वक्फ बोर्ड के जिला निरीक्षक मोमिन हसन व वरिष्ठ सहायक गिरीश मिश्रा की टीम नगर पहुंची। यहां उन्होंने हाईवे पर यूको बैंक के सामने स्थित दुकानदारों से वार्ता की तथा बयान दर्ज किए।

वरिष्ठ सहायक ने बताया कि वक्फ बोर्ड की ओर से मामले की जांच की जा रही है। इस कारण दुकानदारों का पक्ष जानने आए हैं। ज्ञात हो कि यूको बैंक के सामने वक्फ बोर्ड की कब्रिस्तान की जमीन है। यहां कुछ लोगों की दुकानें भी हैं। इसके बीच से एक रास्ता भी जाता है। इस भूमि पर कब्जे व रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। इससे सम्बंधित एक मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। वक्फ बोर्ड इसकी जांच कर रहा है।

शहर में लगेंगे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मई में पारा दिन दिनों बढ़ता जा रहा है। धूप में तेजी से दिन में घरों और प्रतिष्ठानों से निकलना मुश्किल हो गया है। अधिक गर्मी में पसीना बहने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों व प्रतिष्ठानों में एयरकंडीशन, कूलर, पंखे, फ्रिज आदि उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। भार बढ़ने व धूप से तपने के कारण ट्रांसफार्मर लगातार फुंक रहे हैं। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शहरी क्षेत्र में 33/11 केवीए के 14 उपकेंद्र हैं। इनसे निकलने वाले फीडरों से ही घरेलू, व्यवसायिक व औद्योगिक समेत करीब 90 हजार उपभोक्ताओं को आपूर्ति दी जाती है। इन क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर लगे 70 ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। संबंधित उपकेंद्र के अवर अभियंता की ओर से सभी ट्रांसफार्मर को क्षमता वृद्धि के लिए चयनित कर इनकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। वर्तमान में 70 ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता 100 केवीए है। इनकी क्षमता बढ़वाने के लिए वर्कशॉप के अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है। वर्कशॉप के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि 100 केवीए के स्थान पर 250 और 400 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

शाहबाद गेट चौराहे पर रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

> नगर के 14 बिजलीघरों में 100 केवीए के स्थान पर 250 और 400 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पत्र भेजा है। इनके लगने के बाद ट्रांसफार्मरों पर लोड काफी कम हो जाएगा। गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलेगी।
> **-वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता**

आदर्श कालोनी और आवास विकास की छह घंटे ठप रही बिजली

11 हजार केवीए की लाइन के जर्जर तारों और बिजली के पोल बदलने की वजह से सोमवार को आदर्श कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी की बिजली छह घंटे ठप रही। इससे उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। आदर्श कॉलोनी निवासी नितिन अग्रवाल, राजकुमार, मीनू शर्मा ने बताया कि अधिकारियों ने विद्युतापूर्ति चार घंटे बंद करने की सूचना दी थी। जेई बीपी सिंह ने बताया कि जर्जर खंभों को बदलवाने में समय लगा है। शाम चार बजे आपूर्ति सुचारु करा दी गई।

टांडा में की जा रही मानक विहीन प्लॉटिंग

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : जिलाधिकारी की सख्त हिदायत के बावजूद नगर में जहां-तहां मानक विहीन प्लॉटिंग की जा रही है। प्लॉटिंग करने वालों ने कई लोगों को शामिल करते हुए ग्रुप भी बना लिए हैं। पालिका क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों और मुख्य मार्गों पर जमकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। पिछले दिनों मोहल्ला रांड में प्लॉटिंग की आराजी और रास्ते की पैमाइश को लेकर विवाद भी हुआ था। शनिवार को तहसील प्रशासन ने रामपुर मार्ग पर बिजली घर के पास अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया।

नगर में कुछ लोगों ने ग्रुप बनाकर विभिन्न मोहल्लों और वार्डों में नियमों को ताक पर रखकर प्लॉटिंग का धंधा शुरू कर दिया है। प्लाटिंग के लिए निर्धारित मानकों पर अमल नहीं किया जा रहा है। इसके चलते अक्सर रास्तों के चौड़ीकरण और भूखंडों की पैमाइश को लेकर विवाद भी होते रहते हैं। अधिकारियों की ढिलाई के चलते प्लॉटिंग करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जिलाधिकारी की सख्ती के कारण तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया है। राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जों और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शनिवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सैढ़ू का मंझरा रामपुर मार्ग स्थित आराजी पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को कार्रवाई करते हुए रुकवाया।

टांडा में की जा रही प्लाटिंग। ● अमृत विचार

> नगर में मानक विहीन प्लॉटिंग पर पाबंदी लगा दी गयी है। इसके बावजूद कुछ लोग मनमानी कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **-पुनीत कुमार, ईओ नगरपालिका, टांडा**

रोडवेज बसें रुकने से हाईवे पर लगा जाम

रामपुर,अमृत विचार: जगह-जगह रोडवेज बसें खड़ी होने के कारण जाम लग जाता है। लेकिन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हो रही है। सोमवार शाम को भी जाम लगने के कारण लोग परेशान रहे।

मालगोदाम तिराहे के पास रोडवेज बस अड्डा है। ताकि दिल्ली, बरेली, लखनऊ और अन्य डिपो से आने वाली रोडवेज बसें डिपो के अंदर जाकर सवारियां उतारें। लेकिन चालक जगह-जगह बसों को रोककर सवारियां बैठाते हैं। जिसके कारण से रोजाना जाम लग जाता है।

सोमवार शाम को भी थाने के चालक ने बस रोककर सवारियों को उतारना शुरू कर दिया। जिस कारण से हाईवे पर काफी लंबा जाम लग गया। राहगीरों को वहां से निकलने में परेशानी हुई। हालांकि थाने के अंदर से बैठकर पुलिस तमाशा देखती रही।

हज यात्रा स्थगित होने से परिवार में मचा हड़कंप

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : आखिरी समय पर एक हज यात्री की यात्रा को रद्द कर दिया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उनकी यात्रा को रद करने की सूचना दी गई है। इससे हज यात्री के परिवार व रिश्तेदारों में हड़कंप मचा है। हज यात्री को 20 मई को दिल्ली से जद्दाह के लिए रवाना होना था।

हज यात्रा पर जाने की खुशी में मिलक खौद निवासी मोहम्मद अली ने रिश्तेदारों की दावत की थी। रिश्तेदारों का जुटना भी शुरू हो गया था। 19 मई की दोपहर दो बजे मोहम्मद अली को मिलक खौद से दिल्ली के लिए रवाना होना था। लेकिन 18 मई की शाम अचानक दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हज यात्रा रद करने की सूचना मिली। इससे उनके परिवार और रिश्तेदारों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में हज यात्री और उनके रिश्तेदार दिल्ली पहुंचे। उन्होंने अपने एजेंट से जानकारी की तो एजेंट ने भी हज यात्रा रद होने की जानकारी दी।

हज यात्रा पर जाने वाले मोहम्मद अली का कहना है कि सऊदी अरब में इसी नाम और वल्दियत (पिता का नाम) के व्यक्ति ने कोई अपराध किया है। जबकि, वह पहली बार ही हज करने जा रहे थे। उन्होंने ठीक से जिला मुख्यालय भी नहीं देखा है। हज यात्रा रद होने से उनके हौसले पस्त हो गए हैं। मोहम्मद अली मजदूरी करके अपनी थोड़ी सी जमीन पर खेती करते हैं। हज यात्रा रद होने से उनकी सारी खुशियां काफूर हो गई हैं। इसके लिए वह अपनी किस्मत का ही दोष मान रहे हैं।

मसवासी से हज के लिए रवाना होता हज यात्रियों का जत्था। ● अमृत विचार


मोहम्मद अली।

आजमीने हज की लोगों ने की गुलपोशी

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र हज बैतुल्लाह के लिए आजमीने हज (हज यात्री) का पहला जत्था नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर की सदाओं के बीच रविवार को रवाना हो गया। हज यात्रा को लेकर आजमीने हज के परिजनों में हर्ष का माहौल रहा। क्षेत्रीय लोगों ने गले मिलकर आजमीने हज को रवाना किया। हज के लिए मसवासी, मुंशीगंज और नरपनगर से कई यात्री रवाना हुए हैं। लोगों ने हज यात्रियों से गले मिलकर मुबारकबाद दी और अल्लाह के दरबार में उनके लिए दुआ करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। हज यात्रियों के परिजन उन्हें लेकर दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने के लिए रवाना हुए। रिश्तेदारों तथा ग्राम वासियों ने गुलपोशी कर उन्हें वाहन तक छोड़कर रवाना किया। रईस अहमद, नफीस अहमद, इरशाद अली, मुमताज हुसैन, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

उम्मीद | पीपली वन की भूमि में वर्तमान में 15 गांवों की लगभग 35 हजार है आबादी

दशकों से मालिकाना हक की लड़ाई लड़ रहे 15 गांवों के लोग

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : वन विभाग की 2200 हेक्टेयर भूमि को 15 गावों के ग्रामीणों द्वारा अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग कई दशकों से की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगभग दो वर्ष पूर्व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में विस्थापितों को मालिकाना हक दिलाने के लिए कमेटी गठित की थी। लेकिन आज तक उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल सका है। फिलहाल यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है।

65 हजार हेक्टेयर भूमि में फैला पीपली वन जिले का सबसे बड़ा वन है। देश की आजादी के बाद पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने वन विभाग की भूमि पर डेरा डाल लिया था। धीरे-धीरे आबादी बढ़ने पर यहां 15 गांव स्थापित हो गए। वर्तमान समय में 15 गांवों की आबादी लगभग 35 हजार है। गांव बसने के बाद शासन-प्रशासन भी इन गांवों पर मेहरबान रहा। समय-समय पर बिजली, ट्यूबवैल, सड़क, प्राथमिक जूनियर विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाएं मिलने के साथ ही ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने जाते हैं। मतदान का हक मिलने के बाद भी इन विस्थापितों को अपनी जमीनों का हक आज तक नहीं मिल सका है। ग्रामीण दशकों से सरकार से 65 हजार हेक्टेयर भूमि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराकर मालिकाना हक दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने दो वर्ष पूर्व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में कमेटी गठित कर मामले से अवगत कराने के निर्देश दिए थे। इससे ग्रामीणों में आस जगी थी कि अब उन्हें उनका मालिकाना हक मिल जाएगा। लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक उन्हें मालिकाना हक मिलना तो दूर किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कोई जानकारी भी नहीं दी है। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि जांच की जायेगी। पीपली वन के जितने हिस्से में लोग आबाद हैं उतने में ही रहें। अपना रिहायशी क्षेत्र न बढ़ाएं।

> हक दिलाने को लेकर दो वर्ष पूर्व गठित कमेटी ने मामले को ठंडे बस्ते में दिया है। इससे ग्रामीण मायूस हो गए है। जब तक मालिकाना हक नहीं मिल जाता यह लड़ाई जारी रहेगी।
> **- गोपाल कंबोज**

> अभिलेखों में भूमि दर्ज करने का मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आ चुका है। आस बंधी हुई है कि उन्हें न्याय मिलेगा। दो वर्ष बाद भी 15 गांवों के ग्रामीणों में मायूसी है।
> **- दर्शनलाल कंबोज, प्रधान, नबीगंज पीपली**

> मुख्यमंत्री की ओर से मालिकाना हक दिलाने के लिए राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। दो वर्ष बीतने के बाद भी मालिकाना हक दिलाने की कार्रवाई शुरू भी नहीं हुई।
> **-पूरन चंद कंबोज**

> हक दिलाने की मांग वर्षों पुरानी है। जनप्रतिनिधियों से भी मांग की। लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते बुजुर्ग भी दुनिया से चले गए। **- कश्मीर चंद कंबोज**

पीपली वन क्षेत्र में ये गांव हैं आबाद

भगवंतनगर, आरसल पारसल, फाजिलपुर, नया गांव, नूरपुर हुजूरपुर, कल्याणपुर, टांडा गोलू, मिलक मोहम्मद नबी, कुंवरपुर, पदमपुर, खुदागंज, हुसैनगंज, सालारपुर, नबीगंज पीपली, अहमद नगर निकट दरियाब नगर, शामिल हैं। इन 15 गांवों के सात प्रधान हैं। प्रधानों के अनुसार गांवों में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। उनसे पहले चुने गए प्रधानों ने गांव में बिजली, सड़क, आरसी मार्ग, विद्यालय व शौचालय निर्माण कराए हैं। सभी ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाएं तो मिल रहीं है, लेकिन जमीनों का मालिकाना हक नहीं मिल सका है।

निजी चिकित्सक भी तलाश रहे टीबी के रोगी

रामपुर, अमृत विचार : वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने में जिला क्षय रोग विभाग ही नहीं हैं बल्कि निजी चिकित्सक भी आगे आ रहे हैं। जनपद में अभी तक 521 टीबी रोगी मिल चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा मरीज बिलासपुर के गंगाराव अस्पताल के डॉ. केबी सिंह ने चिन्हित किए है। डा. राजीव अग्रवाल भी टीबी के 140 रोबी चिन्हित कर चुके हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि बिलासपुर के गंगाराव अस्पताल के डा. केबी सिंह ने सबसे अधिक 286 टीबी के मरीज चिन्हित किए है। बिलासपुर के ही एक लूथरा नर्सिंग होम ने भी 95 टीबी रोगियों को ढूंढा है। डा. सत्यप्रकाश ने अपील की है कि टीबी के रोगियों के बारे में छुपाए नहीं। बताया कि 15 दिन से ज्यादा खांसी, खांसी में खून आना और सांस फूलना समेत टीबी के मुख्य लक्षण है। यह लक्षण मिलने पर नजदीक स्वास्थ्य केंद्र जाकर सीबी नेट, टूरुनेट की जांच कराए।

गोवंशीय पशुओं को पकड़ते नगर पंचायत कर्मचारी। ● अमृत विचार

टीम ने पांच गोवंशीय पशु पकड़े

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : नगर पंचायत के चेयरमैन दिनेश गोयल के नेतृत्व में सोमवार को टीम ने पांच गोवंशीय पशुओं को पकड़ लिया है। पकड़े गए सभी गोवंश को कान्हा गोशाला भेज दिया गया है।

नगर के मोहल्ला भूबरा में कई दिन से गोवंशीय पशु छुट्टा घूम रहे थे। यह किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे थे। किसानों ने नगर पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत की थी। इस पर सोमवार को चेयरमैन दिनेश गोयल स्वयं टीम के साथ गोवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए निकल पड़े। टीम ने पांच गोवंशीय पशुओं को पकड़ लिया। चेयरमैन दिनेश गोयल ने बताया कि एक बछिया को भी पकड़ा गया है। जांच में पाया गया है कि बछिया पूर्व में टेगिंग की गई है। उन्होंने पशु चिकित्सक से मामले की जांच के बाद बछिया स्वामी की पड़ताल कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सभासद बृजनंदन सागर, भगवती देवल, डा. अनिल सागर, कुलदीप मौर्य, जितेंद्र चंद्रा आदि मौजूद रहे।

एक नजर

मुनीमपुर में दो घरों से नकदी समेत लाखों की चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मुनीमपुर में दो घरों में चोरी हो गई। इसमें दोनों परिवारों का लाखों रुपये की नगदी और सोने चांदी का जेवर चोरी हो गया। कोतवाली के ग्राम मुनीमपुर में योगेंद्र पुत्र जसवंत सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह बीती रात अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। सुबह करीब पांच बजे उसकी भाभी उठकर कमरे में गई तो सेफ अल्मारी का लाकर टूटा था और संदूक भी खुला था। उसके शोर मचाने पर परिवार के सभी सदस्य जाग गए। देखने पर मालूम हुआ कि अल्मारी में रखे एक लाख रुपये नगद, सोने का टीका, एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब और कीमती कपड़े गायब थे। उन्होंने पहले डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी तरफ शिवम पुत्र तुलाराम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह बीती रात अपने बच्चों के साथ आंगन में सोया था। आहट होने पर पत्नी ने उठकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। देखने पर पता चला कि चोर 70 हजार रुपये नगद, दो सोने की कंठी, कानों की झुमकी, कुंडल व दो नाक फूल व दो अंगूठी गायब थी। दोनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

संविदा कर्मी की मौत मामले में परिजनों ने कांठ रोड पर लगाया जाम

पत्नी की तहरीर पर पार्षद के बेटे व उसके तीन साथियों पर हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नगर निगम के अपर आयुक्त के चालक अतुलेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला सोमवार दोपहर बाद तूल पकड़ गया। परिजन और रिश्तेदारों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर नवीन नगर के पास कांठ रोड पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारेबाजी की और मार्ग पर बैठकर यातायात अवरुद्ध कर दिया।

सूचना पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया समेत कई अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां नागफनी, कोतवाली, सिविल लाइन थाने की फोर्स मौजूद थी। उग्र महिलाओं से पुलिस अधिकारियों की नोकझोंक भी हुई। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के नेता मोहम्मद सुबहान, ओमी लाल वाल्मीकि आदि की पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई। भारी दबाव को देखते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी रजनी की तहरीर के आधार पर पार्षद के बेटे समेत तीन आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। इस विवाद में करीब आधे घंटे तक कांठ रोड का यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि, यह विवाद करीब घंटे भर चलता रहा। बाद में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि पार्षद का बेटा मुहल्ले में पहले भी कई लोगों की पिटाई कर चुका है।

बताया जा रहा है कि नंदनगर निवासी अतुलेश कुमार की जहरीला पदार्थ खाने से रविवार रात मौत हो गई थी। मृतक के भाई अनुज ने बताया कि रविवार देर शाम पार्षद का बेटा अपने 10-12 साथियों के साथ उनके घर आकर जब अतुलेश को पीट रहा था तो शोरगुल सुनकर भाई की मदद के लिए जब तक वह अपने मकान के नीचे पहुंचे, तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। उधर, सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध हत्या, एससी-एसटी एक्ट, मारपीट करने आदि धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

कांठ रोड पर जाम लगा रहे मृतक के परिजनों को समझाती पुलिस व नगर निगम कर्मी। ● अमृत विचार

घर आकर अतुलेश पर बोला हमला

महिलाओं को समझाते एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया व अन्य। ● अमृत विचार

मृतक अतुलेश कुमार की पत्नी रजनी की तरफ से पुलिस ने पार्षद पंकज शर्मा के बेटे अनुज शर्मा और इसके दोस्त संजीव शर्मा, कनिष्ठ शर्मा के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें कुछ अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। एफआईआर में रजनी ने कहा है कि 19 मई को चचिया ससुर ब्रम्हदेव के यहां लदावली गांव में भंडारा था। इसमें उसके पति अतुलेश व देवर रविंद्र शामिल होने गए थे। भंडारे से लौटते समय रात में करीब नौ बजे अतुलेश, रविंद्र जब नवीन नगर में मान सरोवर स्कूल के पास पहुंचे तो वहां वार्ड नंबर-7 की पार्षद पंकज शर्मा के बेटे अनुज शर्मा पुत्र कृष्ण मणि शर्मा अपने साथियों के साथ खड़ा था। वहां निगम का एक कर्मी मोहित कौशल पुत्र मेघराज सिंह भी आ गया था। फिर मोहित के सामने ही उसके पति अतुलेश ने आरोपी अनुज शर्मा से कहा कि हमारी गली टूटी पड़ी है और घर से कोई कूड़ा भी नहीं लेने आता न ही सफाई होती है। इस पर अनुज व उसके साथी संजीव, कनिष्ठ व अन्य 7-8 लोगों ने मिलकर अतुलेश को जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के साथ गाली-गलौज कर अपमानित किया और अतुलेश को मारने को हमलावर हुए तो मोहित व रविंद्र ने बीच-बचाव कर दिया। फिर मोहित व रविंद्र अतुलेश को घर ले आए थे।

पहले मानसरोवर स्कूल के पास विवाद, फिर घर आकर पीटा

रजनी के मुताबिक, मान सरोवर स्कूल के पास हुई गाली-गलौज के थोड़ी देर बाद आरोपी उनके घर पहुंचे थे। यहां अतुलेश को बुलाकर हाथापाई की। रजनी ने बताया कि चांदनी व बेटी प्रेरणा अतुलेश को बचाने गईं तो आरोपियों ने इनसे भी अभद्रता की। मृतक की पत्नी का आरोप है कि पार्षद के बेटे अनुज शर्मा ने अतुलेश के मुंह में कोई जहरीला पदार्थ जबरन ठूंसकर खिला दिया। इसी से उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और जिला अस्पताल में इलाज के कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई थी।

डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

मुरादाबाद, अमृत विचार : अतुलेश के शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल ने किया है। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। सूत्रों के मुताबिक, अतुलेश की मौत का कारण जहरीला पदार्थ सामने आया है। बिसरा भी सुरक्षित किया गया है। परिजन और रिश्तेदारों के साथ अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह भी पोस्टमार्टम हाउस मौजूद थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि रविवार को मारपीट और विवाद के बाद ऑउट सोर्सिंग वाहन चालक अतुलेश ने जहर खा लिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया है। परिजनों के साथ कुछ लोगों ने कांठ रोड पर जाम लगा दिया था, जिन्हें समझाकर जाम खुलवा कर यातायात बहाल कराया गया है। मामले में तीन नामजद और कई अज्ञात पर हत्या और एससी/एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की पिटाई मामले में चार पकड़े

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : जुम्मेरात का बाजार की सर्राफा मार्केट में रविवार दोपहर पुलिस की पिटाई होने से जमकर किरकिरी हुई है। सरे बाजार में पुलिस से व्यापारियों की हुई हाथापाई चर्चा में रही है। घटना के दूसरे दिन सोमवार को भी बाजार में सन्नाटा रहा है। इधर, पुलिस ने हमला करने वालों में चार लोगों को दबोचकर उन्हें जेल भी भेज दिया है। इनमें फरजन, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद यूनुस, हाजी मोहम्मद यूसुफ हैं।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस के साथ कार्रवाई के दौरान जुम्मेरात बाजार में सर्राफा व्यापारियों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया था और उनसे मारपीट की थी। इस मामले में कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह तोमर की तहरीर पर तीन भाइयों समेत नौ लोग नामजद आरोपी बनाए गए थे, जबकि अन्य छह पुरुष व महिलाओं को अज्ञात में आरोपी बनाया गया है। नामजद अभियुक्तों में से अभी अकबर, शायरा बानो पत्नी फरजन, हीना परवीन व अब्दुल गनी, हनीफ मिद्दा फरार हैं।

पाकबड़ा में तमिलनाडु पुलिस के साथ मारपीट करने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

पाकबड़ा में हुई थी तमिलनाडु पुलिस के साथ मारपीट

6 अप्रैल 2024 को तमिलनाडु के जिला एवं थाना विल्लुपुरम क्षेत्र में गीता देवी ने घर में डकैती का मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में तमिलनाडु पुलिस रविवार को मुरादाबाद पहुंची थी। पाकबड़ा थाना पुलिस भी साथ थी। यह सभी सर्राफा व्यापारी अकबर, यूसुफ, फरजन पुत्रगण अब्दुल सलाम की दुकानों पर लूट के खरीदे गए आभूषणों के बारे में पूछताछ की। दरोगा कुलदीप सिंह तोमर का कहना है कि व्यापारी अकबर, यूसुफ व फरजन ने शोर मचाकर यूनुस, अब्दुल गनी, वसीम, हनीफ मिद्दा और शायरा बानो, हीना परवीन समेत कई अन्य को बुला लिया था। मारपीट शुरू कर दी थी।

जमीन पर कब्जा कर हरे पेड़ कटवाने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से मिला। उनसे जमीन पर अवैध कब्जा कर हरा पेड़ कटवाने वालों के खिलाफ कारवाई करने की मांग की।

दोनों अधिकारियों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि अमित भारती जो वाल्मीकि समाज से हैं उनकी 4 जमीन गाटा संख्या 127 /2 ग्राम रुस्तमपुर बढ़मार तहसील मुरादाबाद में स्थित है। बताया कि आरोपियों ने जमीन पर कब्जा करके हरे -भरे वृक्ष काटकर चोरी से बेच दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मांग की कि आरोपियों के विरुद्ध हरिजन एक्ट में मुकदमा जमीन कब्जाने, हरे वृक्ष काटने, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। कार्य को रोककर निर्माण को ध्वस्त किया जाए। आरोपियों की दबंगई को देखते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में पीड़ित अमित भारती, कांग्रेस नेता श्याम बाबू वाल्मीकि, जुगल किशोर वाल्मीकि पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी, कांग्रेस के जिला मीडिया कोआर्डिनेटर राजेंद्र वाल्मीकि, रघुवीर शरण आदि उपस्थित रहे।

ज्ञापन देने जाते वाल्मीकि समाज के लोग।

जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को दो दिवसीय तृतीय जनपद स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय विक्रम पाठक व प्रिया अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके की।

प्रतियोगिता में जिले के लगभग सभी विद्यालयों से 100 से 125 योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मिनी ऐज ग्रुप गर्ल्स व बॉयज एवं सब जूनियर गर्ल्स व बॉयज ऐज ग्रुप के खिलाड़ी रहे। प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन इवेंट हुए। योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई व अध्यक्ष खिलेन्द्र सिंह ने बताया कि योगासन एक ऐसा खेल है जो योग के भौतिक पहलू पर ध्यान केंद्रित करता है। जहां खिलाड़ियों को योग मुद्राएं करनी होती हैं। इस खेल में खिलाड़ियों को उनकी कठिनाई के स्तर, संतुलन, नियंत्रण, लचीलापन और धीरज के आधार पर जज किया जाता है। प्रतियोगिता में जिले में मैडल प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे और राज्य स्तर मैडल प्राप्त खिलाड़ी रास्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन मंगलवार 21 मई को बचे हुए ऐज ग्रुप जूनियर व सीनियर की प्रतियोगिता कराकर व सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजन में अमित गर्ग, देवेंद्र जौहरी, जयपाल सिंह, डॉ. अनुज अग्रवाल, अमित तोमर, सुभम विश्नोई, सचिन नेनवाल, देवेंद्र राणा, विपिन जखमोला शामिल रहे।

जनपद स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

गोशाला में निरीक्षण के दौरान गोवंश को गुड़ खिलाते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

गोशालाओं में हरे चारे और पानी का पर्याप्त प्रबंध रखें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सोमवार को ठाकुरद्वारा ब्लॉक के अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल राघूवाला और अब्दुल्लापुर लेदा का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण में दोनों गोशालाओं में गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, हरा चारा, मिनरल, चूना आदि की व्यवस्था उपलब्ध मिली। जिलाधिकारी ने कहा कि इसका पर्याप्त प्रबंध बनाए रखें। जिलाधिकारी को बताया गया कि गोशाला से सम्बद्ध ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों द्वारा इसके पर्यवेक्षण में रुचि नहीं ली जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा को रोस्टर के अनुसार ग्राम प्रधानों का विजिट और सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम और बीडीओ भी मौजूद रहे।

दहेज के लिए कर दी विवाहिता की हत्या

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : विवाहिता को फंदे से लटका कर हत्या करने के आरोप में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

कोतवाली के ग्राम इनायत नगर में हरितेश पत्नी अतेंद्र का शव फंदे पर लटका मिला था। सोमवार को विवाहिता के पिता हरि सिंह निवासी ग्राम बाबरखेड़ा तहसील काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर की तहरीर पर पुलिस ने पति अतेंद्र, ससुर वेदप्रकाश और सास मंगो देवी के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। इसमें हरि सिंह ने आरोप लगाया कि उसने बेटी का विवाह 4 अक्टूबर 2022 को अतेंद्र के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति समेत ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। उनकी दहेज में पांच लाख रुपये नगद और कार की मांग थी। मांग पूरी नहीं होने पर ही उसकी पुत्री की फंदे से लटकाकर हत्या की गई है।

वेश प्रतियोगिता में फातिमा नूर प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

सोमवार को में विभिन्न प्रतियोगिताएं वेश प्रतियोगिता, शब्द लेखन प्रतियोगिता में विद्यालय के अधिकांश बच्चों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 200 बच्चों को स्मृति चिन्ह, मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस बीच विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जूनियर वर्ग में वेश प्रतियोगिता में फातिमा नूर ने प्रथम स्थान, प्रिंस कुमार ने द्वितीय स्थान तथा साक्षी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और सीनियर वर्ग में हर्षवर्धन ने प्रथम स्थान इमाद खान ने द्वितीय स्थान तथा रिचा सैनी और प्रशांत चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शब्द लेखन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में कनक वर्मा ने प्रथम स्थान आरिफ ने द्वितीय तथा नेहा राजपूत, सामिया आलम और रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवेश प्रभारी जगदीश चंद्र तथा कार्यालय प्रमुख विशाल वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में समर पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर विजेंद्र सिंह, कुशाग्र राज, ज्योति अग्रवाल, उपासना गुप्ता सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● **हिंदू मॉडल इंटर कालेज में 200 विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित**

महानगर के शिवांश का बंगाल प्रीमियर क्रिकेट लीग में चयन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जनपद के क्रिकेट खिलाड़ी भी नेशनल स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। जिले की बिलारी तहसील के रहने वाले शिवांश चौधरी का बंगाल प्रीमियर क्रिकेट लीग के लिए चयन हुआ है। शिवांश के चयन से साथी खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।

दिल्ली रोड स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी में शिवांश चौधरी अभ्यास करते हैं। शिवांश ने अपने कोच मिर्जा दानिश आलम की निगरानी में क्रिकेट की सभी बारीकियां को सीखने के बाद प्रदेश और नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। पांच साल से लगातार क्रिकेट खेलने के बाद शिवांश चौधरी का बंगाल प्रीमियर क्रिकेट लीग के लिए चयन हुआ है। शिवांश चौधरी का कहना है कि काफी मेहनत के बाद उन्हें यह मौका मिला है। जिसके लिए वह अपने माता-पिता के साथ मिर्जा दानिश आलम का आभार व्यक्त करते हैं। इससे पहले बंगाल प्रीमियर क्रिकेट लीग में मोहम्मद शमी व पीयूष चावला जैसे कई नेशनल स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर चुके हैं। मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी के संचालक मिर्जा दानिश आलम का कहना है कि शिवांश चौधरी काफी समय से क्रिकेट की बारीकियां सीख रहे हैं और एक अच्छे बॉलर हैं।

कोच मिर्जा दानिश के साथ शिवांश चौधरी।

● **11 जून से बंगाल में शुरू होगी प्रीमियर क्रिकेट लीग**

कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग | पहले सेमीफाइनल मैच में अभिनंदन महिंद्रा ने कलेक्ट्रेट क्रिकेट क्लब को 67 रन से हराया

अभिनंदन और वारियर्स के बीच फाइनल आज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रेलवे स्टेडियम खेल मैदान पर चल रहे कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग सीजन सीजन 3 में सोमवार को दो सेमीफाइनल खेले गए। जिसमें पहले सेमीफाइनल में अभिनंदन महिंद्रा ने कलेक्ट्रेट क्रिकेट क्लब को 67 रन से हराया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एमएच वारियर्स ने भव्या हॉस्पिटल को 8 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब मंगलवार को फाइनल में अभिनंदन महिंद्रा और एमएच वारियर्स टीम की भिड़ंत होगी।

कलेक्ट्रेट क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अभिनंदन महिंद्रा टीम के सलामी बल्लेबाज कप्तान शोएब सिद्दीकी के 56 और सुरजीत के 90 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 194 बनाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कलेक्ट्रेट क्रिकेट क्लब ने मुशाहिद नजर 21 रन विजन पंचाल 16 रन के साथ नावेद सरताज के 19 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर 9 खोकर 127 रन ही बना पाई। इस प्रकार पहला सेमीफाइनल मुकाबला अभिनंदन महिंद्रा ने 67 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में एमएच वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विवेक के 90 रन, सलामी बल्लेबाज अंकित 45 रन और अंत मोहम्मद अरबाज के ताबड़तोड़ 12 गेंदों से 33 रन की पारी बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भव्या हॉस्पिटल के मध्यक्रम के बल्लेबाज मनीष शेरावत ने 72 और वासिक रजा 49 और कप्तान पर्व ने 28 रनों की पारी खेली। लेकिन इसके बाद भी निर्धारित 20 ओवर में टीम 209 रन ही बना पाई। इस प्रकार 8 रन से जीत दर्ज कर एमएच वारियर्स फाइनल में पहुंच गई।

रेलवे स्टेडियम में कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग में शॉट लगाता बल्लेबाज मिर्जा दानिश आलम।

● **दूसरे सेमीफाइनल में एमएच वारियर्स ने भव्या हॉस्पिटल को 8 रनों से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया**

तीन पालियों में आज होगी सीयूटी परीक्षा

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंगलवार को सीयूटी की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा महानगर के रामगंगा विहार स्थित एमआईटी में ओआरएन डिजीटल जोन में आयोजित की जाएगी। सीयूटी परीक्षा मंगलवार को तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे शुरू होगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आरुष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

मुरादाबाद, अमृत विचार: बैंक कॉलोनी, मुरादाबाद निवासी आरुष को उनकी 13वीं वर्षगांठ पर मां ममता रावत, पिता गजेंद्र रावत और परिजनों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

छोटू को मारने वाले चार अभियुक्तों को अभी नहीं पकड़ पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर में सूरजनगर पीतल बस्ती के रहने वाले छोटू उर्फ विशाल यादव (18) पुत्र संतोष यादव हत्याकांड में पुलिस अभी वांछित अन्य चार अभियुक्तों में से एक को भी नहीं पकड़ पाई है। वैसे इनकी खोज में पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। इन फरार नामजद अभियुक्तों में अनिरुद्ध सिंह, गोलू उर्फ कनिष्क, अभिषेक उर्फ यश और अभिनव हैं।

इन लोगों ने 16 मई की रात में पैसे का लालच देकर मोहित व सचिन पासी से छोटू का अपहरण करा लिया था और फिर उसे चमरपुरा के जंगल में मौत के घाट उतार दिया था। उसकी लाश को वहीं खेत के गड्ढे में फेंककर उस पर मिट्टी डालकर दफन कर दिया था। जिसे पुलिस रविवार रात को खोज पाई थी। इस मामले में सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को अभियुक्त मोहित व सचिन पासी जेल भेज दिए गए हैं। पुलिस टीमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई हैं। उधर, खबर मिली है कि इस मामले को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है। पुलिस कई बार घटनास्थल पर जाकर हर जरूरी बिंदु पर बारीकी से जांच कर चुकी है। कोई व्यक्ति गलत तरीके से न फंसे, इसका भी पुलिस ध्यान रख रही है। हत्या के आरोप में जेल में निरुद्ध सुभाष यादव के छोटे भाई विशाल को योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा गया है। इसके सीने में दो गोली मारी गई थीं। वैसे जिस तरह इस मामले का खुलासा हुआ है, उससे स्पष्ट है कि छोटू उर्फ विशाल यादव हत्याकांड में मोहित-सचिन मोहरा बन गए हैं। ये लोग थोड़े रुपये के लालच में आकर उसका अपहरण कर उसे हमलावरों के पास ले गए थे। लेकिन, अभी इसे सत्य भी नहीं माना जा सकता। चूंकि, यह बात तो मोहित व सचिन ने पुलिस को बताई है लेकिन हत्याकांड के पीछे असल कहानी क्या है, ये तो वांछित आरोपियों के पकड़े जाने पर ही स्पष्ट होगी। बताया जा रहा है कि मृतक विशाल के भाई सुभाष ने पिछले साल अनिरुद्ध सिंह के भाई को मार डाला था। ऐसे में अनिरुद्ध सिंह ने दोस्तों के साथ मिलकर बदला लेने की नीयत से छोटू उर्फ विशाल यादव का ही कत्ल कर दिया।

विशाल हत्याकांड

● **पुलिस हर जरूरी बिंदु की बारीकी से कर रही जांच, घटनास्थल पर कई बार जा चुकी है पुलिस**

21 से नजीबाबाद में होगा आठ ट्रेनों का ठहराव

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडल में नजीबाबाद में मजलिश कार्यक्रम के तहत रेलवे ने कई ट्रेनों का ठहराव निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम 23 से 26 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसके चलते रेलवे जम्मू, देहरादून व अमृतसर के बीच संचालित ट्रेनों को नजीबाबाद में रोकने का निर्णय लिया है और सभी ट्रेनें दो मिनट रुकेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि नजीबाबाद में मजलिश कार्यक्रम के आयोजन को देखते हुए रश रहेगा। यात्री सुविधा को देखते हुए रेलवे ने रूट पर गाड़ियों को अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। इसके तहत हावड़ा से देहरादून उपासना एक्सप्रेस (12327) 21 व 24 मई, नजीबाबाद में रुकेंगी। इसी तरह कुंभ एक्सप्रेस (12369-70), दुर्गियाना एक्सप्रेस (12357-58) व कानपुर-जम्मूतवी (12469-70) ट्रेनें का नजीबाबाद में ठहराव होगा।

किसान आंदोलन समाप्त रेल रूट हुआ बहाल

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को अंबाला के शंभू स्टेशन पर चल रहा किसान आंदोलन समाप्त हो गया। आंदोलन खत्म होने के बाद 33 दिन पंजाब व जम्मू रूट पर रेल संचालन बहाल हो गया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अंबाला मंडल में शंभू स्टेशन पर किसानों ने साथियों की रिहाई को लेकर रेलवे ट्रैक पर धरना दे रहे थे। जिसके कारण अमृतसर-हरिद्वार जनशताब्दी आदि को रेलवे को रद करना पड़ा। सीनियर डीसीएम ने बताया कि सोमवार को रूट बहाल होने से ट्रेन संचालन सामान्य हो गया है।

मंदिर से इनवर्टर, बैटरे पंखे चोरी, लोगों में रोष

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चोरों ने धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते एक और मंदिर में बीती रात चोरों ने मंदिर से एक इनवर्टर, दो बैटरे, बिजली के दो पंखे, मंदिर परिसर में लगे पीतल के घंटे व स्टेबलाइजर सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। घटना का पता सोमवार की सवेरे 5:00 बजे उस वक्त चला जब मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और घटना पर रोष जाहिर की। सूचना पर पीआर पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल भी की। बाद में प्रधान हरपाल सिंह, श्याम सहित ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की। गौरतलब है कि प्राचीन शिवमणि मंदिर से भी चोर दीवार तोड़कर इनवर्टर व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।

एमडीए में कर्मी बताकर ठगी करने वाले पुष्पेंद्र पर एक और एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: टीडीआई सिटी निवासी पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज हो गया है। यह एफआईआर न्यायालय के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने सुरेंद्र कुमार की तहरीर पर दर्ज की है।

सुरेंद्र कुमार हरथला सब्जी मंडी के रहने वाले हैं। इनसे दो दिन पहले रामगंगा विहार फेज-2 निवासी रेनू भारद्वाज पत्नी नवल किशोर ने पुष्पेंद्र सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। सुरेंद्र कुमार परचून की दुकान चलाते हैं। इन्होंने पुलिस को बताया है कि पुष्पेंद्र टीडीआई सिटी में रहता है। वैसे वह मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर का रहने वाला है। सुरेंद्र ने बताया कि आरोपी पुष्पेंद्र ने खुद को प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग में अपने को क्लर्क बताया था। उसने उनसे कहा कि वह प्राधिकरण में मकान दिला सकता है। आरोप है कि पुष्पेंद्र ने नया मुरादाबाद में 34.46 वर्ग मीटर एक मकान भी दिखाया और पंजीकरण के नाम पर 20,000 रुपये नकद जमा कर लिए थे। फिर कहा कि मकान के लिए आपका पंजीकरण हो गया है। अब शेष 7,66,300 रुपये किस्त में देना रहेगा। किस्तों की अदायगी होने पर पुष्पेंद्र ने सुरेंद्र को मकान का बैनामा करा देने का भरोसा दिया था। सुरेंद्र ने बताया कि उन्होंने एमडीए में जाकर जानकारी की तो पता चला कि पुष्पेंद्र सिंह नाम का कोई भी कर्मचारी वहां तैनात नहीं है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पुष्पेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जवाहर नगर लोदीपुर रोड पर हो रही थी प्लॉटिंग, सख्ती के साथ की जा रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

एमडीए ने 30 बीघा जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को एमडीए की टीम ने जवाहर नगर लोदीपुर रोड पर 30 बीघा जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कराया।

जवाहर नगर लोदीपुर रोड पर इरफान अली द्वारा लगभग 30 बीघा जमीन पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र पास कराए अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी जानकारी एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार को हुई। जिस पर उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए। उपाध्यक्ष के आदेश पर सोमवार को एमडीए की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी ने अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता केके शुक्ला, अवर अभियंता मनोज सिंह समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

जवाहर नगर लोदीपुर में अवैध निर्माण तोड़ती एमडीए की जेसीबी। ● अमृत विचार

एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने महानगर की जनता से अपील करते हुए कहा है कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य नहीं करें। ऐसा पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा इसे सुसंगत धारा में कार्रवाई करते हुए कभी भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महानगर के कई स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लॉटिंग कुछ व्यक्तियों द्वारा की जा रही है। ऐसे समस्त भूखंड अवैध हैं तथा ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा।

इन इलाकों में कब होगी सख्ती

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के कुछ इलाके ऐसे है, जहां लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा है, लेकिन अभी तक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की नजर इन पर नहीं पड़ी है। महानगर के लाकड़ी फाजलपुर, पाकबड़ा, दिल्ली रोड, रामपुर रोड व ताजपुर में पिछले काफी समय अवैध निर्माण हो रहा है। लेकिन, अभी तक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से इन इलाकों में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसमें सबसे ज्यादा तेजी से अवैध निर्माण ताजपुर और लाकड़ी फाजलपुर में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम आती तो है, लेकिन कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करके वापस चली जाती है। जिसके चलते भूमाफिया के हौसले बुलंद हो रहे है और वह लगातार खेती की जमीन में प्लाट काटकर जमीन की ब्रिकी कर रहे हैं।

नगर व देहात में घंटों गुल रही बिजली

भीषण गर्मी में 10 हजार लोगों ने झेला बिजली का संकट, अंडरग्राउंड केबल में हुआ फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट होने से जिगर कॉलोनी के 6 हजार उपभोक्ताओं की लगातार चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं नगर के बाद अब देहात में भी बिजली कटौती की समस्या बढ़ गई है। कटघर छोटी मंडी में हीट हुए ट्रांसफार्मर को दिन में 12 बजे बंद करना पड़ा। जिससे 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। गोविंद नगर, प्रभात मार्केट पर एक बजे फुंके ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से ढाई हजार उपभोक्ताओं को तीन घंटे बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। वहीं बढ़ती गर्मी में हीट हो उपकरणों को फुंकने से बचाने में विद्युत निगम के अधिकारी बेबस नजर आ रहे हैं।

बेहतर बिजली व्यवस्था करने के लिए विद्युत निगम पावर कारपोरेशन की ओर अंडर ग्राउंड केबल डालने में 72 करोड़ रुपये खर्च किए गए। लेकिन स्मार्ट सिटी के कार्य कर रही कार्यदायी संस्था के आनन-फानन में किए कार्य अब बिजली विभाग के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बनते जा रहे हैं।

रविवार की रात की 12 बजे जिगर कॉलोनी में 133 केवी अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट हो गया। स्थानीय लोगों ने फोन करके बिजली कर्मचारियों को सूचनी दी। मौके पर अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह भी पहुंचे। बिजली कर्मचारियों को एक घंटा फाल्ट तलाशने में लगा। जिसके बाद सुबह चार बजे तक फाल्ट सही हो पाया। सुबह चार बजे तक 6 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार को विद्युत वितरण खंड तृतीय कटघर छोटी मंडी में हीट हुए ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति को दिन में 12 बजे बंद करना पड़ा। जिसके बाद तीन घंटे तक 1500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप रही। गोविंद नगर में एक बजे ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से शाम 4 बजे तक दो हजार लोगों की बिजली आपूर्ति गुल रहीं। वहीं देहात के नानपुर बिजलीघर से जुड़े गांव सिरसा इनायतपुर, दौड़ बाग गांव में 650 उपभोक्ता, मछरिया में 600, सैनियो वाली मिलक में 200 और कुडों वाली मिलक के 200 उपभोक्ताओं की सोमवार की सुबह पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। सोमवार सुबह 9 बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हुई जो दो घंटे बाद ही 11 बजे गुल होकर शाम चार बजे तक बाधित रही। ऐसे में बिजली कर्मचारियों के फोन न उठाने से लोगों की समस्या बढ़ गई।

जिगर कॉलोनी में रात एक बजे हुए फाल्ट को सही करते बिजली कर्मचारी।

> गर्मी से बिजली उपकरणों में हीट होने से फाल्ट हो रहे हैं। कुछ स्थानों पर आरडीएसएस योजना का कार्य चल रहा है। उपकरणों और बिजली बिल चेक करने के लिए अधिशासी अभियंता भी फील्ड में जाएंगे। जिससे क्षमता से अधिक बिजली खपत पर नियंत्रण किया जाएगा।
>
> **– आरके बंसल,** मुख्य अभियंता वितरण खंड मुरादाबाद मंडल

> सुबह से ही बिजली आपूर्ति परेशान कर रही है। यह स्थिति पिछले 15 दिन से चल रही है। खेती का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।
>
> **– फुरकान,** मछरिया

> बिजली गुल होने के बाद बिजली कर्मचारी उपकेंद्र से गायब हो जाते हैं। सुबह से शाम तक दिन में तीन से चार बार बिजली आपूर्ति कई घंटों के लिए गुल रहती है।
>
> **– राजेंद्र ,** दौड़बाग

देवर व उसके दोस्त ने किया दुष्कर्म, इंसाफ को भटक रही पीड़िता

अगवानपुर, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक गांव में बड़े भाई की गैर मौजूदगी में भाभी को अकेला देखकर देवर व उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया। अब पीड़िता इंसाफ पाने को थाने के चक्कर काट रही है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्ष पहले महिला की शादी हुई थी। महिला ने दो बेटों को जन्म दिया। आरोप लगाया कि महिला के देवर का शुरू से ही उस पर गंदी नजर रखता था। दो मई को महिला का पति बाहर गया था। इस दौरान महिला को घर में अकेली देखकर देवर व उसके दोस्त ने महिला से बारी-बारी से दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों आरोपी फरार हो गए। तीन मई को पीड़िता पति के साथ अगवानपुर चौकी पहुंची और आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की। मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बाद में पति-पत्नी थाना सिविल लाइंस पहुंचे जहां थाना पुलिस ने महिला के देवर व उसके दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। मगर 16 दिन बाद भी पीड़िता को इंसाफ नहीं मिला। महिला ने बताया कि वह तीन दिन पहले अगवानपुर चौकी प्रभारी से मिली थी। जिस पर चौकी प्रभारी ने स्टाफ कम होने की बात कहकर टाल दिया।

मंडलायुक्त से वार्ता करते लाइनपार के लोग। ● अमृत विचार

500 परिवारों पर मंडराया उजड़ने का खतरा, मंडलायुक्त से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के अन्तर्गत चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य से लाइनपार के 500 परिवारों पर उजड़ने का खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को लाइनपार के निवासियों ने मंडलायुक्त से मिलकर गुहार लगाई।

लाइनपार निवासी रविशंकर गौतम, राजपाल सिंह, जगदीश सरन, विशेष शर्मा, राजकुमार यादव सहित मोहल्ले के लोगों ने मंडलायुक्त से मिलकर ज्ञापन दिया। इसके माध्यम से बताया कि मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के अन्तर्गत लाइनपार मोहल्ले में चौधरी चरण सिंह चौक से लेकर कैल्टन स्कूल की पुलिया (पंप) तक सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। इसमें उनके घर व दुकान को तोड़ने के लिए चिह्नित किया गया है। जबकि लाइनपार मझोला सदियों से बसा है। सड़क के दोनों तरफ नाला बना है। नगर निगम की ओर से डिवाइडर के दोनों तरफ 20 फीट चिह्नित कर निशान लगाया गया है। जबकि मौके पर डिवाइडर से दोनों तरफ 12-12 फीट चौड़ी सड़क है। मंडलायुक्त से अनुरोध किया कि सड़क पर्याप्त चौड़ा है इसलिए लाइनपार मझोला के वर्षों से बसे 500 परिवारों को उजाड़ा न जाए। ज्ञापन देने वालों में सुमित, सोनू, प्रतीक चौहान, अतर सिंह, सत्यप्रकाश विश्नोई, हिमांशु, गजेंद्र सैनी, देवेंद्र सैनी आदि शामिल रहे। वहीं मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि किसी को उजाड़ना व बेरोजगार करना उद्देश्य नहीं है। हमारा प्रयास है कि इस क्षेत्र को समग्र रूप से विकसित किया जा सके। क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को लेकर नगर आयुक्त से बात करेंगे।

पार्क में मंदिर के निर्माण को रोकने की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हाईकोर्ट ने डीएम और थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

अमृत विचार: जिले के बुद्ध विहार मझोला में आवास विकास परिषद के सार्वजनिक उद्यान (पार्क) में एक मंदिर के अवैध निर्माण के खिलाफ जनिहत याचिका दायर की गई है। दायर जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी और मझोला के थाना प्रभारी को कथित अवैध निर्माण के संबंध में कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

नीरज कुमार त्यागी नाम के व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने आवास एवं विकास परिषद, मुरादाबाद को अवैध निर्माण के संबंध में पत्र के जरिए जिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी से मदद मांगने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कुछ लोग आवास विकास कालोनी के सार्वजनिक पार्क में मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। जब यह मामला आवास विकास के कार्यकारी अभियंता के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने एक अवर अभियंता को घटनास्थल पर भेजा। जिन्होंने निर्माण करा रहे लोगों को निर्माण कार्य बंद करने के लिए कहा, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रुका। इसके बाद, कार्यकारी अभियंता ने मझोला के थाना प्रभारी से संपर्क किया। हालांकि, जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखा। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील राजवेन्द्र सिंह ने दलील दी कि प्रदेश सरकार ने 29 अक्टूबर, 2009 को एक आदेश जारी कर सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर धार्मिक स्थलों के निर्माण को प्रतिबंधित किया है। याचिकाकर्ता ने अवैध निर्माण करा रहे लोगों को इस जनहित याचिका में पक्षकार बनाने के लिए अदालत से समय देने का भी अनुरोध किया।

याचिकाकर्ता के वकील की दलील सुनने के बाद अदालत ने 15 मई को पारित आदेश में कहा इस याचिका पर गौर करने से स्पष्ट संकेत मिलता है कि पार्क में निर्माण चल रहा है। निर्माण रोकने को पुलिस ने कुछ नहीं किया है। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तिथि तय की।

भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री हुए हलकान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों के निरस्त होने से लेकर लेट चलने से रेल यात्रियों की मुसीबतें गर्मी में बढ़ती जा रही हैं। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनें एक से 20 घंटे तक विलंबित चल रही हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर समय बिताना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी के लिए चलने वाली ट्रेनों में आ रही है। सोमवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची। भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियां झेल रहे हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गईं समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने समय पर मुरादाबाद नहीं पहुंच पा रही हैं। जिससे यात्री काफी परेशान हैं। पिछले एक महीने की बात करें तो समर स्पेशल व एक्सप्रेस ट्रेनों का बुरा हाल है। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंच रही हैं।

यात्रियों का कहना है कि सफर से ज्यादा ट्रेनों के इंतजार में समय गुजारना पड़ रहा है। सोमवार को मुरादाबाद से होकर जाने वाली ट्रेन अमृतसर गरीब रथ अपने निर्धारित समय से 21 घंटे की देरी से पहुंची। हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन भी मुरादाबाद में 13 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों भरा सफर करना पड़ा।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

- अमृतसर गरीब रथ 21 व 19 घंटे देरी से पहुंची दुर्गियाना एक्सप्रेस
- ट्रेनों के इंतजार में बर्बाद हो रहा यात्रियों का समय

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देरी से पहुंची
12203	अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस	21 घंटे 52 मिनट
22423	अमृतसर जनसाधारण सुपरफास्ट	14 घंटे 30 मिनट
12587	जम्मूतवी अमरनाथ सुपरफास्ट	चार घंटे 56 मिनट
12332	हिमगिरी एक्सप्रेस	13 घंटे छह मिनट
12358	दुर्गियाना एक्सप्रेस	आठ घंटे 19 मिनट
12208	काठगोदाम गरीबरथ	आठ घंटे 55 मिनट
04652	जयनगर क्लोन स्पेशल	21 घंटे 22 मिनट
13152	कोलकाता एक्सप्रेस	सात घंटे 21 मिनट

मां पीतांबरा बगलामुखी शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

पीतांबरा मां बगलामुखी देवी की महानगर में निकली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भगवान के स्वरूप में नृत्य कर रहे कलाकारों की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

अमृत विचार: नगर की सरवती देवी धर्मशाला से मां बगलामुखी देवी के 22 मई को होने वाले जन्मोत्सव से पहले शोभायात्रा निकाली गई। आदि भवानी मां पीतांबरा मां बगलामुखी देवी श्री परिवार महायज्ञ समिति (ट्रस्ट) के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गुप्ता ने शोभायात्रा से पहले कलश का पूजन किया। पूजन पंडित जगदम्बा प्रसाद ने कराया।

सोमवार को सरवती धर्मशाला से शाम पांच बजे आदि भवानी मां पीतांबरा मां बगलामुखी देवी मां की शोभायात्रा श्री परिवार महायज्ञ समिति की ओर निकाली गई। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गुप्ता के नेतृत्व में सरवती देवी धर्मशाला से शोभायात्रा में आठ कलश लेकर लक्ष्मी गुप्ता, साधना रस्तोगी, ईती सरीन, यामनी रस्तोगी, नेहा सिंघल शामिल रहीं। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मोहल्ला बाजीगरान से मंडी चौक, अमरोहा गेट से होकर टाउन हॉल से गुरहट्टी चौराहे से बंगला गांव होते हुए जिगर कालोनी में संपन्न हुई। समिति के सचिव प्रशांत रस्तोगी ने बताया कि 22 मई को आदि भवानी मां पीतांबरा मां बगलामुखी देवी मां जन्मोत्सव मनाया जाता है। इससे दो दिन पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन में अमित सरीन, संजय सिंघल, मुनेंद्र शर्मा आदि का योगदान रहा।

मादक पदार्थ की तस्करी के अभियुक्त को 10 महीने का कारावास

मुरादाबाद, अमृत विचार : मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में न्यायालय एडीजे-7 मनीष कुमार ने सोमवार को अभियुक्त विक्की को 10 महीने 15 दिन के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 3,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलम वर्मा ने बताया कि अभियुक्त विक्की पुत्र मान सिंह बिलारी थाना क्षेत्र के रुस्तमनगर सहसपुर का रहने वाला है।

इसके विरुद्ध बिलारी थाने के दरोगा अमित कुमार ने 26 अगस्त 2022 को एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इसे दरोगा ने हाजी फारुख के घर के सामने स्योहारा रोड से गिरफ्तार किया था। इसके पास से उन्होंने 260 ग्राम चरस बरामद की थी। इस मामले की विवेचना दरोगा नेहा तबस्सुम ने की थी।

आठवीं पत्नी को भी घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन तलाक के बाद भी पीड़िता पर किया हमला
- वेश्यावृति के लिए पत्नी पर डाल रहा था दबाव

अमृत विचार : एक-दो नहीं बल्कि, आठ निकाह रचाने वाले पति ने अपनी आठवीं पत्नी को भी तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति जुआरी-शराबी है, खर्चों को पूरा करने को उसे वेश्यावृत्ति में झोंकने की कोशिश की। पीड़िता ने सोमवार को एसएसपी आपबीती सुनाई। इस पर एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि उसकी ससुराल कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी में है। वर्तमान में वह ननिहाल में मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर नई आबादी में रह रही है। उसका निकाह 6 साल पहले हुआ था। निकाह के बाद उसे पता चला कि उसके पति अब तक आठ महिलाओं से निकाह कर चुका है। आठवीं महिला के रूप में उसने पीड़िता के साथ निकाह किया है। पीड़िता का कहना है कि उसका पति जुआरी-शराबी है। खर्चों को पूरा करने के लिए वह उसे जबरदस्ती वेश्यावृत्ति के धंधे में डालना चाहता था। यहां तक कि उसका पति अपने साथ लड़कों को लाकर जबरदस्ती उसके साथ गलत काम करने पर मजबूर करता था। राजी न होने पर वह उसे मारता-पीटता था। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने निकाह कर महिलाओं को बेचना और उनसे धंधा कराने का पेशा बना लिया था। वह विरोध करती तो इस पर उसका पति उसे बहुत बुरी तरह से मारता था। पीड़िता का कहना है कि उसका पति पड़ोस के व्यक्तियों के विरुद्ध झूठे आरोपों में उससे एफआईआर दर्ज कराने का दबाव बना रहा था। ऐसा करने से जब उसने मना किया तो उसके पति ने उसे बहुत मारा था। तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। ये बात दो महीने पहले की है। पीड़िता वह रोती-बिखलती जयंतीपुर में अपनी मामी के पास पहुंची थी, जहां वह रह रही है। महिला ने बताया कि अभी 17 मई के दिन दोपहर 3 बजे के दौरान वह अपने घर जयंतीपुर में परिवार के साथ बैठी थी कि इतने में ही उसका पति भाई और बहनोई के साथ आ गया। इनके हाथों में तमंचे थे। ये लोग उसे देखते ही गालियां देने लगे और जान से मार देने की धमकी देते हुए जबरदस्ती खींचकर घर से बाहर ले आए थे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लात-घूसों से मारा-पीटा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए तो आरोपी ने पीड़िता के मुंह में तेजाब डालने की धमकी देते हुए भाग गए थे। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

आवास योजना की किस्त न आने पर एसडीएम से गुहार

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला अट्टा निवासी सुधा सैनी ने दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। आवेदन के बाद वह पात्र की सूची में भी आ गई थीं। उनका जियो टैग भी हो गया था। जियो टैग होने के बाद भी अभी तक किस्त नहीं आई है। जिसकी वजह से वह अपने बच्चों को लेकर कच्चे मकान में रह रही है। सुधा सैनी ने सोमवार को उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

बस ने दो बाइकों में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

डिडौली, अमृत विचार : संभल की दिशा से आ रही बस ने कपासी मोड पर दो बाइकों में टक्कर मार दी। जिसमें पूरनपुर निवासी गोलू पुत्र हरभजन, नितिन पुत्र शीशराम गांव सलखना थाना संभल व बस में बैठी आमना पत्नी सुल्तान फैयाज नगर सैदनगली गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जोया के सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर दो की हालत नाजुक देखते हुए मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में बैठी आमना बस से नीचे गिर गई। मौका पाकर चालक बस को लेकर फरार हो गया।

युवक ने साथियों के साथ झोपड़ी में लगाई आग

डिडौली, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सोनाली निवासी छोटे सिंह का आरोप है कि एक गांव के रहने वाले युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर झोपड़ी में आग लगा दी। जब विरोध किया, तो जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। आग लगने से झोपड़ी में रखा हजारों रुपए का सामान राख हो गया है। पीड़ित छोटे सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डिडौली कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डांस में रुपये देते युवकों का वीडियो वायरल

डिडौली, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरी में आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। सोमवार सुबह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह गांव में बार बालाएं अश्लील डांस कर रही है। युवक बार-बालाओं को रुपये दे रहे हैं।

सरकारी लक्ष्य से गेहूं खरीद केंद्र पीछे, पसरा सन्नाटा

महज 3214 क्विंटल गेहूं की अभी तक हो पाई है खरीद

संवाददाता, हसनपुर

हसनपुर में गेहूं क्रय केंद्र पर बैठे कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मंडी एवं आटा मिल में गेहूं महंगा होने के कारण इस बार गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद लक्ष्य से काफी पीछे हैं। नगर की मंडी समिति स्थित चार गेहूं क्रय केंद्रों पर 40,000 क्विंटल का लक्ष्य दिया गया था। इसके मुकाबले मात्र 3214 क्विंटल की खरीद हुई है। जबकि खरीद शुरू हुए डेढ़ महीना बीत चुका है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र में शासन के निर्देश अनुसार एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई थी। सरकार द्वारा गेहूं क्रय केंद्रों की शुरुआत से ही व्यवस्थाएं पूरी कर रखी थी। शुरुआत में कई दिनों तक केंद्र पर गेहूं नहीं आया, उसके बाद शासन के निर्देश अनुसार केंद्र प्रभारी द्वारा गांव गांव जाकर किसानों को गेहूं लाने के लिए प्रेरित किया, लेकिन उसके बाद भी मंडी एवं मिल पर केंद्रों से अधिक भाव होने के कारण किसान

● **कर्मचारियों की अपील करने के बाद भी नहीं आ रहे किसान**

गेहूं नहीं लाया। शासन की सख्ती के बाद केंद्रों पर कुछ गेहूं आया लेकिन गेहूं आने के बाद भी लक्ष्य का 10 प्रतिशत भी पूरा नहीं हो पाया। नगर में गेहूं खरीद के लिए सरकार द्वारा मंडी समिति में चार क्रय केंद्र बनाए गए हैं। मंडी समिति में शासन द्वारा आरएफसी के दो, एफसीआई का एक, पीसीएफ का गेहूं क्रय केंद्र खोला गया है। चारों सेंटरों पर शासन द्वारा 40000 क्विंटल गेहूं खरीद का निर्धारण की थी। जिसमें से चारों सेंटरों पर मात्र 3214 क्विंटल ही खरीद हो सकी। केंद्र पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद की जा रही है, जबकि मंडी में 2315 एवं मिल पर 2360 रुपये किसान का गेहूं खरीदा जा रहा है। इसलिए गेहूं क्रय केंद्रों पर किसान गेहूं लेकर नहीं आ रहा। गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

पांच साल की चचेरी बहन से किया दुष्कर्म

सैदनगली, अमृत विचार : थाना सैदनगली इलाके में युवक ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया है। मेडिकल के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ले की है। यहां निवासी युवक शादीशुदा है। उसने पांच साल की चचेरी बहन को हैवानियत का शिकार बना लिया। आरोपी युवक सोमवार दोपहर बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसके बाद युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची की हालत बिगड़ी तो दुष्कर्म का आरोपी फरार हो गया। जैसे ही बच्ची से दुष्कर्म की खबर परिजनों को लगी तो उनके होश उड़ गए। बच्ची के परिजनों ने तत्काल थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। गंभीर हालत में बच्ची का अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निशांत राठी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

मच्छरों से बचाव को एंटी लार्वा का छिड़काव, स्प्रे फॉगिंग कराएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

निर्देश

- **स्वास्थ्य विभाग की डेंगू से बचाव को एडवाइजरी जारी**
- **सीएमओ ने जिला पंचायत, स्थानीय निकायों के ईओ को भेजा पत्र**

अमृत विचार : मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सावधानी बरतने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने जिला पंचायत, शिक्षा और निकाय विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहकर अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारियों की रोकथाम के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मच्छरों के बचाव के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जिला पंचायत, शिक्षा व निकाय के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा है। सभी एमओआईसी को कनेक्ट की कम्युनिटी की थीम पर मच्छरों की रोकथाम के लिए लोगों जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव, स्प्रे फॉगिंग समेत अन्य उपाय अपनाने की सलाह दी है। कर्मचारियों को लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ भी दिलाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि पिछले वर्ष मच्छरों के प्रकोप के कारण जिले में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई थी। कई लोगों की जान भी गई।

पिछले वर्ष को देखते हुए इस वर्ष लोगों को पहले बीमारियों से सतर्क करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान शुरू किया गया है। बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लोगों को मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि पानी को एकत्रित न करने दें, कूलर के पानी को हर रोज बदलने आदि के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

भीषण गर्मी के चलते शटडाउन पर विद्युत विभाग ने रोक लगाई

अमरोहा, अमृत विचार : बिजली विभाग में भीषण गर्मी को देखते हुए शटडाउन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। आपूर्ति में बाधा बना रहे आरडीएसएस को भी विभाग ने अगले एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। जिससे कि उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से जूझना न पड़े।

सोमवार को अधिशासी अभियंता निखिल वर्मा ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी में शहर और ग्रामीण के लोग तपतपती गर्मी से बेहाल है। ऐसे में बिजली आपूर्ति में कटौती किए जाने से लोग परेशान हो जाते हैं। बार-बार की ट्रिपिंग ने उपभोक्ताओं का दिन का सुकून और रात की नींद भी छीन ली है। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए विभाग ने अब शट डाउन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि रोजाना 5 से 6 घंटे की कटौती आरडीएसएस को भी विभाग में अगले एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। ताकि उपभोक्ताओं को गर्मी में समस्या न हो और आपूर्ति भरपूर दी जा सके।

शादी में छुहारे बांटने पर हंगामा, मामा-भांजे को पीटा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई**

अमृत विचार : शादी समारोह में छुहारे बांटे जाने की रस्म को लेकर हंगामा हो गया। इस दौरान तीन युवकों ने छुहारे की थैली को लेकर छीना झपटी की। इसके विरोध पर आरोपियों ने मामा भांजे पर हमला कर दिया गया। इसके बाद मारपीट शुरू हुई। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के वासुदेव रोड स्थित बैंक्वेट हॉल का है। शनिवार रात यहां एक शादी समारोह था। बताया जा रहा है कि निकाह की रस्म के बाद दूल्हा पक्ष के लोग छुहारे बांट रहे थे। शहर के मोहल्ला चौक निवासी एजाज का आरोप है कि छुहारे बांटते समय सुबहान, समद व आशु ने थैली पर छीना झपटी शुरू कर दी। मना करने पर तीनों गाली गलौज करने लगे और विरोध कर हमला कर दिया। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। आरोपियों ने आजाद समेत बीच बचाव में आए उसके मामा मोहम्मद अहमद पर भी हमला कर मारपीट की। इसके बाद लोग एकत्रित हो गए और दोनों मामा भांजे जान छुड़ाकर भाग गए। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिगड़े हालात पर काबू पाया। उसके बाद घायलों को शहर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

बिजली का बिल सही करने के नाम पर बंद हो किसानों का शोषण

संवाददाता, हसनपुर

हसनपुर में भाकियू असली की पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भाकियू असली की मासिक पंचायत में किसान नेताओं ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर रोष जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी पड़ रही है, वैसे ही विद्युत आपूर्ति ठप होती जा रही है।

सोमवार को नगर के चेतन चौहान मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए मंडल महासचिव परम सिंह ने कहा कि बार-बार प्रशासन से मांग करने के बाद भी छुट्टा पशुओं को पकड़वाने का कोई भी इंतजाम नहीं किया जा रहा, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों एवं कुत्तों के आतंक के कारण लोगों में दहशत का माहौल है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र में खनन का कार्य जोरों पर है और राजनीतिक संरक्षण होने के कारण खनन माफिया पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर किसानों का शोषण कर रहे हैं जिसे तुरंत बंद कराया जाए। पंचायत में गोवर्धन, चौधरी समर सिंह, परम सिंह, रणवीर सिंह, राहुल, चहल, गोपीचंद, गुलशेर, अबरार, अलीमुद्दीन, गंगा साहय आदि किसान मौजूद रहे।

सड़क हादसे के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

मंडी धनौरा, अमृत विचार : भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 15 दिन पहले थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल तगा निवासी भाकियू के न्याय पंचायत अध्यक्ष मनोज त्यागी के भाई राजीव त्यागी पुत्र महेश त्यागी के साथ गांव के ही दो लोगों ने मारपीट की थी। जिससे राजीव त्यागी का कंधा व पसली टूट गई थी। जिसका 15 दिन तक मेरठ मेडिकल में इलाज कराया था। मामले में धनौरा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। जिसको लेकर भाकियू ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की और चेतावनी दी कहा कि 23 मई तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो 24 मई को धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मनोज त्यागी, कपिल त्यागी, जसपाल गिल, कलुवा खां, आसिफ अली, वकील अहमद, जुल्फुगार मलिक, शब्बन खां आदि मौजूद रहे।

सच्चे ह्दय से श्याम का सुमिरन किया करो

संवाददाता, मंडी धनौरा

मंडी धनौरा में खाटू श्याम के संकीर्तन में भजन सुनते भक्त। ● अमृत विचार

- **बाबा खाटू श्याम के भजन सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर**
- **भजनों के बाद मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर बांटा प्रसाद**

अमृत विचार : टीचर कालोनी स्थिति श्री नवदुर्गा शिव साई मंदिर में श्याम बाबा का संकीर्तन किया। संकीर्तन में भजन गयक दीपक शर्मा ने ह्रदय से श्याम का सुमिरन किया करो। भजन गायक अर्पित कौशिक ने श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है।

भजन गायक मीनू शर्मा ने रोती हुई आंखों को मेरे श्याम हंसाते हैं। भजन गायक शौर्य मित्तल ने मैंने सुना है, सांवरे तुम हारे का देते साथ। भजन गायक कृष वर्मा ने तेरा किसने किया श्रंगार सांवरे। भजन गायक देव शर्मा ने मेरी जो लाज है, बाबा तेरे हाथ है। नमन रस्तोगी ने दीनानाथ मेरी बात छानी कोंनी तेरे से, लक्की अग्रवाल ने अर्जी करते करते मैं तो हार गया जैसे भजन सुनकर भक्त मंत्र मुग्ध हो गए। बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगा बताया। द्वादशी पर हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर, चूरका भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, सुमन, पारस, सचिन, नीरज रस्तौगी, सौरभ शर्मा, पूनम, ज्योति, नरेंद्र, पीतम सिंह, विशाल, हर्ष, राखी, धर्मेंद्र, नमन राजेन्द्र, सीमा, प्रमोद कुमारी आदि भक्त मौजूद रहे।

शिक्षक दंपती व गीता खंडेलवाल को न्यायालय से नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **कोर्ट ने मामले में रिवीजन याचिका को खारिज किया**

अमृत विचार : राशन के लेनदेन को लेकर शिक्षक दंपती की सेवानिवृत्त मां गीता खंडेलवाल की याचिका को स्पेशल जज ने खारिज कर दिया है।

मोहल्ला कोट निवासी अधिवक्ता मनु शर्मा ने 21 अगस्त 2021 को संपूर्ण समाधान दिवस में तत्कालीन जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी से शिकायत की थी कि मोहल्ला कोट निवासी शिक्षक अर्पित खंडेलवाल, उसकी शिक्षक पत्नी वर्षा गुप्ता एवं उनकी माता गीता खंडेलवाल ने फर्जीवाड़ा कर सरकार से अनुचित लाभ प्राप्त कर पात्रों को रिश्तेदार बनाकर राशन कार्डों में फर्जीवाड़ा करके राशन हड़पा है और गबन किया था। आरोप सही पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर ने शिक्षक दंपती के वेतन से 13,500 रुपये की वसूली करके दोनों शिक्षकों के विरुद्ध अध्यापक आचरण नियमावली के उल्लंघन का दोषी मानते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि भी निर्गत की थी। इसके उपरांत मामला कोर्ट के आदेश पर पुलिस में दर्ज हुआ। शिक्षक दंपती अर्पित खंडेलवाल एवं उसकी पत्नी वर्षा गुप्ता ने न्यायालय से मामले में जमानत करा ली। परंतु गीता खंडेलवाल की ओर से डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसके विरुद्ध उन्होंने सेशन कोर्ट में इसका रिवीजन याचिका प्रस्तुत की। जिस पर सुनवाई के उपरांत सोमवार को विशेष सत्र न्यायाधीश प्रेमलता त्यागी की कोर्ट ने शिक्षक दंपती सहित उनकी मां गीता खंडेलवाल की रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है।

एकजुट होकर वैश्य समाज को आगे बढ़ाएं

संवाददाता, सैदनगली

सैदनगली में वैश्य समाज के कार्यक्रम में सम्मानित छात्र। ● अमृत विचार

- **वैश्य समाज महासभा ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित**

अमृत विचार : वैश्य समाज महासभा ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। कार्यक्रम में वैश्य समाज के लोगों को एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए काम करने को कहा।

रामसेवक मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वैश्य समाज महासभा ने हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा पास करने वाले वैश्य समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। समाज के जिन बच्चों ने सरकारी नौकरी प्राप्त की है, उन्हें भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष निशांत राठी व अन्य अतिथियों ने हाईस्कूल एवं इंटर की प्रयांशी, पाखी गुप्ता, अन्या गुप्ता, शिवि, माही, नव्या अग्रवाल, सिद्धि, हिमांशी, कार्तिक, ओम, आर्यन गुप्ता, नेट जेआरएफ पास करने वाली हर्षिता गुप्ता व उत्तर रेलवे में स्टेशन मास्टर बनी आयुषी अग्रवाल और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी पाने वाले तुषार, पौरुष, ऋषभ गुप्ता को स्मृति चिह्न एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वैश्य समाज महासभा के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग ने कहा कि हम सभी लोगों को वैश्य समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। समाज के विवादों को सहमति के आधार निपटाने का प्रयास करना है। उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता ने कहा की एकजुट होकर रहें। इस अवसर पर अंकित गुप्ता, पदमेश गुप्ता, महेश गुप्ता, सत्यम, पंचु अग्रवाल, सचिन, ब्रजेश अग्रवाल, अनुराग, नवनीत, निशित गुप्ता, शरद, करुण,अमन, राकेश हिंदू, अनिल, अनुराग, महेंद्र प्रताप, नवदीप, यशदीप गुप्ता, अनुज अग्रवाल, पुनीत कुमार, धीरज, अरविंद गुप्ता, संजीव कुमार रहे।

शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग, आपूर्ति ठप

संवाददाता, गजरौला

गजरौला में ट्रांसफार्मर में लगी आग।

अमृत विचार : भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ना शुरू हो गया है। शहर में रखे ट्रांसफार्मर में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए।

सोमवार सुबह करीब सात बजे सलेमपुर गोसाई रोड स्थित जलालनगर मोहल्ले में रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस दौरान शहर के मोहल्ले की बिजली करीब पांच घंटे गुल रही। जिससे भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था भी चरमरा गई। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर 12 बजे ट्रांसफार्मर ठीक होने के पर बिजली सुचारु की गई। बिजली विभाग के जेई अजय कुमार ने बताया कि शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। दोपहर के समय ट्रांसफार्मर को ठीक कराकर क्षेत्र की बिजली सुचारू करा दी गई है।

अनदेखी एक सप्ताह में किस्त मिलने की उम्मीद, अक्टूबर 2023 तक पूरा होना था सड़क का निर्माण

जर्मन तकनीक से बनने वाली सड़क का निर्माण अधर में, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता, रहरा

रहरा में उखड़ी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

अमृत विचार : क्षेत्र में 5.8 किमी लंबी सड़क का निर्माण जर्मनी की तकनीक से 7 करोड़ 23 लाख रुपये से होना है, लेकिन निर्माण की समयावधि समाप्त होने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य अधर में है और लगातार शिकायत और मांग के चलते डेढ़ वर्ष में सिर्फ अभी तक बेस बनाया गया है। क्षेत्रवासियों ने सड़क का निर्माण जल्द पूरा करने के मांग की है। काम अधूरा रहने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हसनपुर तहसील एवं गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव ढवारसी से आदमपुर तक 5.8 किमी लंबी सड़क का निर्माण जर्मन की तकनीक से किया जा रहा है। हालांकि इस सड़क का निर्माण कार्य नौ अक्टूबर 2023 को पूरा होना था, लेकिन समयावधि निकल जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जुलाई 2023 को 100 मीटर सड़क पर बेस का कार्य करकर उसके नमूने रुड़की जांच के लिए भेजे गए थे। इसके बाद फरवरी 2024 को सड़क पर बेस बनाने का निर्माण कार्य शुरू किया। जिसे दो सप्ताह में पूरा कर दिया गया। लेकिन गर्मी के मौसम में तेज हवाओं के चलने के कारण इस सड़क से होकर गुजरना दो पहिया वाहनों के लिए कठिनाइयां भरा है। क्योंकि यहां से गुजरने पर धूल भरी हवा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ढवारसी से आदमपुर तक पूरी सड़क पर बजरी और पत्थर पड़ा हुआ है, जिसके चलते राहगीरों के दो पहिया वाहनों का बजरी पर फिसलने का डर बना रहता है। यह मार्ग थाना आदमपुर तथा रहरा विकास खण्ड कार्यालय तथा अलीगढ़ जाने का मुख्य मार्ग भी है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण पूरा करने के मांग की है।

जल्द काम होगा शुरू

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता रोहित ने बताया कि सड़क पर बेस तैयार किया जा चुका है। बाकी कार्य के लिए यूपीआरआरडीए से धनराशि नहीं मिली है। एक सप्ताह में धनराशि मिलने की उम्मीद है। जैसे ही धनराशि मिल जाती है, तो बेस पर उखड़ी बजरी को दुरुस्त कराकर 40 एमएम की रोड़ी व तारकोल की परत बनवाई जाएगी। हंसराज कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बेस बनाने का कार्य पूरा कर दिया है। सड़क पर बेस बनने से रहागीरों को गड्ढों से मुक्ति मिल गई है।

सड़क का निर्माण पूरा न होने के कारण धूल बहुत उड़ती है। जिससे हमारी आंखें बंद हो जाती है। फिर हमें सामने का कुछ दिखाई नहीं देता है। जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

–शंकर सिंह, ग्राम प्रधान दमगड़ा

सड़क का कार्य जल्द पूरा कराया जाए ताकि आदमपुर और ढवारसी आने-जाने में आसानी हो सके। आए दिन लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं। सड़क पर उड़ती धूल दिक्कतों का सबब बन रही है।

–विजेंद्र कुमार राणा, ग्रामीण

यहां से गुजरने वाले वाहनों द्वारा जो धूल उड़ती है। वह घरों में पहुंच रही है। जिस कारण हमें सांस लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

–गोपाल सिंह राणा

जब सड़क का निर्माण शुरू हुआ था, तो खुशी हुई और ऐसा लगा कि वर्षों से जो हम परेशानी झेलते आ रहे हैं। उसे जल्द ही निजात मिल जाएगी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है।

–सतपाल सिंह राणा, ग्रामीण

एक नजर

80 प्रतिशत झुलसी महिला का दिल्ली में चल रहा उपचार

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण गंज में रविवार की रात शॉट सर्किट से गैस सिलेंडर के पाइप में आग लगने पर एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से झुलस गई। 80 प्रतिशत झुलसी महिला को उपचार के लिए मुरादाबाद और फिर दिल्ली भर्ती कराया गया है। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में रूबी 32 वर्ष की मौत हो गई। जबकि इसरार की पत्नी यासमीन उर्फ बेबी को परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां 80 प्रतिशत झुलसने से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन महिला को मुरादाबाद के टीएमयू लेकर पहुंचे। जहां सोमवार को महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन दिल्ली ले गए।

विवाद में चाचा ने भतीजे को पीटा

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में सोमवार सुबह दस बजे करीब एक चाचा ने अपने भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की मां यासमीन ने बताया कि उसका बेटा आसिम घर के बाहर खेल रहा था। उसी समय बेटी आसिम की अपने चाचा के बेटों से कहासुनी हो गई। इसके बाद चाचा ने आसिम को डंडों से पीटा। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित मां घायल बेटे को लेकर कोतवाली पहुंची और तहरीर दी।

बाइक फिसलने से महिला घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुंदरकी के गांव पढ़िया निवासी जगपाल सिंह रविवार की रात करीब 10 बजे गांव की महिला राजेंद्री के साथ शादी समारोह में शामिल होने बाइक से थाना बनियाठेर के गांव आटा जा रहा था। रास्ते में मुरादाबाद रोड स्थित जीरो प्वाइंट के पास उसकी बाइक के नीचे ईंट आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और बाइक पर सवार महिला राजेंद्री घायल हो गई। घायल महिला को सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

मृत बच्चे को जन्म देने के बाद दुष्कर्म पीड़िता ने तोड़ा दम

शादी का झांसा देकर छह महीने तक किया था शारीरिक शोषण

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर छह माह तक शारीरिक शोषण करने के मामले में दुष्कर्म पीड़िता की मृत बच्चे को जन्म देने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।

बहजोई के एक मोहल्ला निवासी नागरिक ने 17 अप्रैल को थाना बहजोई में रिपोर्ट दर्ज कराकर कहा था कि मोहल्ले के ही एक युवक ने उसकी 22 वर्षीय पुत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक शोषण छह महीने तक किया था। जिससे उसकी पुत्री गर्भवती हो गई थी। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। तीन दिन पहले पर प्रसव पीड़ा हुई तो युवती की हालत बिगड़ गई। बहजोई के सरकारी अस्पताल से उसे रेफर कर दिया गया था। मेरठ के निजी अस्पताल में युवती ने मृत बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को जन्म देने के बाद युवती की हालत और बिगड़ने लगी। सोमवार को युवती ने मेरठ के एक निजी अस्पताल में अपना दम तोड़ दिया। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि युवती को मृत बच्चा हुआ था। इसके बाद उसकी हालत और बिगड़ी उपचार के दौरान सोमवार को मेरठ के एक अस्पताल में युवती ने अपना दम तोड़ दिया।

महिला से प्रेम संबंध में पत्नी को पेड़ से बांधकर पीटा

गुन्नौर, अमृत विचार : महिला से संबंधों के चलते पति ने पत्नी के उत्पीड़न की हदें पार कर दी। आरोप है कि शराब के नशे में पति आये दिन पत्नी से मारपीट करता है। इस दौरान उसे नीम के पेड़ से बांधकर भी पीटा। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। बुलंदशहर जनपद के थाना रामघाट क्षेत्र के गांव सिलहारी निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने बेटी विमलेश की शादी वर्ष 2013 में गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव घुघईया निवासी सुरेन्द्र पुत्र नरेश से की थी। आरोप लगाया कि गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध के चलते सुरेंद्र विमलेश के साथ आये दिन गाली गलौज व मारपीट करता है। प्रेमिका के उकसाने पर विमलेश को नीम के पेड़ से बांधकर पिटाई की गई। विमलेश का कहना है कि पति ने एक महिला से नाजायज संबंध बना रखे हैं। जब वह इसका विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट की जाती है। पति सुरेन्द्र ने उसकी कनपटी पर तमंचा सटाकर धमकी दी है कि अगर अपने घर या किसी को बताया तो जान से मार डालेगा। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सामने ट्रेन आते देख पुल से नीचे कूदा की-मैन, घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रेलवे ट्रैक की देखभाल के दौरान हुई घटना
- घायल का मुरादाबाद के रेलवे अस्पताल में चल रहा उपचार

अमृत विचार: चन्दौसी-अलीगढ़ रेलवे ट्रैक पर मझोला हाल्ट के पास सोत नदी के पुल पर ट्रेन आने पर की-मैन नीचे कूद गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेलवे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेलवे अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

अलीगढ़-चन्दौसी रेल मार्ग पर हादसा होते-होते बच गया। रेलवे विभाग में बहजोई में की-मैन के पद पर संदीप कुमार कार्यरत है। सोमवार की सुबह आठ बजे वह चन्दौसी-अलीगढ़ रेलवे ट्रैक पर कार्य करने निकला। की-मैन जब रेलवे ट्रैक पर कार्य करते हुए चन्दौसी-बहजोई रेल मार्ग पर मझोला हाल्ट के आगे निकला तो पुल नंबर 73 व सोत नदी के पुल पर उसकी नजर सामने गई तो होश उड़ गए। सामने से अलीगढ़-चन्दौसी-मुरादाबाद पैसेंजर आ रही थी। ट्रेन को आता देख आनन-फानन में उसने पुल से नीचे छलांग लगा दी। हादसे में उसकी जान तो बच गई, मगर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायल की-मैन को क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेलवे अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद की-मैन को उपचार के लिए मुरादाबाद स्थित रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया।

> अलीगढ़-चन्दौसी रेलवे मार्ग पर मझोला हाल्ट के पास सोत नदी पुल से ट्रेन आने पर की-मैन गिर कर घायल होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे उसे उपचार के लिए रेलवे के अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेलवे अस्पताल भेज दिया।
> **-आशीष मिश्रा,** स्टेशन अधीक्षक

पदाधिकारियों को दायित्वबोध की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी का अधिष्ठापन समारोह सोमवार को झून्नीलाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। समारोह पूर्वक परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा एवं भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं वंदेमातरम् गीत का गायन करके किया गया। बालिका पाखी एवं परी ने मां सरस्वती वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। अधिष्ठापन समारोह एवं दायित्वबोध कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष आलोक गुप्ता, प्रांतीय वित्त सचिव माधव गुप्ता, प्रांतीय महिला संयोजिका सुनीता अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष पीके अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय संरक्षक जगन्नाथ चावला, अधिष्ठापन अधिकारी सुधीर शर्मा की उपस्थिति में यह दायित्व बोध कार्यक्रम हुआ। जिसमें नई कार्यकारिणी का दायित्व बोध अधिष्ठापन अधिकारी सुधीर शर्मा ने कराया। इसके बाद अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा, सचिव डॉ. दुर्गा टंडन, वित्त सचिव डीसी गुप्ता, महिला संयोजिका रेखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा को दायित्वबोध की शपथ दिलाई गई। नवगठित कार्यकारिणी दायित्व बोध कार्यक्रम, नए सदस्यों का संकल्प कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सर्वाधिक शाखा विस्तार करने वाले डीसी गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रांत से आए सभी दायित्व धारी अधिकारियों ने शाखा चन्दौसी का मार्गदर्शन किया एवं आगामी कार्यकाल हेतु विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में परिषद संरक्षक प्रभात कृष्णा, अनिल गोयल, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने शाखा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिषेक कुमार गुप्ता, अमित राज, गिरेन्द्र अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, विपिन गुप्ता, भावना गुप्ता, अमित सिंह, आशा गोस्वामी, नागेश गुप्ता, सुमन गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सोनी, राजकुमार गोयल, सरोज शर्मा, डॉ. विदुषी गुप्ता, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. अरविंद गुप्ता, जयशंकर दुबे, मधुकर शंखधार, शैलेंद्र, सुरेश, महेश, अनुराग सक्सेना, यतेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह में शपथ लेते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन समारोह एवं दायित्ववोध कार्यक्रम हुआ

इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम में प्रवेश को आवेदन जल्द

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 से इंजीनियरिंग विभाग में डिप्लोमा समेत अन्य नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जल्द आवेदन शुरू होंगे। विश्वविद्यालय जल्द ही प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा। कुछ दिनों पहले ही आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी थी। इसके अलावा एआईसीटीई ने परिसर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एमटेक शुरू करने और कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में 60 सीटों के साथ बीटेक के एक अतिरिक्त सेक्शन की अनुमति भी दी थी। नए पाठ्यक्रमों के तहत एमटेक की 60 सीटों, सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें होंगी। इंजीनियरिंग विभाग के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में अब 480 अधिक छात्र प्रवेश ले सकेंगे।

सार-संक्षेप

हिजामं की नगर कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हिंदू जागरण मंच की नगर कार्यकारिणी का गठन

चन्दौसी, अमृत विचार : हिंदू जागरण मंच नगर इकाई की बैठक ब्रह्म बाजार स्थित चन्द्रा स्टूडियो में हुई। जिसमें संगठन की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मंच के जिला सह संयोजक निखिल किशोर पांडे की उपस्थिति में नवीन सत्र की नगर कार्यकारणी में क्रमश : नगर कार्यकारणी सदस्य एसके शर्मा को संपर्क आयाम और इसी क्रम में नवनीत कुमार एडवोकेट को महिला सुरक्षा का कार्य, गौरव यादव को युवा का कार्य, तुषार क्रिस्टल को सूचना संग्रह व मनोज राघव को विधि आयाम के दायित्व से नवाजा गया। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रम हिंदू साम्राज्य दिवस जो कि 6 जून को मनाया जाएगा, को सफल बनाने के लिए हिंदू स्वाभिमान सुरक्षा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गौरव को अध्यक्ष, उमेश शर्मा को उपाध्यक्ष, प्रफुल्ल मित्तल को सचिव मनोनीत किया गया। अध्यक्षता नगर संयोजक हनी चन्द्रा ने की। संचालन नगर सह संयोजक अंकुश गौड़ ने किया। इस अवसर पर रजत बजरंगी, अन्नू पंडितजी, दीपक वार्ष्णेय, गुलशन वार्ष्णेय, आलोक वार्ष्णेय, एसके शर्मा, पंकज वर्मा, पवन कुमार, सुभाष चंद्रा, मनोज कुमार, ब्रज गोपाल वार्ष्णेय, सचिन दयाल, रिंकू शर्मा, पंचगोपाल वार्ष्णेय, पुनीत वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

एएम वर्ल्ड स्कूल में समर कैंप में पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर की मस्ती

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के मौलागढ़ स्थित एएम वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को भीषण गर्मी के चलते छोटे-छोटे बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें प्ले से यूकेजी तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया।स्कूल कैंपस को समुंद्र तट जैसा सुंदर सजाया गया। रंग बिरंगे झंडे, छाते, वाटर बलून, स्विंगपूल, मिक्कीमाउस आदि सजावट ने बच्चों को खूब आकर्षित किया। जिसमें बच्चों ने गर्मी से राहत पाते हुए स्विमिंगपूल का भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने स्विमिंगपूल में डांस और मस्ती की। बच्चों ने स्विमिंगपूल में पानी के बीच डांस करते हुए धमाल मचाया। रंगीन चश्में व छाते के बीच रेन डांस भी किया। संगीत की धुनों के बीच ठंडे पानी में बच्चों ने अपने दोस्तो के साथ खूब मस्ती की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

स्कूल के समर कैंप में बच्चों को गेम खेलना सिखाती शिक्षिका। ● अमृत विचार

बच्चों में छिपी प्रतिभा उभारने को समर कैंप लगा

चन्दौसी, अमृत विचार : एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है। सोमवार को पहले दिन बच्चों व उनकी माताओं ने समर कैंप में प्रतिभाग किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभा को उभारना है। समर कैंप का आरंभ सुमन भार्गव ने फीता काटकर किया। जिसमें इंग्लिश हैंड राइटिंग में क्रविंग, आर्ट व क्राफ्ट में बर्ड बनाया। ताइक्वांडो में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा बच्चों को सोशल स्किल में रैंप वॉक, डांस में जुबी डूबी व लूट पुट गाने पर ठुमके लगाना सिखाया गया। जिसमें शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, दिया, नीरज, सरस्वती, दीपिका, नेहा, काजल, सरिता, रक्षा, मनशा, अर्शी, कोमल, पारुल, दिव्या, सिखा, संतोष, दीक्षा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

अब 15 जून तक होंगी वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि 15 जून तक विस्तारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि बीए, बीएससी व बीकॉम और एमए, एमएससी और एमकॉम की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराकर 15 जून तक अंक अपलोड कर दें, इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

भीषण गर्मी में बिलबिलाए लोग, नहीं रुका पसीना

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : गर्मी के चलते सोमवार को भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग बिलबिला गए, दिनभर माथे से पसीना टपकता रहने के बीच दोपहर में सिर चकराने के हालात भी बने। चिलचिलाती धूप की वजह से शाम को पांच बजे भी बाजारों, चौराहों पर रौनक नजर नहीं आई।

सोमवार को सुबह से चिलचिलाती धूप के चलते लोग परेशान दिखे। बाइक सवारों को ज्यादा दिक्कतें हुईं क्योंकि गर्म हवा चेहरे पर लग रही थी। कई लोगों ने गर्म हवा के थपेड़ों से बचने के लिए चेहरों पर कपड़ा भी ढक रखा था। दोपहर 12 बजे के बाद तो हालात ज्यादा खराब हो गए। शिकंजी, गन्ने का रस और कोल्डड्रिंक की खूब बिक्री हुई। युवाओं और किशोरों को स्वीमिंग पूल और निजी नलकूपों पर नहाते देखा गया। भीषण गर्मी के कारण शाम को पांच बजे भी सार्वजनिक स्थानों पर रौनक का माहौल नहीं बन सका। बाजारों में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए।

संभल में शरबत बांटते गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर दी राहत

संभल अमृत विचार : दावते इस्लामी इंडिया की संस्था गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से नखासा चौराहा पर ठंडे शरबत की सबील लगाई गई। जिसमें संस्था के सदस्यों ने लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया। शरबत का सेवन करके लोगों ने भीषण गर्मी में राहत महसूस की। लोगों ने संस्था के कार्य को सराहा। इस दौरान शारिक अत्तारी, अब्दुल मोबीन अत्तारी, हाजी वसीम अत्तारी, हाजी यूसुफ वारसी, फरदीन अत्तारी, रिजवान अत्तारी आदि ने सहयोग किया।

- संभल में पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, दिक्कतों से जूझा जनजीवन
- दोपहर में चिलचिलाती धूप के कारण घरों में कैद हुए लोग

गर्मी ने दिखाए तेवर बह गया पसीना, हाल बेहाल हुआ जन जीवन

चन्दौसी, अमृत विचार : मई माह में अचानक बढ़ी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सोमवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से लोग बेचैन हो गए। घर से निकलते ही लोग पसीने से तर-ब-तर हो रहे थे। बाजारों समेत गली मोहल्लों में सन्नाटा पसरा रहा। शाम को लोग घरों से निकले तो बाजारों में रौनक नजर आयी। सोमवार को सुबह से ही सूर्यदेव आग उगलने लगे। सुबह 10 बजे तक धूप में इस कदर तपिश थी कि घर से निकलना मुश्किल हो रहा था। पंखे को छोड़ लोग कूलर व एसी में राहत महसूस कर रहे थे। जरुरत मंद लोग मुंह व सिर पर कपड़ा बांधकर घर से निकले। दिन ढलने पर भी गर्म हवा का एहसास होता रहा। हालांकि गली मोहल्लों में बच्चों की चहल पहल नजर आयी।

फाल्ट होने से गणेश कॉलोनी में आधे घरों की बिजली रही गुल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- करीब चार घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति,पेयजल को तरसे लोग

अमृत विचार: जहां एक ओर भीषण गर्मी तेवर दिखाने लगी है। वहीं गर्मी के बढ़ते ही शहर की बिजली व्यवस्था भी लड़खड़ाने लगी है। गर्मी बढ़ते ही बिजली ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या बढ़ने लगी है। सोमवार को आधी गणेश कालोनी की बिजली करीब चार घंटे बंद रही। सुबह के समय बिजली गुल होने से लोगों के सबमर्सिबल भी ठप हो गए। पेयजल समस्या से लोगों को जूझना पड़ा।

गणेश कालोनी शहर की सबसे बड़ी कालोनियों में एक है। यहां गली नंबर 10 व ग्रीन पार्क के निकट रखे ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई की जाती है। सोमवार की सुबह गली नंबर 10 में रखे ट्रांसफार्मर में फाल्ट से आधी गणेश कालोनी की बिजली गुल हो गई। सुबह छह बजे से ही बिजली गुल होने से नौकरीपेशा वाले लोगों व स्कूली बच्चों को दैनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह छह बजे से ही बिजली गुल होने से घरों में लगे सबमर्सिबल व मोटर शोपीस बने रहे। जिससे पेयजल संकट गहरा गया। लोगों ने सरकारी हैंडपंप व पास पड़ोस के घरों में लगे हैंडपंप का सहारा लिया। महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। जिनके आसपास भी हैंडपंप नहीं थे वे हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे और बिजली आपूर्ति सुचारु होने का इंतजार करते रहे। वहीं लोगों की शिकायत पर बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और फाल्ट सही कर आपूर्ति सुचारु कराई।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम NADEEM KHAN से बदलकर MOHAMMAD NADEEM रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जाये। MOHAMMAD NADEEM पुत्र श्री अफसर अली निवासी मौहल्ला कलघर मज़ार अल्लाहू दादा, रामपुर।

नाम-परिवर्तन

पहले मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश अलकेफ अहमद (ALKEIF AHMAD) लिख गया था जबकि बेटे का सही नाम अलकैफ अहमद (ALKAIF AHMAD) है भविष्य में मेरे बेटे को अलकैफ अहमद के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। परवेज़ अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी 162, गौडी चौराहा मोहल्ला चमारान कस्बा केमरी तहसील बिलासपुर, रामपुर।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैं महेन्द्र सिंह पुत्र श्री टीकाराम, निवासी विक्रम वाली गली सख्या-1, साई सेलिब्रेशन के सामने, लाइनपार, मझोला, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001, अपने दोनों पुत्र शुभम पाल, नवीन कुमार, व पुत्रवधु पिंकी पाल पत्नी शुभम पाल निवासी पुत्र महेन्द्र सिंह, निवासी गली सख्या-1, साई सेलिब्रेशन के सामने, लाइनपार, मझोला, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001, को गलत संगत में पड़ जाने तथा कहना ना मानने की वजह से उक्त सभी को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ आज से इनका मेरा कोई सम्बन्ध नहीं रहा भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें।

पुलिस ने भाजपा नेता को पीटा, हवालात में डाला

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- गुस्साये कार्यकताओं ने थाने में किया हंगामा, धरने पर बैठे

अमृत विचार : चक्की पर गेहूं की घटतौली को लेकर विवाद के बाद मारपीट में पीड़ित के साथ थाने गए भाजपा मंडल अध्यक्ष को पुलिस ने मार पीटकर हवालात में डाल दिया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा कर धरने पर बैठ गए। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने मामला शांत कराया। चक्की संचालक व अन्य के खिलाफ घटतौली, धमकाने और मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी ने पुलिस पर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

गांव हाफिज नगला निवासी श्यामपाल रविवार को 15 किग्रा गेहूं पिसवाने के लिए गांव नगरिया दुगानी निवासी अजय पाल की चक्की पर गए थे। जहां कंप्यूटरीकृत कांटे पर गेहूं एक किग्रा कम निकले। श्यामपाल ने तौल को लेकर विरोध किया। विवाद के बाद गाली-गलौज और हाथापाई हो गई। श्यामपाल ने भाजपा मंडल महामंत्री राहुल लोधी को फोन करके सूचना दी। श्याम पाल के साथ राहुल थाना उसहैत पहुंचे। मंडल महामंत्री के अनुसार थाने में हल्का दरोगा जाहिद हुसैन और सिपाही नितिन मिले। वे दोनों श्यामपाल को झूठा बताने लगे। जिसके चलते नोकझोंक होने लगी। राहुल का आरोप है कि दारोगा के कहने पर सिपाही ने उनके साथ मारपीट की और हवालात में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे गए और अधिवक्ता कुलदीप सिंह के साथ धरने पर बैठ गए। वे दारोगा और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सोमवार को भाजपाई एसएसपी कार्यालय पहुंचे और दारोगा व सिपाही की शिकायत की।

खेत में तारकशी कर छोड़ा करंट, दो गोवंश की मौत

बदायूं,अमृत विचार : मक्का की फसल की चारों ओर की गई तारकशी में छोड़े गए करंट से दो गोवंश की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को सूचना दी। हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सक को बुलाया। गोवंश के शवों को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन कराया। किसी की ओर से भी शिकायत नहीं की गई है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर और गठौना के बीच एक किसान ने अपने खेत में खड़ी मक्का की फसल की तारकशी की थी जिसमें करंट भी छोड़ दिया था। रविवार देर रात तो गोवंश करंट की चपेट में आ गए। दोनों गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। किसी ने इसका वीडियो बनाया वायरल कर दिया। हल्का लेखपाल सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को जानकारी देकर पशु चिकित्सक को अवगत कराया। पशु पालन विभाग के तीन सदस्यीय टीम ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया।

अनदेखी ग्राम प्रधान से शिकायत के बावजूद सुनवाई न होने पर ग्रामीणों में रोष

फरीदपुर में सड़कों पर कीचड़, उफन रहीं नालियां

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव फरीदपुर में पांच वर्ष पहले बना नाला क्षतिग्रस्त होने से चोक हो गया है। जिससे गांव की गलियों की नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। नालियों का गंदा पानी कीचड़ के साथ सड़क पर जमा हो गया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान से शिकायत के बावजूद सुनवाई न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

गांव फरीदपुर में पिछली ग्राम प्रधानी के कार्यकाल में नाला निर्माण कराया गया था। जिससे घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास हो सके लेकिन नाला कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। नाले में गंदे पानी का निकास बाधित होने से गांव की नालियां चोक हो गई हैं। सड़क पर कीचड़ फैलने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से गांव में सफाई कर्मी में नहीं आया है। गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं जिससे बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है।

गांव फरीदपुर में गंदगी से अटी नालियां। ● अमृत विचार

इस संदर्भ में कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया लेकिन हर बार की तरह आश्वासन ही मिला। गांव में नियमित सफाई कराई जानी चाहिए। **-नवनीत कुमार,** ग्रामीण

अधिकांश गलियों में नालियां चोक होने से सड़क पर गंदगी पसरी रहती है। जिससे मच्छर पनप रहे हैं। ।ऐसे में बीमारियों के फैलने का भय बना रहता है। **-भूरे सिंह,** ग्रामीण

नाला क्षतिग्रस्त व चोक होने से घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास बाधित हो गया है। जिससे सड़कों पर नाली का पानी व कीचड़ पसरी रहती है। आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।
-दुर्विजय सिंह, ग्रामीण

गर्मी के मौसम में दस्तक दे दी है। नालियां चोक होने से सड़कों पर फैली गंदगी नियमित साफ नहीं होती। सफाई कर्मी कभी नहीं आता। जिससे बीमारियों के फैलने का भय बना रहता है। **-कमल सिंह,** ग्रामीण

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

संपादकीय

बढ़ती बिजली की मांग

भारत वृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कोयला क्षेत्र देश की प्रगति, आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण की आधारशिला बना हुआ है। साथ ही विद्युत क्षेत्र की आधारशिला के रूप में कोयला हमारी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं में आधे से अधिक योगदान देता है और उद्योगों की रीढ़ के रूप में कार्य करता है। पिछले दशक में, मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत परियोजनाओं ने लगातार देश के कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्से का योगदान दिया है। बिजली की मांग में भारी वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निरंतर निर्भरता की आवश्यकता होती है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर बिजली की मांग बढ़ी है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। राहत की बात है कि सरकार ने तत्परता दिखाते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मानसून से पहले सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने की व्यापक योजना बनाई है। क्योंकि बिजली की औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी के बीच, इस बात के संकेत हैं कि बिजली उत्पादन के लिए भारत का कोयला भंडार आदर्श स्तर से नीचे है। कोयले के स्टॉक में गिरावट किसी चुनौती से कम नहीं है। उधर सरकार का दावा है कि हाल ही में कोयला, बिजली तथा रेलवे की अंतर-मंत्रालयी समिति के स्तर पर राज्य बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ उप-समूह की बैठक में पाया गया कि देश के सभी ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था मौजूद है। 'पिट-हेड' (खनन गड्ढे) पर मौजूद और टीपीपी को भेजे जा रहे कोयले का कुल भंडारण इस वर्ष 15 मई को 14.7 करोड़ टन था जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है। ताप विद्युत उत्पादन 8.78 प्रतिशत और कोयला आपूर्ति 8.45 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष कोयले का उत्पादन पिछले साल की तुलना में 7.26 प्रतिशत बढ़ रहा है। सरकार के मुताबिक पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की पूर्ति के रास्ते में कोयला सेक्टर का बड़ा योगदान रहने वाला है। आमतौर पर कोयला खानों के पास स्थित संयंत्रों में शुष्क ईंधन स्टॉक की स्थिति गंभीर नहीं होती है। वहीं जो संयंत्र कोयला खानों के पास नहीं हैं, उनके लिए कोयला दूरदराज से पहुंचाना पड़ता है। इसलिए कोयला आपूर्ति के लिए रेलवे को नियमित आधार पर कोयला परिवहन के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

कहां रुकेगा पीछे खिसकता लोकतंत्र

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है।

देश में आम चुनाव की गहमागहमी है, लेकिन दुनिया में भारतीय लोकतंत्र का बैकस्लाइड (पीछे खिसकना) चर्चा का विषय बना हुआ है। दुनिया भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं की नजर में भारत की स्थिति पिछले कुछ सालों में बदतर होती गई है। लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईसी) ने भारत को एक 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' (गड़बड़ लोकतंत्र) माना है और 2016 से 2023 के बीच प्रकाशित उसके अध्ययनों में भारत का स्थान 27 वें से गिरकर 53 वां हो गया है।

कुछ समय पहले ईआईसी ने सूचना जारी की कि भारतीय अधिकारियों ने उसके जिम्मेदार लोगों से संपर्क किया और उनसे आग्रह किया कि अपने निष्कर्ष निकालने के लिए वे उन्हीं आंकड़ों और तथ्यों का इस्तेमाल करें, जो भारत सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से जारी किए गए हैं। संस्था की ओर से इस बारे में साफ मनाकर दिया गया, लेकिन यह बात सामने आने से भारत की छवि थोड़ी और खराब हुई। अमेरिकी थिंकटैंक 'फ्रीडम हाउस' की ओर से भारत को 'पार्शियली फ्री डेमोक्रेसी' (आंशिक रूप से उन्मुक्त लोकतंत्र) घोषित किया गया है। अमेरिका में इस संस्था को मूल्यगत दृष्टि से एक ऊंचा मुकाम हासिल है।

इसके भावों का अनुगमन करते हुए कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने पहले अवमानना के मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता निलंबित करने और फिर आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एहतियाती बयान जारी किए तो भारत सरकार की ओर से अमेरिकी राजदूत से जवाब तलब कर लिया गया। शायद यह सख्ती देखकर ही अमेरिकी सरकार ने लोकतांत्रिक मानकों पर भारत की गिरावट को तूल न देने का रवैया अपनाया। इस तरह का तीसरा बड़ा नाम स्वीडन के वी-डेम इंस्टीट्यूट का है जिसने कुछ ज्यादा ही तीखा रवैया

> गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं।

अपनाते हुए भारत को लोकतांत्रिक देशों में भी शामिल नहीं किया है और इसे 'इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी' (चुनाव करा लेने वाली निरंकुश व्यवस्था) करार दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि चीन की एकदलीय कम्युनिस्ट प्रणाली की तुलना में भारत को एक तरह का लोकतंत्र ही माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है। आगे जैसे लक्षण हैं, 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था वाले सारे संविधान संशोधन यहां अमल में उतारे जा सके तो संसाधनों की कमी से हिले विपक्ष का रहा-सहा ढांचा भी खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगा।

हाल में सत्ता की करीबी न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ एक बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र पर चिंता जाहिर करने वाले पश्चिमी बौद्धिकों और संस्थाओं को अज्ञानी बताया, साथ ही कहा कि उनकी सरकार भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' मानते हुए इसे और व्यापक बनाने के लिए काम कर रही है। पश्चिम की दलीलों की काट करने के लिए उन्होंने बताया कि जिस देश में पांच लाख ग्राम पंचायतों में मुखिया और सदस्य चुने जाते हों, उसके लोकतंत्र को कमजोर भला कौन समझदार व्यक्ति कहेगा? यह भी कि शायद ही देश का कोई राजनीतिक दल ऐसा हो जिसकी किसी न किसी राज्य में सरकार न हो या सरकार में किसी न किसी रूप में उसकी भागीदारी न हो। दूसरी तरफ डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत की स्थिति सुधारने के लिए भी उनकी कोशिशें जारी हैं।

इसमें एक तरह की कोशिश का जिक्र ऊपर आ चुका है। यानी लोकतंत्र की कसौटियां बनाने और उन पर विभिन्न देशों को आंकने वाली संस्थाओं से संपर्क करके सीधे उन्हें मैनेज करने का प्रयास करना। उद्योग-व्यापार से जुड़े बहुत सारे इंडेक्सेज में ऐसी कोशिशें कारगर हो चुकी हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाएं भी भारत के आधिकारिक आंकड़ों को अपने आंकड़े की तरह जारी करने के लिए तैयार हो जाती हैं, लेकिन जब कोई बात बिल्कुल ही उनके हिसाब से बाहर होने लगती है तो उनकी ओर से ऐसा बयान भी आता है कि हम खुद आंकड़े नहीं जुटाते, यह भारत का अपना आंकड़ा है।

लोकतंत्र से जुड़े मानकों के मामले में इस तरह की कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो चीजें राजनीति में इतनी फायदेमंद साबित हो रही हैं और विदेशों में हिंदुत्व वाला एनआरआई जनाधार भी जिनसे इतना खुश है, मोदी सरकार उनसे ज्यादा दूर जाती हुई नहीं दिखना चाहती। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से विभिन्न मंत्रालयों को डेमोक्रेसी इंडेक्स का ध्यान रखने के जो निर्देश चुपचाप भेजे गए हैं, उनकी सबसे ज्यादा उपेक्षा गृह मंत्रालय द्वारा की गई है, जबकि इंडेक्स में नीचे खींचने वाले ज्यादातर मामले इस मंत्रालय से ही जुड़े हैं। कश्मीर में बात-बात पर इंटरनेट बंद करना, वहां विधानसभा चुनाव कराना तो दूर, ऐसी कोई संस्था आगे वहां होगी भी या नहीं, इस पर सन्नाटा खींच लेना, पत्रकारों समेत बहुत बड़ी तादाद में लोगों को जेल में डाल देना गृह मंत्रालय का ही कमाल है। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा, मणिपुर हिंसा और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तक भारतीय लोकतंत्र को घुन खाई चीज बताने वाले और भी कितने ही मामले इस मंत्रालय से जुड़े हैं, लेकिन दूसरी ओर, केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा उत्तेजना पैदा करने वाले हनकदार चुनावी मुद्दे भी गृह मंत्रालय ही मुहैया करा रहा है।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं। इसके विपरीत पूरी तरह हवा-हवाई, पौराणिक बातें करने वाले, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले, दिन-रात झूठ बोलने वाले लोगों को देश का बड़े से बड़ा मंच सहज ही उपलब्ध हो जा रहा है। ऐसे में विपक्ष अगर एक-दो चुनाव जहां-तहां जीत भी जाए तो लोकतंत्र से खेलने वाली शक्तियां उसे खिलौना बना छोड़ेंगी।

प्रसंगवश

जीवन की सामाजिक वास्तविकता

सामाजिक परिवर्तन के संबंध में सामाजिक पॉजिटिविटी अर्थात् समाज को रचनात्मक दृष्टि प्रदान करने का विषय और सामाजिक निगेटिविटी अर्थात्स माज को विघटित करने के प्रयास के साथ-साथ आज के लोकतांत्रिक राजनीति में एक महत्वपूर्ण तत्व है सामाजिक रियलिटी या सामाजिक वास्तविकता।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सामाजिक वास्तविकता किसी भी युग में चाहे वह राजशाही का युग रहा हो, चाहे वह आधुनिक वैज्ञानिक लोकतांत्रिक युग ही क्यों न हो सर्वथा दोषमुक्त और न्यायसंगत नहीं रही है। व्यवस्थागत अन्याय और दोष को मानव को सदैव झेलना पड़ा है, जिसे सामंजस्य स्थापित करते जीवनयापन कहा जाता है। व्यवस्थाओं में समुदाय, संप्रदाय और समाज भले बलशाली हो जाए अदना मानव अदना ही रह जाता है।

नैतिक दायित्व के रूप में दोष निवारण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष भी अनवरत चलते रहे हैं। सामाजिक आंदोलन और तथाकथित क्रांतियां भी होती रही हैं। आंदोलन और क्रांतियों के सूत्रधार व्यवस्था में प्रतिष्ठित भी होते रहे हैं, पर यह भी एक कटु सत्य है कि सूत्रधार व्यवस्थागत दोष के अंग भी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप पुरातन विषमता दूर होने के बजाय समाज अन्य प्रतिगामी विषमता से ग्रसित हो जाता है। फिर मानव को किसी न किसी रूप में पुरातन और आधुनिकतम विषमताओं के घालमेल को झेलना ही पड़ता है। व्यवस्थाओं में न्याय-अन्याय द्वंद्वात्मक रूप से संश्लेषित होकर एकाकार हो जाते हैं। युगानुरूप न्याय अन्याय की मात्राएं, मान्यताएं और स्वरूप भिन्न-भिन्न होते हैं जिनके अनुरूप जीवन जीना ही जिंदगी कहा जाता है। मानव अपनी जिंदगी में जीता है-रियलिटी पर, पर पूरी जिंदगी उलझा रहती है पाजिटिविटी और नेगेटिविटी में ही।

अंततः मानव को किसी न किसी रूप में इसे आस्था के रूप में बुद्धि-विवेक में बैठाना पड़ता है। भौतिक नियम तथा नैतिक नियम दोनों ही ईश्वर की इच्छा के अनुसार संचालित होते हैं। अन्यायों, अनिष्टों से छुटकारा ईश्वर की कृपा के अधीन ही है-ऐसा मानते हुए एक ईश्वर को अवतरित कर देते हैं और उसकी कृपा पाने के लिए स्तुतियों की रचना करने लगते हैं।

भारत को बदलने की सोच वाले थे राजीव गांधी



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस

21 मई 1991 में 46 वर्ष की उम्र में राजीव गांधी, तमिलनाडु में लिट्टे द्वारा किए गए आत्मघाती विस्फोट में शहीद हो गए थे। राजीव गांधी को कई नई पहलों और शुरुआत का जनक माना जाता है जिसके अंतर्गत संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। उन्होंने कई साहसिक कदम भी उठाए थे जिनमें असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता, श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना आदि शामिल हैं।

राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मानसून के दगा देने के चलते देश में भयानक अकाल पड़ा था। उस वक्त उन्होंने देश के अलग-अलग इलाकों को दौरा किया। स्वतंत्रता दिवस पर उनके भाषणों में बेरोजगारी और गरीबी के लिए चिंता साफ दिखती थी, लेकिन लोगों के दिलों में यह बात थी कि उनका नेता जरूर कोई न कोई रास्ता निकाल लेगा। चुनौतियां बनी रही, लेकिन राजीव हर साल लोगों को नौकरियों की दुहाई देते रहे। राजीव ने 1987 में लाल किले की प्राचीर से कहा था कि युवकों में एक निराशा कभी-कभी दिखलाई देती है। देश के करोड़ों युवक काम ढूंढ नहीं पाते हैं। रोजगार नहीं पाते हैं। हमारी कोशिश है कि ढांचे में जो कमजोरियां हैं उनको दूर करने का काम किया जाए।

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा। इससे उनका इशारा साफ था कि सत्ता संरक्षित दलाली उनकी सरकार में नहीं चलेगी। 1986 के अपने भाषण के दौरान उन्होंने न सिर्फ भारत को संबोधित किया, बल्कि उन विविधताओं के बारे में बात कि जिनसे भारत बनता है। उन्होंने कहा था- "एक भारतीय होने का मतलब यह नहीं है कि हम केवल देश के निवासी हैं हमारे पास संस्कृतियों की विविधता है। हम अलग-अलग धर्मों के हैं- हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी और बौद्ध हम सभी धर्मों और आस्था को सम्मान देते हैं। इसी तथ्य से हमारी ताकत और एकता बढ़ती है। यही एकमात्र रास्ता है जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि हमारी ताकत हमारी विविधता में निहित है।"

1985 की बात है। भारत के राजीव गांधी सूखा प्रभावित ओडिशा के कालाहांडी जिले में दौरे पर थे। उन्होंने कहा था कि सरकार जब भी एक रुपया खर्च करती है तो लोगों तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। यहां राजीव बीच के भ्रष्टाचार का जिक्र कर रहे थे। अपने उस भाषण में राजीव ने कहा था कि देश में बहुत भ्रष्टाचार है। राजीव कहते हैं कि भ्रष्टाचार ग्रासरूट लेवल पर है जिसे दिल्ली से बैठकर दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत की साक्षरता दर में सुधार करने के लिए कई उत्कृष्ट प्रयास किए। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना हुई। भारत में शिक्षा को एक नई दिशा और नया बल प्रदान करने के उद्देश्य से 1986 की नई शिक्षा नीति उन्हीं के कार्यकाल में लाई गई। पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में श्री गांधी की रुचि पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों में दिखाई देती है।

धरती और जीवन के लिए आसन्न संकट को भांपते हुए उन्होंने संसद में पर्यावरण (संरक्षण) विधेयक, 1986 पेश किया। इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित किया और 23 मई 1986 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। इसके अलावा श्री गांधी ने 1952 की राष्ट्रीय वन नीति की समीक्षा भी कराई और 1988 की नई वन नीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई नीति ने वन संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर बल दिया।

भारत की सर्वप्रथम जल नीति भी राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1987 में तभी अपनाई गई जब राजीव गांधी इस परिषद के अध्यक्ष थे। मुझे आज भी भरोसा है कि राजीव गांधी की हत्या भले ही लिट्टे ने की हो, लेकिन उसके पीछे साजिश में वे देश थे, जो राजीव गांधी के विकास के दूरगामी कदमों से हिले हुए थे, वे लोग थे, जो हथियारों के दलाल थे और वे लोग भी थे, जो जान गए थे कि यदि प्रगति के मुद्दे पर चुनाव हुए तो राजीव को कभी भी हराना संभव नहीं होगा। राजीव गांधी की हत्या एक तेजी से बढ़ते देश की योजनाओं और सपनों की हत्या थी।

सोशल फोरम

हवा चली नहीं कि बिजली गुल

पिछली रात बिजली नहीं थी। अंधेरा हुआ नहीं कि तेज हवा चली और कुछ बूंदें भी गिरीं। हमेशा की तरह बिजली वालों ने लोड शेडिंग कर दी। पूरा गांव अंधकार में डूब गया। ये बिजली वाले भी कमाल के लोग हैं। पोल लगाए हैं। पोल को जितने अंदर तक जमीन में गाड़ना चाहिए उसकी एक चौथाई गहराई तक गाड़कर काम पूरा कर दिया।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब पोल तारों के सहारे खड़े हैं और तार पोलों के सहारे झूलते। यह पोलों और तारों की जुगलबंदी बिजली विभाग के लोगों के लिए वरदान है, आय का साधन है। हवा चली नहीं कि बिजली गुल। कुछ पोल गिरते भी हैं और कुछ बेशर्मों की तरह खड़े भी रह जाते हैं, लेकिन कागज पर गिरने से उन्हें कौन रोक सकता है? बिल बनाने में मालिकों को कौन रोक सकता है? आप कहेंगे, भले मानस, जब ऐसे में जीने के लिए मजबूर हो तो इन्वर्टर और स्टेबलाइजर क्यों नहीं लगवा लेते? तो भाई, लगे है इन्वर्टर और स्टैबिलाइजर भी, लेकिन दिन भर में दस बार लोड शेडिंग हो और वोल्टेज की अनवरत उठापटक हो तो बेचारे क्या कितना कर लेंगे। चुक जाते हैं, खराब होते रहते हैं। ठीक करने वाले मिस्त्री नहीं मिलते। वैज्ञानिकों ने मेहनत की, कुछ तो हमारे वेदों से पुरातन ज्ञान चुराने में और कुछ उनको नई पोशाक पहनाकर बाजार में लाने में। विदेशों में तो इसी बूते पर सब चल रहा है। खूब लूटा उन्होंने। जब टेक्नोलॉजी वहां घिस-पिट जाती है तो भारत में आती है। टेक्नोलॉजी का काम करवाने के लिए आदमी चाहिए। आदमी तो इंपोर्ट नहीं करोगे। मिस्त्री और इंजीनियर तो देशी ही होंगे, लेकिन वे जुगाड़ हैं और उससे भी ज्यादा बिगाड़ हैं। तभी तो रिपोर्ट आई कि अस्सी प्रतिशत इंजीनियर अनइंप्ल्वायेबल हैं।

सरकार ने, कॉलेजों ने, जनता ने, लीडरों ने, सबने हें-हें कर दिया। इस देश के अर्थशास्त्री भी तो अर्धशास्त्री ही हैं। गुड फॉर नथिंग। तो इन्वर्टर मिस्त्री के आने की प्रतीक्षा कर रहा है। गनीमत है कि तीस बरस ठंडे मुल्क में रहने के बाद भी शरीर न भूला कि पसीना निकालकर उसे खिड़की से आने वाली हवा के कतरों से सुखाकर कुछ आराम मिल सकता है। सो शरीर ने किया। कुछ राहत हुई। **-फेसबुक वॉल से**

तेजी से बदल रहा बद्रीनाथ



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में चमोली जनपद के जोशीमठ से 44 किलोमीटर दूर 3133 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचें, तो एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां चमकती दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर घाटी में बहती अलकनंदा दहाड़ते स्वर में स्वागत करती है। यहीं पर है हिंदुओं का पवित्र धाम बद्रीनाथ, पर बद्रीनाथ पहले वाला बद्रीधाम नहीं रहा जहां शांति थी, देवदार और भोजपत्र थे। अब यह धर्म क्षेत्र के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित हो गया है।

जोशीमठ से विष्णु प्रयाग के पास पुल पार कर दो विशालकाय पहाड़ियों के बीच से एक सर्पिला रास्ता बद्रीनाथ को जाता है। रास्ते भर अलकनंदा विपरीत दिशा में आपके साथ-साथ चलती है। भले ही नदी और आप विपरीत दिशा में जा रहे हों, पर हरे-भरे पहाड़ों से गिरे इस उनींदे रास्ते में बाल सुलभ क्रीड़ा कौतुक करती यह नदी जैसे अपने मोहपाश में बांध लेती है। पहले यह रास्ता वन-वे था, लेकिन अब सड़क काफी चौड़ी कर दी गई है। चौड़ी सड़क यानी ज्यादा गाड़ियों की भीड़।

बद्रीनाथ में भीड़तंत्र साफ नजर आता है। चारों ओर कंक्रीट का जंगल और बीच में मंदिर कहीं खोया सा गया लगता है। नगर में तब्दील हो गए बद्रीनाथ में अधिकतर लोग अब जैसे मौज मस्ती के लिए आते हैं। गंगाजल से आचमन करने की आदत बनी है तो करेंगे ही, पर साथ ही युवाओं की कोल्ड ड्रिंक को धीरे-धीरे गटकने के बाद खाली टीन को हवा में लहराकर नदी में फेंकने की शहरी आदत भी बन गई है। सन्नाटे को चीरता हुआ टीन गुम हो जाता है अलकनंदा नदी की अथाह गहराई में। पहले लोगों का विश्वास था कि बद्रीनाथ जाए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। यही कारण था कि पुराने वक्त में बद्रीनाथ की यात्रा को अंतिम यात्रा मानकर लोग घर बार छोड़कर निकल पड़ते थे। दरअसल तब यात्रा मार्ग इतना दुर्गम था कि श्रद्धालु लौटने की उम्मीद कम ही रखते थे। आज के बद्रीनाथ की सुगमता को देखकर भले ही यह काल्पनिक लगे पर सच यही था। जाहिर है तब बद्रीनाथ जाना खुद को जोखिम में डालने से कम नहीं रहा होगा। बद्रीनाथ वह स्थान है, जहां नर नारायण पर्वत और नीलकंठ चोटी है और जहां से पांडव माणा गांव के रास्ते अपनी अंतिम यात्रा पर गए थे। यहां अलकनंदा नदी भी है, जो देवप्रयाग में भागीरथी से संगम कर गंगा नाम से बहती है। बद्रीनाथ में गंगा वह नहीं है, जो कानपुर या पटना में है। हालांकि यहां भी नदी में गंदगी जा रही है। कानपुर में नदी को देखकर लगता है कि डबरे में नहाकर कोई शूकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया हो और पटना में गंगा महिषी की तरह बेपरवाह होकर पसर गई है। ऐसे में अपने उद्गम स्थल पर भी गंगा में बदलाव होना दिखना लाजमी है।

केदारनाथ धाम जाने के लिए जहां आपको पैदल यात्रा करनी पड़ती है, वहीं बद्रीनाथ तक आप सीधे वाहन से जा सकते हैं। पहले सड़क संकरी थी, वन-वे यातायात नियम लागू था और गेट सिस्टम के अनुसार वाहन छोड़े जाते थे। तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन अब सड़क चौड़ी हो गई है तो वाहनों की संख्या भी बहुत बढ़ गई है। वाहनों के इस भारी संख्या से उपजा दबाव और उनका काला धुआं इस नाजुक हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को कितना नुकसान पहुंचता होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। ज्यादा भीड़, ज्यादा दुकानें और ज्यादा होटल मतलब गंदगी भी ज्यादा। गंदगी ने बद्रीनाथ को भी अपना मित्र बना लिया है, जहां तप्त कुंड हैं वहां भी गंदगी दिखाई देती है।

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं। यही नहीं कुछ लोग साबुन से कपड़े धोते हुए भी दिखलाई देते हैं और यह गंदगी सीधे अलकनंदा में समाती है। कभी बद्रीनाथ में आध्यात्मिक शांति मिलती होगी। कोई समय रहा होगा जब यहां वन्य जीव विचरते थे या पेड़ों की पत्तियों पर ओषजन प्राण वायु के झोंके उछल कूद करते थे, पर अब यहां वाहनों के ईंधन के धुएं से निकलती जानलेवा कार्बन मोनोऑक्साइड और ध्वनि प्रदूषण ज्यादा है। लोगों की भीड़, दुकानदारों की आवाज और होटल धर्मशालाओं के जेनरेटरों की आवाज के साथ माहौल को मेले का रूप देने के लिए शोर का अटूट भंडार है। अब अलकनंदा के दोनों और खाली जमीन नहीं बची है। मुख्य मंदिर को चारों ओर से मकानों ने ढक सा दिया है।

ऋषि गंगा और अलकनंदा की धाराओं के संगम पर स्थित बद्रीनाथ को कभी बद्री वन के नाम से जाना जाता था। बद्री का शाब्दिक अर्थ 'बेर' होता है। कहते हैं कभी इस स्थान पर बेरो के जंगल हुआ करते थे, पर आज उनका अस्तित्व कहीं नजर नहीं आता। आज तो ऑक्टोपस की विशाल बाहों की तरह होटल, धर्मशालाएं और आश्रम चारों तरफ पसरे पड़े हैं। उनकी विकराल दाढ़ में पहले पेड़ समाते हैं, फिर चट्टानें और अब नंबर है अलकनंदा की धार का। बद्रीनाथ में आपको हर सुविधा के दीदार हो जाएंगे। यहां बाजार, बैंक, डाकघर, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं सभी कुछ हैं। पूजा सामग्री, सीडी, मालाएं, चित्रों, पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि से सजी सैकड़ों दुकानें हैं। किसी चीज की कमी नजर नहीं आती। सीजन टाइम में सामग्री के रेट भी बढ़ जाते हैं। ऊनी कपड़ों, कालीनों की दुकानें भी आपको यहां मिल जाएंगी, लेकिन इन तमाम सुख सुविधाओं का नकारात्मक पक्ष यह है कि जिस सुकून की तलाश में आप बद्रीनाथ धाम आए हैं, वह शायद आपको न मिल पाए। रोजमर्रा का माया जंजाल यहां भी आपका पीछा नहीं छोड़ता।

आपका पत्र

रोकनी होगी अन्न की बर्बादी

वैसे तो भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता का दर्जा प्राप्त है, लेकिन अन्न की बर्बादी के मामले में हम किसी से कम नहीं हैं। चाहे हमारे यहां शादियां हों या भंडारे सभी जगह भोजन की बर्बादी देखी जाती है। दुनिया में खासकर भारतीय लोगों में अपने अन्न के प्रति बर्बादी कहीं अधिक देखी जाती है, जहां एक ओर काफी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार हैं, उनको एक समय का भोजन भी नहीं मिलता है, वहीं दूसरी ओर तमाम कार्यक्रमों और घरों में भोजन की बर्बादी बहुत बड़ी मात्रा में की जाती है।

हमारा मानना है कि 'उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में'। भोजन की बर्बादी के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसमें मीडिया की भी सकारात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, हल्द्वानी।

धर्म दर्शन

भक्त की रक्षा के लिए विष्णु का नृसिंह अवतार

नृसिंह अवतार सतयुग के चौथे चरण में हुआ था। ये भगवान विष्णु के रौद्र रूप का अवतार है। ये अवतार प्रदोष काल में हुआ था। भगवान विष्णु का यह अवतार मुख्य रूप से उनके भक्त, युवा राजकुमार प्रहलाद को उनके राक्षस पिता हिरण्यकशिपु से बचाने के लिए हुआ था। भक्ति, ईश्वर की कृपा में विश्वास, अच्छाई बनाम बुराई के बीच लड़ाई शाश्वत रही है और हमेशा सत्य ही होता है, जो अंततः जीतता है। विष्णु का नरसिम्हा अवतार दुनिया को बुराई से छुटकारा दिलाने और एक बार फिर शांति और खुशी लाने के लिए लिया गया था।

सत्ययुग के दौरान ऋषि कश्यप और उनकी पत्नी दिति के हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु नाम के दो पुत्र थे। दोनों अपने विनाशकारी स्वभाव के लिए जाने जाते थे, वे जहां भी जाते थे अराजकता पैदा करने की इच्छा रखते थे। उससे मनुष्य और देवता दोनों ही दुखी थे। हिरण्यकशिपु तीनों लोकों पर शासन करना चाहता था, उसकी अथक भक्ति के कारण, भगवान ब्रह्मा उसके सामने प्रकट हुए।

सत्ता तक पहुंचने की उनकी यात्रा अथक भक्ति से शुरू हुई जिसने ब्रह्मांड के निर्माता भगवान ब्रह्मा का ध्यान आकर्षित किया। भक्ति के जवाब में, ब्रह्मा ने हिरण्यकशिपु को एक शक्तिशाली वरदान दिया जिससे वह लगभग अजेय हो गया, जहां वह किसी आदमी या जानवर द्वारा न मारा जाए, न दिन में, न रात में, न अंदर या बाहर और कोई भी हथियार उसे नुकसान नहीं पहुंचा सके। अपनी नई शक्ति के साथ हिरण्यकशिपु ने आतंक का राज कायम कर दिया जिससे हर कोई केवल उसे भगवान के रूप में पूजा करने के लिए मजबूर हो गया, अन्य देवताओं के प्रति किसी भी श्रद्धा को बेरहमी से दबा दिया। वह भगवान विष्णु से नफरत करता था और अपने आतंक के कारण किसी को भी भगवान विष्णु की पूजा करने से रोकता था।,

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

हिरण्यकशिपु के पुत्र प्रहलाद ने भगवान विष्णु के प्रति गहरा और सच्चा प्रेम प्रदर्शित किया। अन्य बच्चे खेलते थे तो वह ध्यान करता था और भगवान विष्णु के नाम का जाप करता था। हिरण्यकशिपु ने प्रहलाद की भक्ति को खत्म करने के लिए जहरीले सांपों से लेकर उसे चट्टानों से फेंकने तक कई तरह के प्रयास किए, लेकिन कोई भी चीज उसके विश्वास को डिगा नहीं सकी।

प्रहलाद पूरे मन से भगवान विष्णु से प्रार्थना करता रहा, उसकी भक्ति ने स्वर्ग को छू लिया और भगवान विष्णु स्वयं उसकी रक्षा के लिए आए। हिरण्यकशिपु को न तो दिन में या रात में, घर के अंदर या बाहर, मनुष्य या जानवर द्वारा, न किसी हथियार से मारा जा सकता था, न जमीन, पानी या हवा में। फिर भी इसी बात ने उसे असुरक्षित बना दिया। जब भगवान विष्णु ने नरसिम्हा, आधे मनुष्य, आधे शेर का रूप धारण किया, तो वह गोधूलि में उभरे, हिरण्यकशिपु को अपनी गोद में रखा और अपने पंजे से उस राक्षस का वध कर दिया। भगवान विष्णु का नरसिम्हा अवतार यह साबित करता है कि वह हमेशा धर्म की रक्षा करेंगे और जरूरतमंदों के सामने आएंगे।

लोक कल्याण का मार्ग दिखाता बुद्ध का जीवन

भारतीय धर्मग्रंथों तथा मनीषियों के उपदेशों में स्पष्ट कहा गया है कि मनुष्य परमानंद का अंश होने के नाते सर्वाधिक भाग्यशाली प्राणी है। केवल मनुष्य के पास वह क्षमता है कि वह चाहे तो देवता बन जाए, चाहे मनुष्य ही बना रहे या पशु बन जाए। इन तीनों प्रकार की स्थिति बहुत सहजता से प्राप्त की जा सकती है। देवता बनने के लिए सरलतम मार्ग यह है कि मनुष्य देवता की तरह लोक कल्याण का काम करे। मंदिरों में स्थित देवता को चाहे अलंकार से सुसज्जित किया जाए या सादगी से रखा जाए, चाहे छप्पन भोग लगाया जाए या कुछ भी न चढ़ाया जाए फिर भी मंदिर के विग्रह पर कोई असर नहीं पड़ता।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

विग्रह के समक्ष रखी गईं वस्तुओं को भगवान स्पर्श तक नहीं करते। मंदिरों में स्थापित भगवान से यही प्रेरणा मिलती है कि उन पर भौतिक पदार्थों का कोई असर नहीं पड़ता। गोस्वामी तुलसीदास ने 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन सहज सरल सुखराशि' चौपाई में सहजता और सरलता के भाव को ईश्वर का अंश माना है। धर्मग्रंथों में जब भी अवतारों का जिक्र आता है तब उनके अवतार के पीछे लोक कल्याण के उद्देश्यों का जिक्र होता है। अब रही बात मनुष्य ही बने रहने की तो उसमें स्वहित में डूबे रहने का भाव परिलक्षित होता है। मनुष्य अपने कर्मों से जो कुछ अर्जित करता है, उसका खुद और खुद के परिवार तक उपभोग में लगा रहता है, जबकि अधिकांशतः पशु जब आहार ग्रहण करता है तब अपने बच्चे को भी खाने नहीं देता है। इस तरह मनुष्य के खुद अपने हाथ में है कि वह क्या बन सकता है। इस दृष्टि से ईसा से 563 वर्ष पूर्व अखंड भारत के नेपाल के राजकुल में जन्मे गौतम बुद्ध ने लोक कल्याण के लिए न सिर्फ राजमहल, बल्कि पत्नी एवं संतान तक को त्याग दिया। ऐसा नहीं कि वे निष्ठुर थे। उनकी सोच बहुत विराट थी। सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध होने के बाद वे अपनी पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को भी उस उन्नत स्थिति तक ले जाने के लिए आए जिस उन्नत अवस्था के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की। पहले तो पत्नी नाराज जरूर हुई, लेकिन जब उनके अंतर्मन को झांका तो वहां उसे मानवता का सागर दिखाई पड़ने लगा था।

दरअसल गौतम बुद्ध बलपूर्वक नहीं, बल्कि हृदय परिवर्तन के जरिए मनुष्य के रूपांतरण के पक्षधर रहे हैं, जो काम देवर्षि नारद ने रत्नाकर डाकू का किया और उसके अंतर्जगत में स्नेह-प्रेम की वीणा की ध्वनि पैदा की एवं ऋषि वाल्मीकि बना दिया उसी तरह का काम गौतम बुद्ध ने अंगुलिमाल का किया। हिंसक प्रवृत्तियों को छोड़कर स्वेच्छा अंगुलिमाल बौद्ध भिक्षु बन गया। गौतम बुद्ध के जन्मतिथि पर गौर करें तो वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि को उनका जन्म हुआ। वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को चंद्रमा विशाखा

नक्षत्र मय स्थित रहता है। विशाखा का अर्थ विशिष्ट शाखाओं का विस्तार भी है। जब चिंतन की शाखाओं का विस्तार विशिष्टता के साथ होता है तभी उसे श्रेष्ठ माना जाता है। वैसे भी पूर्णिमा तिथि को चन्द्रमा सोलहों कलाओं के साथ निकलता है। इसीलिए खारे समुद्र में ज्वार आता है। वह भी खारापन छोड़ चन्द्रमा के अमृत किरणों के लिए मचलने लगता है।

वर्ष भर की पूर्णिमा तिथियों पर गौर करें तो चैत्र में हनुमान जयंती, वैशाख में बुद्ध जयंती, ज्येष्ठ में कबीर जयंती, आषाढ़ में गुरु पूर्णिमा, सावन में रक्षाबंधन, भादौ में महालया का प्रारंभ, आश्विन में शरद पूर्णिमा, कार्तिक में गुरुनानक जयंती, पौष में शाकम्भरी जयंती, माघ में रविदास जयंती तथा फाल्गुन में भक्त प्रहलाद की रक्षा में होलिका दहन का पर्व होता है। गौतम बुद्ध नौवें अवतार के रूप में पूज्य हैं।

मातृगुण संपन्न औषधियों

हे यज्ञाग्नि! आपकी जिस ज्योति ने स्वर्गलोक को पृथ्वी पर तेज रूप से औषधियों को और जल में विद्युत रूप से अतिव्यापक अंतरिक्ष लोक को संव्याप्त किया है, सर्वत्र गतिमान, जगत-प्रकाशक आपका वह दिव्यतेज मनुष्य के सभी अच्छे-बुरे कर्मों को देखने वाला है। हे अग्ने! आप आपसी प्रीति- भावना व पारस्परिक सामूहिक विचारधारा के प्रेरक हों। हमारे अनुकूल होकर यज्ञरूप श्रेष्ठ कार्य को सफल बनाएं। कृषि उद्यम द्वारा देवत्व मार्ग पर ले जाने वाले हे मनुष्य! वृषभ आदि से संसार की सुव्यवस्था के निमित्त आप कृषि-कार्य का संपादन करें। आपकी कृपा से हम क्षुधा पिपासा स्वरूप दुखों से विमुक्त हों और ज्योति-रूप यज्ञकर्मों को प्राप्त करें। सृष्टि के प्रारंभ में जो औषधियां देवताओं द्वारा वसंत, वर्षा, शरद इन तीन ऋतुओं में उत्पन्न हुई हैं, पककर पीतवर्ण से युक्त उन सैकड़ों औषधियों और ब्रीहि यवादि सप्त धान्यों की सामर्थ्य का हमें ज्ञान है। हे मातृवत पोषण-गुण-संपन्न औषधियों! आप सभी के सैकड़ों नाम हैं और सहस्त्रों अंकुर हैं। आप सभी हमारे इस यजमान को आरोग्य प्रदान करें। आप विकारों को दूर करने वाली माता की भांति 'निष्कृति' अर्थात् रोगों का निवारण करने वाली हैं। क्षुधाहरण करने वाले अन्न के समान ही आप मनुष्यों मे स्थित रोगों को दूर करें। हे औषधियों! आप परस्पर एक-दूसरे के प्रभाव में वृद्धि करें। प्रयोग की गई एक औषधि दूसरी के संरक्षणार्थ निकट आएं। सभी औषधियां पारस्परिक सहकार भावना का परिचय देती हुईं हमारे निवेदन को स्वीकार करें। फलों से युक्त, फलों से रहित, पुष्प युक्त तथा पुष्परहित ऐसी ये सभी औषधियां विशेषज्ञ, वैद्य द्वारा प्रयुक्त होती हुई हमें रोगों से मुक्ति दिलाएं। दिव्यलोक से प्राणरूप में धरती पर आने वाली औषधियां आश्वासन देती हैं कि जिस प्राणी ने हमारा उचित ढंग से सेवन किया वह, आरोग्य लाभ से कृतार्थ हुआ, वह समय से पूर्व मृत्यु को प्राप्त नहीं होता। ऐसी औषधियां, जो असंख्य रोगों को विभिन्न प्रकार से विनाश करने में सक्षम हैं जिनमें सोमवल्ली विशेष गुणों से युक्त है, उन सब के बीच रहने वाली हे औषधि! आप सर्वश्रेष्ठ गुणों से युक्त हैं। आप अभीष्ट सुख प्राप्ति एवं हृदय को शक्ति देने में सक्षम हैं। हे राजन सोम! चिकित्सा विशेषज्ञ जिस रोगी के रोग को दूर करने के लिए हमारे मूल, फल, पत्रादि को ग्रहण करते हैं, उसको हम आरोग्य प्रदान करती हैं-ऐसा अपने स्वामी सोम से औषधियां कहती हैं।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

दिव्यता और विरूपता

क्या आप वास्तविकता से सचमुच परिचित हैं? गीता में भगवान श्रीकृष्ण श्लोक चार में कहते हैं, "हे पार्थ! पाखंड, घमंड, क्रोध, निष्ठुरता और अज्ञानता जैसे आसुरी स्वभाव या गुणों को लेकर उत्पन्न मनुष्य के लक्षण हैं। श्रीकृष्ण आगे कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मिथ्या अहंकार, बल, गर्व, कामनाओं तथा क्रोध के अधीन होकर अपने तथा दूसरों के शरीर में स्थित मुझ परमात्मा के निंदक और ईर्ष्यालु होते हैं। आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होते है। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया-कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। माहिष्मती का अपने समय का सर्वशक्तिमान शक्तिशाली, हैहय सम्राट कार्तवीर्य अर्जुन को, भयावह 'सहस्रबाहु' (हजार भुजाधारी) बन गया और तो और पौराणिक त्रिदेवों में एक ब्रह्माजी 'चतुरानन (चार मुखधारी), देव सेनापति शिवपुत्र कार्तिकेय' षडानन' (छः मुखों वाला), गणपति गणेश, 'गजानन' (हस्ति मुखधारक) बन गए। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे।

श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है। पृथ्वी पर जल की बहुलता एवं जलजीवों की प्राचीनता आज निर्विवाद सत्य है।

बिजनौर

महाराज मंगलनाथ के दर्शन को मेहरलीपुर पहुंच रहे लोग

नहटौर, अमृत विचार : गांव मेहरलीपुर में महाराज मंगलनाथ 41 दिनों की अग्नि तपस्या में लीन हैं। जिन्हे देखने के लिए आसपास के लोग मेहरलीपुर पहुंच रहे हैं।

गांव मेहरलीपुर के शिव मंदिर परिसर में 10 मई से महाराज मंगलनाथ की अग्नि तपस्या चल रही है। 41 दिन तक उनकी यह अग्नि तपस्या चलेगी। गांव की सुख समृद्धि के लिए वह अग्नि तपस्या कर रहे हैं। अपने चारों ओर अग्नि के ढेर लगाने के बाद बीच में बैठकर वह अग्नि तपस्या में लीन हैं। जिन्हें देखने के लिए आसपास के लोग भी मंदिर में पहुंच रहे हैं। अग्नि के बीच बैठकर वह तपमंत्र के माध्यम से जीवन के मूलमंत्र को बता रहे है। उनका मानना है कि तप के जरिए जीवन को सुख समृद्ध बनाया जा सकता है। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश, सोनू कुमार, नरेश कुमार, मान सिंह, बृजपाल सिंह, विजय कुमार, छोटे कुमार, रामेश, राजू सिंह, अरविंद कुमार, जयवीर दयाल, जय प्रकाश सैनी आदि मौजूद रहें।

बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

समय से करें मतगणना की तैयारियां : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना 04 जून हो होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना से जुड़े सभी अधिकारी मतगणना की व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लें और आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें।

उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए दो गेट बनवाएं। मतगणना स्थल के अंदर केवल अधिकारियों के वाहन ही जाएंगे तथा मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों के वाहन मतगणना स्थल के अंदर नहीं जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए की मतगणना स्थल पर अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगाएं तथा बेहतर इंटरनेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि चक्रवार गणना के लिए मतगणना परिसर में आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए बोर्ड की व्यवस्था करें। मतगणना में विशेष चेकिंग के लिए टीमों का गठन करना सुनिश्चित करें तथा मतगणना में लगे कर्मचारियों को जल्द आने के लिए निर्देशित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल व्यवस्था, साफ व्यवस्था, पार्किंग, बेरिकेटिंग मीडिया सेंटर समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार, विरा अरविंद कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक रामअर्ज, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, सभी एसडीए, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नंद किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार सहित निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

गर्भवती महिलाएं आयरन की दवाओं से वंचित

संवाददाता, नहटौर

● पीएचसी में आयरन की दवाएं भी की गई थीं आग के हवाले

अमृत विचार : गर्भवतियों को दिए जाने वाली दवाएं उनके पास न पहुंचकर सरकारी अस्पताल में जला दी गईं। ऐसे में गर्भ में पल रहे भ्रूण दवाओं से वंचित रह गए। पीएचसी में दवाएं जलाने के प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग की जांच एक सप्ताह से पूरा होने का नाम नहीं ले रही। इसमें लीपापोती की कोशिश करने का आरोप लगाए जा रहे हैं।

नहटौर पीएचसी परिसर में चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के पीछे विगत 12 मई को सरकारी दवाओं को जलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आग से कुछ दवाओं को बचा लिया गया था।

बताया जाता है कि दवाओं की एक्सपायरी डेट वर्ष 2025 थी। दवाओं का स्टोर सीएचसी में है। जो पीएचसी से दूर है। ऐसे में सवाल उठे कि इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं पीएचसी परिसर में कैसे पहुंची। जबकि पीएचसी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। इस पूरे प्रकरण की गुंज लखनऊ तक पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। दो दिन तक एसीएमओ की टीम ने नहटौर में आकर इस पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल की थी।

इसके बाद बिजनौर सीएमओ कार्यालय में जांच के लिए कर्मचारियों को बुलाया गया था। इस मामले में सबसे अहम साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज के बारे में अब डिलीट होना बताया जा रहा है। मामले की एक सप्ताह से जांच चल रही है।

जलाई गईं अधिकांश दवाईएं आयरन की थीं। जो गर्भवती महिलाओं को दी जानी थी। दवाएं उनके पास न पहुंचाकर जला दी गईं। ऐसे में अब गर्भवती महिलाएं इन दवाओं से वंचित हैं। उनके गर्भ में पल रहे भ्रूण को इन दवाओं की आवश्यकता होती है। एसीएमओ अनिल कुमार का कहना है कि इस प्रकरण की जांच चल रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी।

सार-संक्षेप

स्काउट-गाइड ने कैम्प लगाकर शीतल जल पिलाया

नगीना, अमृत विचार : स्काउट-गाइड ने निशुल्क शीतल जल का कैम्प लगाया। दो दिवसीय कैम्प का उद्घाटन करते हुए कोतवाल सुनील कुमार व शीराज खलील ने पानी पिलाने को सबसे बड़ी सेवा बताते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रोडवेज बस स्टैंड के पास गर्मी से निजात दिलाने के लिए स्काउट ने जिला स्काउट ट्रेनर अशोक कुमार व स्काउट मास्टर सुनील कुमार के निर्देशन में दो दिवसीय निशुल्क शीतल जल पिलाया। इस मौके पर कुंवर शरद कुमार सदस्य डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चरल कोर कमेटी, मीनाक्षी चौधरी, शेषनाथ, दीपक कुमार मिश्रा, कंपनी लीडर भावना शर्मा, नेहा काकरान, आलिया, राधिका, गार्गी, कृष्णा, सोफिया, आरती, प्रदीप कुमार, सचिन सैनी, विद्युत प्रकाश गौतम, अंकित, मयंक रहे।

दुकानदारों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

नगीना, अमृत विचार : भीषण गर्मी में नगर पालिका मार्केट के दुकानदारों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। सोमवार को नगर पालिका मार्केट के दुकानदारों ने पालिका के तिराहे पर छबील लगाकर राहगीरों व अन्य लोगों को शीतल शरबत पिलाया। चिलचिलाती भीषण गर्मी में राहगीरों ने शीतल शरबरत पीकर राहत महसूस की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राजकुमार आर्यन, कुलदीप सैनी, संजय चंद्रा उर्फ बालाजी, अंकर कुमार, मुनिराम आदि का विशेष सहयोग रहा।

भीषण गर्मी में युवा व्यापारियों ने शरबत बांटा

किरतपुर, अमृत विचार : सोमवार को मुख्य बाजार में युवा व्यापारियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाया। नगर के युवा व्यापारियों ने शरबत वितरण किया। शरबत वितरण कार्यक्रम में सबसे पहले अमित रस्तोगी ने शरबत वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया। शरबत वितरण करने वालों में मुख्य रूप से अमित रस्तोगी, मुदित गोयल, अंकित रस्तोगी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद दानिश, शुएब अंसारी, सुहैल, सलमान आदि युवा व्यापारी मौजूद रहे।

200 बार रक्तदान करने पर दीपक कुमार सम्मानित

नहटौर, अमृत विचार : नहटौर ब्लड हेल्प सेवा ग्रुप की ओर से मिशन वंदे मातरम सेवा ट्रस्ट ने 200 बार रक्तदान कर लोगों की मदद करने वाले रक्तवीर दीपक कुमार को सम्मानित किया। हिंदू ब्लड बैंक के जिला अध्यक्ष महबूब शेख, नगर अध्यक्ष जावेद सिद्दकी, इरशाद प्रधान जावेद सबाज, राहुल राजपूत बिजनौर ने रक्तवीर दीपक कुमार को शील्ड देकर सम्मानित किया। दीपक कुमार 128 बार रक्तदान और 72 बार एसडीपी यानी प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। टीम के सहयोग से करीब 8000 हजार लोगों की मदद कर चुके हैं।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 20 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

नहटौर, अमृत विचार : श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज ग्राउंड में बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में येलो बेल्ट टेस्ट के लिए स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई की छात्रा लक्षिका राजपूत, आरुषि, परी, तृप्ति चौहान, पल्लवी, परिणीता सिंह, दीपांशी चौहान, छात्र लक्ष्य चौधरी, उत्कर्ष, आरव चौहान, ग्रंथ कुमार, अंश कुमार, एसएनएसएम इंटर कॉलेज की छात्रा सुनैना, ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कार्तिकेय श्रीवास्तव, गुड शेफर्ड स्कूल से ऋषभ रेड बेल्ट टेस्ट के लिए नहटौर डिग्री कॉलेज की छात्रा सानिया परवीन, स्वाति ने भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत तथा नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच एवं नेशनल रेफरी चमन सैनी ने सभी खिलाड़ियों के अभिभावक को बधाई दी। कोच चमन सैनी ने बताया कि एकेडमी से खिलाड़ी ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तथा नेशनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण में भी खिलाड़ियों का चयन हो रहा है।

विवाहिता से मारपीट करने में दो पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : एक महिला ने पति व ससुर पर घर में घुसकर मारपीट करने और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नैनसी चौधरी पत्नी अमित कुमार निवासी अटारी मुरीदपुर थाना गजरौला की शादी को 8 वर्ष हो गए हैं। उसका किसी बात को लेकर पति से विवाद चल रहा है। नैनसी का आरोप है कि उसके किराये के कमरे पर 19 मई की शाम को पति अमित व ससुर विरेन्द्र कुमार आए और पीटकर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो वे वहां से फरार हो गए। पुलिस ने अमित व उसके पिता विरेन्द्र पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

किशोरी की मौत, विषाक्त पदार्थ खिलाने का आरोप

नगीना, अमृत विचार : 17 वर्षीया नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन गांव के ही युवक पर जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी मिली है कि रविवार रात दो बजे करीब थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम तैयबपुर निवासी शिवचरण सैनी के घर में गांव का विक्रम नामक युवक घुसा और परिजनों से धक्का मुक्की कर उसकी नाबालिग बेटी को साथ लेकर चला गया। बाद में उसे बेहोशी की हालत में सुबह चार बजे करीब घर के दरवाजे के पास छोड़ कर फरार हो गया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजन सुबह आठ बजे बढ़ापुर से नगीना सीएचसी लाएं। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के परिजन गांव निवासी युवक विक्रम पर किशोरी को जहर देकर मारने का आरोप लगा रहे थे। बढ़ापुर थाने के एसआई विनोद कुमार टीम के साथ सीएचसी नगीना पहुंचे। किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। घटना को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

बंद मकान से नकदी, जेवर समेत सामान चोरी

हापुड़, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव जनुपुरा में चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर चोरी की। गांव निवासी राजकिशोर ने बताया कि पैतृक मकान गांव जनुपुरा में है। उसने बताया कि वह गढ़ में रहता है। पीड़ित ने बताया कि रविवार को वह घर पर पहुंचा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। पीड़ित ने बताया कि चोर उसके घर से एलसीडी, बैटरा, इंवर्टर, नकदी समेत जेवर ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसके अलावा चोरों ने गांव निवासी दो लोगों के घरों के भी ताले तोड़े, हालांकि उनके घर से सामान चोरी नहीं हो सका। पीड़ित ने बताया कि चोर उसके घर के पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

पत्थरों की अदालत में सच कह दिया, आईने से ...

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : सामाजिक संस्था सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में सामरी नगीनावी की याद में एकेएम इंटर कॉलेज नगीना में काव्य गोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद्र गुप्ता एवं संचालन निशात ने किया। मुख्य अतिथि सना ग्रुप के चेयरमैन सरफराज अंसारी ने कहा कि गंगा जमुना नशिस्त काव्य गोष्ठी होती रहनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि शेख मोहम्मद अंजार रहे। इस मौके पर नगीना के पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनोद अग्रवाल एवं जुबैर जैदी को अकादमी के संचालक आलमगीर काजमी व मुख्य अतिथि सरफराज अंसारी ने प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

रविवार देर रात तक चली कवि गोष्ठी में शायर डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि तूफान आए और मेरे सर से गुजर गए, भूचाल आए पैरों तले से गुजर गए, मुझको यकीन था फक्त उसकी जात पर बिगड़े हुए जो वक्त थे हंसकर गुजर गए। तस्लीम अहमद ने कहा कि दिन में सताए याद तो रातों को उफ यह ख्वाब निकले बताओ कैसे गमों के भंवर से हम। हुड़दंग नागिनवी ने कहा आजकल हमारी जिंदगी है ऐसी वर्तमान में जैसे हजार मछलियां हूं बंद मर्तबान में। अकरम नगीनवी ने कहा पहले तो मेरे हाथ से शमशीर छीन ली फिर दुश्मनों के बीच में लाया गया मुझे। रईस राज ने कहा इश्क नाकाम हो तो इतना गंवारा करना दिल लगाने की खता यार दोबारा करना। वाहिद अंसारी ने कहा पत्थरों की अदालत में सच कह दिया, आईने से खता भी कहां हो गई। शाकीर एडवोकेट ने कहा बारिश का भरम है या तुम्हारा यह करम है नेकी बहुत ही काम है गुनाहों के सामने। निशित गर्ग ने कहा कि फूलों से चेहरे सन को घायल कर जाते हैं, कभी-कभी अश्कों से आंखों के प्याले भर जाते हैं कभी-कभी। फुरकान इंडियन ने कहा मेरे खून में शामिल है मैं सबके हक की बात करूं ...। इसके अतिरिक्त संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत जोशी, प्रमोद मलिक, शाहकुंभरी, मोइन अहमद, मुनीर आलम, गौरव गोयल, मतलूब कुरैशी, प्रमोद गुप्ता, नंदलाल, अनिल धीमान उपस्थित रहे।

हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में नशिस्त आयोजित

राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने की सियासत



दल	उम्मीदवार	मत मिले
भाजपा	श्यामा चरण गुप्ता	3,13,772
सपा	कुंवर रेवती रमण सिंह	2,51,763
बसपा	केशरी देवी पटेल	1,62,073
कांग्रेस	नंद गोपाल गुप्ता नंदी	1,02,453

- भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और सपा से कांग्रेस में आए उज्ज्वल रमण सिंह के बीच छिड़ा है रोचक मुकाबला
- लाल बहादुर शास्त्री, बहुगुणा, जनेश्वर मिश्र, मुरली मनोहर जोशी और अमिताभ बच्चन कर चुके यहां का प्रतिनिधित्व
- बीते चार दशक से यहां जीत दर्ज करने के लिए तरस रही है कांग्रेस, क्या इस बार खत्म हो पाएगा पार्टी का सूखा
- अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेताओं को ही मिलती रही जीत, ब्राह्मण तय करते रहे चुनावी दिशा

इलाहाबाद संसदीय सीट

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारा। संगम नगरी इलाहाबाद (प्रयागराज) लोकसभा सीट से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी और दिग्गज समाजवादी जनेश्वर मिश्र जैसे नेता चुनाव लड़कर संसद पहुंचे और आज भी याद किए जाते हैं। इनके अलावा महानायक अमिताभ बच्चन भी इलाहाबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 1984 के चुनाव में यहां जीते थे, तब से कांग्रेस इलाहाबाद में जीत के लिए तरस रही है।

साल 2014 से यह सीट भाजपा के पास है और इस बार पार्टी हैट्रिक लगाने की उम्मीद पाले हैं। इलाहाबाद में अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेता ही जीत हासिल करते रहे हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि यहां ब्राह्मण ही राजनीति की दिशा तय करते हैं। इसी समीकरण के चलते भाजपा ने अपनी सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर राज्य के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने सपा से आए उज्ज्वल रमण सिंह पर दांव लगाया है। उज्ज्वल के पिता रेवती रमण सिंह भी दिग्गज नेताओं में शुमार रहे हैं। वह आठ बार विधायक रहने के साथ इलाहाबाद से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। उज्ज्वल करछना से दो बार विधायक और अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ हजार मतों से चुनाव हार गए थे। उज्ज्वल चुनाव से पहले सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अपना दल कमेरावादी से हंसराज कोल चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बसपा ने रमेश पटेल को मैदान में उतार रखा है।

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	सपा	कांग्रेस
55.62 %	34.89 %	3.59%
4,94,454 मत	3,10,179 मत	31,953 मत
रीता बहुगुणा जोशी	राजेंद्र सिंह पटेल	योगेश शुक्ला

पांच में चार विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। बारा और कोरांव विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इन पांच सीटों में से 2002 के चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। केवल करछना सीट सपा के पास है।

उज्ज्वल रमण सिंह – कांग्रेस।

नीरज त्रिपाठी – भाजपा।

रमेश सिंह पटेल – बसपा।

...जब वीपी सिंह निर्दलीय लड़कर बने सांसद डॉ. जोशी की जीत से खुला भाजपा का खाता

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव और तीन बार उपचुनाव हुए हैं। 1952 से 1971 तक यहां कांग्रेस का कब्जा रहा है। 1973 में भारतीय क्रांति दल से जीते जनेश्वर मिश्रा ने कांग्रेस के वर्चस्व तोड़ा था।

इसके बाद 1984 में कांग्रेस यहां जीती, जब अमिताभ बच्चन कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। भाजपा का यहां खाता 1996 में मुरली मनोहर जोशी की जीत के साथ खुला।

जोशी ने 1996 से 1999 तक लगातार तीन बार यहां से जीत हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह जीते। लेकिन 2014 की मोदी लहर में यह सीट भाजपा ने फिर वापस छीन ली।

भारतीय जनता पार्टी से उतरे श्याम चरण गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह को करारी शिकस्त दी। 2019 के चुनाव में भाजपा से उतरीं रीता बहुगुणा जोशी ने सपा के राजेंद्र सिंह पटेल हरा दिया था।

भाजपा के लिए वोट बैंक संभाले रखने की चुनौती

- वोटों की उठापटक के बीच यह चुनाव भाजपा और सपा-कांग्रेस से जुड़े दो सियासी परिवारों की जंग होने के कारण दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने पिछले दो चुनावों में इलाहाबाद में ब्राह्मणों और निषादों के साथ अति पिछड़ी जातियों का गठजोड़ बनाया था। यहां ब्राह्मण और निषाद मतदाता पांच लाख से ज्यादा हैं। भाजपा इस बार भी इनके साथ ही करीब दो लाख पटेल मतदाताओं को भी अपना परंपरागत वोट बैंक मान रही है। लेकिन मेजा से सपा विधायक संदीप पटेल के अलावा ब्राह्मण तथा निषाद बिरादरी के कई नेता कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल के साथ मजबूती से खड़े नजर आ रहे हैं। उधर, बसपा के रमेश पटेल भी इस बार पटेल मतों में सेंधामारी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने अपने वोट बैंक में बिखराव रोकना बड़ी चुनौती है।

मतदाताओं की चुप्पी बढ़ा रही प्रत्याशियों की चुनौती

- इलाहाबाद में लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में आने के साथ रोचक मोड़ लेता नजर आ रहा है। मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों की चुनौती बढ़ा रही है। यहां ब्राह्मण तथा भूमिहार मतदाताओं की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। लेकिन इस बार अनुसूचित जाति के वोटर भी जीत-हार का फैसला कर सकते हैं, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है। पिछड़ों में अगर निषाद, कुर्मी मतदाताओं की संख्या काफी है और उनके वोटों के लिए भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी में घमासान छिड़ा है।

पहली बार दलित और कोल मतदाता हुए महत्वपूर्ण

- लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख से अधिक दलित तथा कोल मतदाताओं की इस बार अहमियत काफी बढ़ गई है। अपना दल कमेरावादी के हंसराज कोल सजातीय मतों के साथ अन्य बिरादरी का वोट हासिल करने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो बसपा के रमेश पटेल इन मतों को अपना परंपरागत वोट बैंक मानकर अगड़ा-बनाम पिछड़ा मुद्दे पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में यहां बसपा के कमजोर होने के कारण दलित मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव रहा है।

जातीय गोलबंदी : सेंधमारी से बचने के लिए घेराबंदी

फूलपुर संसदीय सीट

दिग्विजय सिंह

प्रवीण पटेल – भाजपा।

अमरनाथ मौर्य – सपा।

जगन्नाथ पाल – बसपा।

अमृत विचारा। प्रयागराज से सटी फूलपुर लोकसभा सीट इस समय चर्चा में है। रविवार को यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भीड़ के बेकाबू हो जाने और बैरीकेड तोड़कर मंच तक पहुंचने के कारण भाषण दिए बिना वापस लौटना पड़ा था। फूलपुर में इस बार भाजपा और सपा के बीच कांटे के संघर्ष में बसपा त्रिकोण बनाने की जगह खोज रही है। मजे की बात यह है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी भी पहले बसपा में रह चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पहली बार कमल खिला था। केशव प्रसाद मौर्य चुनाव जीते थे, लेकिन 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो केशव प्रसाद मौर्य योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद हुए उपचुनाव में सपा ने भाजपा को हरा दिया। हालांकि 2019 में भाजपा ने फिर इस सीट पर कब्जा कर लिया।

पिछड़ा वर्ग में कुर्मी मतदाता तय करते हैं जीत-हार

- फूलपुर में पिछड़े वर्ग के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। खासकर कुर्मी मतदाता यहां जीत-हार तय करते रहे हैं। वर्ष 1977 के बाद हुए चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार यहां चुनाव जीते हैं। अगड़ी जाति से 2009 में कपिल मुनि करवरिया के अलावा 2004 में अतीक अहमद को ही जीत मिली थी। पिछड़ी जाति में भी नौ मर्तबा कुर्मी उम्मीदवार ही फूलपुर से संसद पहुंचे हैं। इस जातीय समीकरण को देखते हुए ही भाजपा ने इस बार यहां अपनी सांसद केशरी पटेल के स्थान पर फूलपुर विधानसभा सीट से 2022 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते अपने विधायक प्रवीण पटेल को उतारा है। प्रवीण पटेल ने पहली बार 2007 में बसपा से झूंसी विधानसभा सीट पर चुनाव जीता था। इसके बाद 2017 और 2022 में उन्होंने भाजपा से फूलपुर सीट पर चुनाव जीता। सपा ने यादव व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का ध्रुवीकरण कराने की नीयत से अमर नाथ मौर्य को मैदान में उतारा है। अमरनाथ विधानसभा चुनाव में इलाहाबाद शहर पश्चिमी से टिकट कटने के बाद भी पूरी निष्ठा से पार्टी से जुड़े रहे। इसी कारण सपा अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में उन्हें मौका दिया। अमरनाथ इससे पहले बसपा से 2002 में शहर पश्चिमी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। वह दो बार जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा की कोशिश चुनाव को कुर्मी बनाम अन्य पिछड़ा वर्ग बनाकर मुस्लिम मतों के सहारे जीत हासिल करने की है। बसपा ने पार्टी के प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है। वह पुराने कार्यकर्ता हैं। कांशीराम जब फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, तो उनके कार्यालय का संचालन जगन्नाथ पाल ही करते थे। यहां बसपा की रणनीति एक लाख जाटव और ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं के साथ गैर कुर्मी पिछड़ा वर्ग के वोटरों को साधने की है। अपना दल कमेरावादी ने महिमा पटेल पर दांव लगाया है।

55.68% भाजपा को मिले थे 2019 के चुनाव में वोट

46.95% सपा ने पाए थे 2018 के उपचुनाव में वोट

तीन लाख कुर्मी, दो लाख यादव के अलावा तीन लाख अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता

- फूलपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम व ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख तक है।

बीते तीन चुनावों में दो बार भाजपा को मिली है इस सीट पर जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा की केशरी देवी पटेल ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,44,701 वोट मिले थे। सपा के पंधारी यादव 3,72,733 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर और कांग्रेस के पंकज पटेल 32,761 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। इससे पहले 2018 के उपचुनाव में सपा के नागेंद्र पटेल 3,42,922 वोट पाकर जीते थे। भाजपा से उतरे वाराणसी के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल को 2,83,462 और निर्दलीय उम्मीदवार अतीक अहमद को 48,094 वोट मिले थे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के केशव प्रसाद मौर्य 5,03,564 पाकर जीते थे। सपा के धर्मराज सिंह पटेल को 1,95,256, बसपा के कपिल मुनि करवरिया को 1,63,710 तथा कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद कैफ को 58,127 मत मिले थे।

- भाजपा से फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल और सपा के अमरनाथ मौर्य के बीच मुकाबले में बसपा भी कम नहीं
- भाजपा प्रत्याशी बसपा से रह चुके विधायक, जबकि सपा उम्मीदवार बसपा से लड़कर हार चुके विधानसभा चुनाव
- 2014 के चुनाव में पहली बार केशव प्रसाद मौर्य ने खिलाया कमल, लेकिन उपचुनाव में हार गई थी भाजपा
- साल 1977 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार ही यहां से चुनाव जीते

पं. नेहरू और रामपूजन के नाम पर हैट्रिक का रिकार्ड

- पं. जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में फूलपुर लोकसभा सीट को अपनी कर्मभूमि मानकर चुनाव लड़ा और वह लगातार 1952, 1957 और 1962 में यहां से सांसद चुने गए। नेहरू के धुर विरोधी रहे समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने 1962 में फूलपुर सीट पर उन्हें चुनौती दी, लेकिन जीत नहीं सके थे। फूलपुर से अब तक सिर्फ दो ही नेता जवाहरलाल नेहरू और रामपूजन पटेल जीत की हैट्रिक लगा पाए हैं। रामपूजन 1984, 1989 और 1991 में इस सीट से सांसद चुने गए थे। 1964 में नेहरू के निधन के बाद उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित फूलपुर से चुनाव जीतकर सांसद बनी थीं। वह 1967 में भी चुनाव जीती थीं। 1969 में यहां से जनेश्वर मिश्र और 1971 में वीपी सिंह चुनाव जीते थे। 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में यहां से कमला बहुगुणा जीती थीं। 1980 में जनता पार्टी (सेक्युलर) के बीडी सिंह के बाद 1984 में कांग्रेस से फिर 1989 और 1991 में जनता दल से चुनाव लड़कर राम पूजन पटेल जीते। 1996 और 1998 में सपा के जंगबहादुर पटेल, 1999 में सपा से धर्मराज पटेल, 2004 में सपा से अतीक अहमद, 2009 में बसपा से कपिल मुनि करवरिया के बाद 2014 में यहां भाजपा का खाता खुला और केशव प्रसाद मौर्य सांसद चुने गए। हालांकि मौर्य के 2017 में विधान सभा चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने पर 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के नागेन्द्र पटेल ने जीत हासिल की थी।

छठे चरण में हरियाणा और दिल्ली में सर्वाधिक प्रत्याशी

चुनाव डेस्क

अमृत विचारा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में सबसे ज्यादा प्रत्याशी दिल्ली और हरियाणा में किस्मत आजमा रहे हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 223 तो दिल्ली की सात सीटों पर 162 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

छठे चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की 10, दिल्ली की सात, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की चार, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं। आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में आम आदमी पार्टी के सभी पांच उम्मीदवार, आरजेडी के सभी चार उम्मीदवार, सपा के 12 में से नौ उम्मीदवार, भाजपा के 51 में से 28 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के नौ में से चार, बीजद के छह में से दो और कांगेस के 25 में से आठ उम्मीदवार शामिल हैं।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली से पार्टी की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के लिए मालवीय नगर में प्रचार करते हुए लोगों से कमल खिलाने की अपील की।

44 डिग्री तापमान में मतदान से नहीं लगा फायदे-नुकसान का अनुमान

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। 45 डिग्री तापमान में आसमान से बरसती आग के बीच लोकतंत्र के पर्व में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदाताओं के रुख की थाह लेने में राजनीतिक विश्लेषकों को पसीने छूटते रहे, इसकी वजह यह रही कि बीते चार चरणों में तीन चरण में कम मतदान को लेकर तमाम निहितार्थ निकाले गए थे। लेकिन पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान के आंकड़ों ने हिसाब किताब लगाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं छोड़ा। अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में कमोबेश पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में साल 2019 में 54.08 प्रतिशत मदान हुआ था। इस बार 54.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अंतिम आंकड़े में यह एक फीसदी तक बढ़ सकता है, जिसे बढ़ा हुआ या भारी मतदान नहीं कहा जा सकता। मोहनलाल गंज में 2019 में 62.79 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यहां 62.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो अभी थोड़ा बढ़कर पिछली बार से आधा प्रतिशत तक अधिक रह सकता है। इसी तरह फतेहपुर में 2019 में 56.79 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है। अंतिम आंकड़ें में यहां भी एक प्रतिशत तक ज्यादा मतदान दर्ज किया जा सकता है, जो परिणाम के लिहाज से कोई बड़ा संकेत करता नहीं नजर आ रहा है। गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान होने की खबर है, यहां 2019 में 52.20 प्रतिशत वोट डाले गए थे। अंतिम आंकड़े में इस बार भी मतदान 52 फीसदी रहने का अनुमान है। बांदा में भी मतदान पिछली बार जैसा ही रहा। यहां 2019 के 60.8 के मुकाबले 59.64 प्रतिशत मतदान हुआ जो अभी बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच सकता है। इसी तरह फतेहपुर में भी 2019 के 56.79 के मुकाबले 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है, जो अंतिम आंकड़े में थोड़ा बढ़ने पर भी एक फीसदी से अधिक नहीं होने का अनुमान है।

बाराबंकी में चार, रायबरेली में दो फीसदी अधिक वोट पड़े

- बाराबंकी में सबसे अधिक करीब चार प्रतिशत वोट अधिक पड़े हैं। यहां पिछली बार 63.61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, इस बार 67.10 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जो अंतिम गणना में थोड़ा बढ़ सकता है। रायबरेली में करीब दो फीसदी अधिक मतदान की खबर है। यहां 2019 में 56.34 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार दर्ज किया गया 58.04 प्रतिशत मतदान अंतिम आंकड़े में थोड़ा और ऊपर जा सकता है।

- अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने डाले वोट

झांसी में चार, लखनऊ, जालौन व कौशांबी में दो फीसदी कम वोटिंग

- झांसी में 60 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के बावजूद पिछली बार से लगभग चार फीसदी कम वोट पड़े हैं। झांसी में 2019 में 67.68 प्रतिशत वोट पड़े थे, इस बार 63.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। जालौन में दो प्रतिशत कम वोट पड़े हैं। यहां पिछले चुनाव में 58.49 के मुकाबले इस बार 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। कौशांबी में भी करीब दो प्रतिशत मतदान घट गया। यहां 2019 के 54.56 के मुकाबले 52.79 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। हमीरपुर में 2019 की अपेक्षा डेढ़ प्रतिशत कम मतदान का हिसाब लगाया जा रहा है। यहां पिछली बार के 62.32 की अपेक्षा 60.56 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। लखनऊ में पिछली बार से करीब दो प्रतिशत कम वोटिंग हुई। 2019 के 54.78 के मुकाबले यहां 52.23 प्रतिशत मतदान की सूचना है।

त्रिवेणी एक्सप्रेस में अफीम के साथ पकड़ी गई महिला

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रवर्तन लखनऊ टीम को त्रिवेणी एक्सप्रेस से एक महिला नशा तस्कर को 5 किलो 300 ग्राम अफीम के साथ पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। महिला तस्कर अफीम को लेकर सप्लाई करने बरेली जा रही थी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सहयोग से नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार कर लिया । महिला तस्कर का नाम संगीता देवी है जो कि रांची झारखंड की मूल रूप से रहने वाली है।

- **अफीम की सप्लाई करने बरेली जा रही थी**

पीडियाट्रिक व न्यूरो साइंस की ओपीडी में पहुंच रहे पीड़ित बच्चे

मोबाइल की लत से बच्चों को भी सर्वाइकल पेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : अगर आप भी बच्चों को खाना खिलाने या रोने पर चुप कराने या मनोरंजन के लिए मोबाइल फोन देते हैं तो सावधान हो जाइये। मोबाइल के अधिक प्रयोग से उनका बचपना तो खो ही रहा है वे कई प्रकार की बीमारियों से भी ग्रस्त हो रहे हैं। मोबाइल की लत से बच्चे सर्वाइकल की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। उनमे ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

मोबाइल की लत से कई युवाओं को झुककर चलने की आदत हो गई है। वहीं, बच्चों में याददाश्त कमजोर होने, ध्यान लगाने में कमी, नाम पुकारने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया न देना और सर्वाइकल की समस्या होने लगी है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग और न्यूरो साइंस विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन सर्वाइकल और आटिज्म से पीड़ित छह से सात बच्चे पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इसका मुख्य कारण कई घंटों तक मोबाइल का इस्तेमाल करना है। साथ ही प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम युक्त भोजन की कमी इसका कारण है। न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल की लत से बच्चों में कई प्रकार की बीमारियां देखी जा रही हैं, जिसमे सर्वाइकल की समस्या भी शामिल है। यह बीमारी अभी तक 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में देखी जाती थी, लेकिन बचपन में ही यह समस्या होना चिंता की बात है।

- **सर्वाइकल के साथ ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ता जा रहा**

90 फीसदी अभिभावकों को नहीं पता चलती बीमारी

विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन छह से सात अभिभावक बच्चे को लेकर सलाह लेने भी आते हैं। इसमे गंभीर बात यह है कि मोबाइल की लत से होने वाली बीमारियों की जानकारी सिर्फ 10 प्रतिशत अभिभावकों को होती है। 90 फीसदी अभिभावकों को बच्चों में होने वाली इन बीमारियों का आभास तक नहीं हो पाता है, जिसके बाद बच्चों में समस्या बढ़ती जाती है। प्रो .मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल और एक ही पोजीशन में कई घंटे तक बैठकर मोबाइल चलाने या देखने से रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर भी काफी असर पड़ता है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार 20 मई को लगभग 2 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने अपने तर्क दिए। सोमवार को विशेष रूप से वाद संख्या 5 पर बहस हुई। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई को 21 मई यानी मंगलवार को भी जारी रखने का आदेश दिया। मंगलवार को उक्त वाद पर शाही ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता बहस करेंगे। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही है। हिंदू पक्ष की ओर से सिविल वाद को व्याख्यायित किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

ट्रेन से कट कर महिला समेत दो की मौत

बहराइच, अमृत विचार : जिले के कोतवाली देहात और पयागपुर क्षेत्र में ट्रेन से कटकर अधेड़ और महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र में अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। दरगाह थाना क्षेत्र के डिगिहा मोहल्ला निवासी अनिल कुमार प्रजापति (50) पुत्र प्रभु दयाल सोमवार दोपहर में कोतवाली देहात के गोंडा बाईपास मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंच गया। यहां पर पुलिस लाइन के रेलवे क्रॉसिंग संख्या 39 के पास अनिल कुमार पहुंचा। उसने गोरखपुर से बहराइच जा रही ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। हादसे के चलते आवागमन बाधित हो गया। कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक की पहचान करवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पयागपुर थाना क्षेत्र के इमलिया गंज निवासी यशोदा देवी (75) पत्नी खेलावन रविवार देर शाम को खेत के लिए जा रहे थी। तभी गोंडा से अरी डेमू ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

अफजाल अंसारी की अपील पर आज भी होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में अफजाल अंसारी की अपील पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता के अनुरोध पर कोर्ट ने मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बता दें कि अंसारी के अधिवक्ता ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मुकदमे को मंगलवार के लिए टाल दिया जाए। अत: उनके अनुरोध को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस प्रकार गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 4 साल की सजा के खिलाफ दाखिल अफजाल की अपील पर कोर्ट में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई।

घर में सामान हटाते वक्त तमंचा दगा, महिला की मौत

कानपुर, अमृत विचार : सीसामऊ थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चंद्रनगर स्थित बद्री का हाता में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में तमंचे से गोली चलने से महिला की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर हैलट पहुंचे थे, जहां उसके सरिया लगने की बात कही थी। डॉक्टरों ने देखा तो गोली लगने की आशंका हुई जिस पर पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने मृतका के भाई और पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि आशंका है कि टाल के ऊपर लोड तमंचा रखा था जिसे महिला ने पकड़ा तो फायर हो गया और महिला को गोली लग गई। जवाहर नगर निवासी प्राइवेट कर्मी संजय यादव, पत्नी मनीषा (32), बेटे आकृतिक और बेटी ऋतिका के साथ रहता है। मकान जर्जर हो जाने के कारण वह जवाहर नगर स्थित ससुराल में परिवार के साथ शिफ्ट हो रहा था। दो दिन से जवाहर नगर से सामान लाकर मनीषा के मायके चंद्रनगर में रखा जा रहा था। सोमवार सुबह करीब दस बजे छोटी बहन काजल कमरे की टाल में रखी चीजें हटाकर नीचे खड़ी मनीषा को पकड़ा रही थी। इस दौरान काजल ने एक बैग मनीषा को पकड़ाया। मनीषा ने जैसे ही बैग पकड़ा तभी फायर हो गया और गोली मनीषा के पेट के नीचे जा घुसी।

मां ने बेटी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट

उतरौला/बलरामपुर अमृत विचार : स्थानीय नगर के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मानसिक मंदित मां ने पंद्रह माह की बेटी का गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में खुद का गला रेत लिया। डाक्टरों मां की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पति राहिल ने बताया कि उसका घर अल्माइटी स्कूल के बगल है। परिवार में पत्नी नादिया खातून 32 छह वर्षीय पुत्र मोहम्मद शहरान पांच वर्षीय पुत्री हाजिरा शहरीन व पंद्रह माह की बेटी किसबा के साथ रहता है। वह रोज की भांति सुबह मजदूरी करने निकल गया था। दोपहर लगभग तीन बजे पड़ोसियों ने सूचना मिली की उसके घर घटना हो गई है। मौके पर पहुंचा तो देखा कि पत्नी गंभीर अवस्था में पड़ी है। बताया कि पत्नी मानसिक मंदित है। जिसका मनोचिकित्सक से इलाज चल रहा है। पड़ोसियों ने बताया कि दिन में तीन बजे राहिल का पुत्र मोहम्मद शहरान घर से बदहवास चिल्लाता हुआ निकला। कारण पूछने पर बताया कि मां ने मुझे मारने पीटने के बाद छोटी बहन का गला रेत दिया है ।बाद मे खुद का गला काट लिया है।

नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पिता सहित 5 को उम्रकैद

एक-एक लाख रुपये अर्थ दंड वसूले जाने का भी आदेश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार : बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म व उसका गर्भपात कराने के मामले में न्यायालय नें आरोपी पिता सहित पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट ने एक-एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने के आदेश दिये हैं। गर्भपात कराने के मामले में दादी को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 12 जनवरी 2020 को पीड़िता के ही पिता चर्चित लेखपाल समेत उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोपी पिता के दोस्तों के नाम भी उजागर कर दिये थे। पीड़िता की दादी पर भी आरोप था कि उन्होंने गर्भपात में सहयोग किया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट राकेश कुमार ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

- **कोर्ट ने गर्भपात कराने में दादी को 8 साल की सजा सुनाई**

पीड़िता की मां ने दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया था कि मेरी बेटी जो कि 16 वर्ष की है उसके साथ काफी समय से मेरे पति दुराचार कर रहे थे। जब इस बात का पता चला तो मैंने पुत्री को वनस्थली विद्यापीठ जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया। उसने वहां भी पहुंच कर बेटी को जबरदस्ती वहां से ले जाकर दुराचार किया। अपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार कराता था। जब वह उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी तब वो मुझे व बेटी को बहुत मारता था। बेटी ने मुझे बताया कि पापा ने मेरे साथ गलत काम किया तथा वो मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे। दुधवा नेशनल पार्क तथा लखनऊ के होटलों में अपने दोस्तों के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस वजह से वो गर्भवती भी हो गयी। तब उसको आवास विकास के किसी डॉक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया। ये बताकर की वो उसका चाचा है। इसके बाद जब मेरी बेटी वनस्थली जयपुर में थी। उसकी साथ की सहेलियों के साथ भी गन्दी-गन्दी बातें कर उनके साथ भी संबंध बनाने की योजना बनाई। इसकी ऑडियो रिकार्डिंग भी मेरे पास है। बेटी ने बताया कि उसकी दादी ने भी कई बार पिता के साथ यह कहकर जबरन भेजा कि पिता का मूड ठीक हो जाएगा। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मुकदमे में पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार सिंह ने पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक- एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने का भी आदेश दिया है। न्यायलय ने गर्भपात कराने के मामले में दादी को 8 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार अर्थदंड वसूले जाने का आदेश दिया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

सड़क हादसे में मां-बेटे और मौसी की जान गई

सरसौल (कानपुर), अमृत विचार : महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर से फतेहपुर की ओर जा रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई।

कर्नलगंज थानाक्षेत्र के ईदगाह कालोनी निवासी मोहम्मद कादरी तौहीद (50) दिल्ली में आईटीआई कर रहे बेटे अदनान उर्फ अब्दुल रहमान (19) और पत्नी नूर फातिमा (33) के साथ दिल्ली में रहते थे। वह ट्रैवेल्स का काम करते थे। रविवार को मोहम्मद कादरी तौहीद के साले मुज्जसिर का परेड स्थित राजा गैलेक्सी से वलीमा था। दिल्ली से कार से कादरी तौहीद, बेटा अदनान, पत्नी नूर फातिमा व मुंबई निवासी साली रीना और उसकी बेटी अमायरा (5) शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह पांचों अर्टिगा कार से ददिहाल जिला फतेहपुर के गांव खैरई जा रहे थे। महाराजपुर थाना क्षेत्र की पुरमावीर चौकी क्षेत्र में स्थित विराट ढाबा के पास उनकी तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे अदनान, मां नूर फातिमा और मौसी रीना की मौके पर ही मौत हो गई। कादरी तौहीद और अमायरा गंभीर रूप से घायल हो गए।

पांचवें चरण में 250 मतदान केंद्रों पर खराब हुई ईवीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान ईवीएम में खराबी, फर्जी मतदान समेत कई शिकायतें प्राप्त हुईं जिन्हें समय पर निस्तारण कराया गया। ईवीएम खराबी की 250 शिकायतें पाई गईं, जिनका समय पर निस्तारण कराया गया। चुनाव में सभी 28,688 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी।

निर्वाचन क्षेत्रों के मॉक पोल के दौरान कुल 167 बैलेट यूनिट, 268 कंट्रोल यूनिट व 349 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम बजे तक कुल 67 बैलेट यूनिट, 67 कंट्रोल यूनिट व 238 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व में मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट व 11 वीवीपैट बदले गये। पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

14,984 मतदेय स्थलों पर कराई गई वेबकास्टिंग

लखनऊ, अमृत विचार : पांचवें चरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 14,984 मतदेय स्थलों पर्र वेबकास्टिंग कराई गई। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियां (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 21,907 मतदाताओं के जरिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। इसके अलावा कुल 32,250 सेवा मतदाताओं को भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 29,005 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है।

ट्रक और ट्राला की टक्कर में परिचालक जिंदा जला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक और ट्राला में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले लेकिन ट्राला का परिचालक केबिन में फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला का चालक भी झुलस गया। उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल ने वाहनों की आग बुझाई। हाईवे पर घंटेभर तक जाम लगा रहा।

सोमवार तड़के एक ट्रक दलिया लादकर फतेहपुर से रामादेवी की तरफ आ रहा था। चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर राजस्थान से टाइल्स लादकर वाराणसी जा रहे ट्राले से टकरा गया। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले। ट्राला का परिचालक शाहपुर राजस्थान भीलवाड़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू प्रजापति फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला चालक 20 वर्षीय सांवरिया प्रजापति बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझाया और चालक को उर्सला अस्पताल भिजवाया। परिचालक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

हाईवे पर जलता ट्रक।

पुलिस अभिरक्षा में बिगड़ी सपा नेता की तबियत

सीतापुर, अमृत विचार : मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंतर्गत ब्लॉक कसमंडा क्षेत्र के समदापुर गांव के लोगों ने गांव व उसके नजदीक मतदान केन्द्र न बनाए जाने का विरोध करते हुए रविवार को मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया था। जिन्हे समझाने के लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी गए थे। मतदान के दौरान सोमवार को कुछ सपा नेता मांगों को लेकर मतदान बहिष्कार की योजना बना रहे थे जिसके बाद कमलापुर पुलिस सपा नेता शीतला प्रसाद को अपने साथ हिरासत में लेकर थाने ले आई थी। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर सपा कार्यकर्ता शीतला प्रसाद की पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ गई। जिन्हे आनन फानन में सिधौली के एक निजी अस्तपाल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

छह फार्मासिस्टों की आकस्मिक मौतों से फेडरेशन चिंतित, जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सोमवार को गाजीपुर व बुलंदशहर में एक-एक फार्मासिस्ट की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इसी प्रकार बीते पांच दिनों में स्वास्थ्य विभाग में सेवारत छह फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है। आकस्मिक मौतों पर फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र. ने मौत के कारणों की जांच की मांग की है।

बुलंदशहर मालागढ़ के जिला अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सूरज और गाजीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर में तैनात फार्मेसिस्ट 40 वर्षीय वकार शाहिद की दोपहर एक बजे हार्ट अटैक् से मृत्यु हो गई है। इसके पहले 15 मई को प्रयागराज में सीएचसी हंडिया में तैनात फार्मासिस्ट प्रमोद यादव कार की अस्पताल के रास्ते में ही हृदयाघात से कार में मृत हो गई थी। उसी दिन कौशांबी मंझनपुर में कार्यरत फार्मेसिस्ट सदाशिव सिंह की भी अस्पताल में हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद 17 मई को सिद्धार्थनगर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फार्मासिस्ट बी नारायण की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अगले दिन 18 मई को प्रयागराज में ही रामनगर सीएचसी में तैनात फार्मेसिस्ट जय सिंह की अस्पताल में ही हार्ट अटैक पड़ने से मृत्यु हो गई।

- **पांच फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत बनी चिंता का विषय**

> छह फार्मासिस्टों के निधन में केवल एक की मार्ग दुर्घटना से मृत्यु हुई जबकि अन्य सभी की मृत्यु का कारण अज्ञात है। सभी की उम्र 40 से 52 के मध्य में है। इस प्रकार की आकस्मिक मौतों के कारणों की वजह जानने के लिए शोध होने चाहिए। जारी शोधों को गति प्रदान करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बढ़ावा मिलना चाहिये।–सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.

वर्ग पहेली-76

बाएं से दाएं

3.1. सुरमा, काजल 2. रसांजन।

4.1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।

5.1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा

6.1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।

9.1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

ऊपर से नीचे

1.1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।

2. उल्लू।

3.1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।

6.1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफलिसी।

7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।

8.1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



वर्ग पहेली -75 का हल

1 पा	स		2 कु			
		3 प	ल	टा	ना	
4 चा			बु			5 नि
6 क	ल	क	ला	ना		रु
चौ			ह			पा
बं		7 झों	ट			धि
द		की		8 गां	धि	क

सुडोकू -155

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			3	4	
4	5							
	4	5					7	8
9								5
	1	7					9	6
							6	9
	6	2	3					

सुडोकू -154 का हल

8	1	7	4	6	5	2	9	3
4	2	5	1	9	3	6	7	8
6	3	9	2	7	8	1	5	4
5	9	6	3	2	1	8	4	7
3	7	4	6	8	9	5	1	2
1	8	2	7	5	4	3	6	9
2	5	8	9	4	6	7	3	1
9	6	1	8	3	7	4	2	5
7	4	3	5	1	2	9	8	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 17 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 05 .46 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपको अधीर होने से बचना चाहिए। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपका मन कुछ विचलित सा हो सकता है। यदि नौकरी कर रहे हैं तो व्यापार की इच्छा होगी। आपके सामने व्यवसाय को लेकर अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

वृष — आज पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है,किंतु आप किसी भी तरह के लोन आदि लेने वाली गतिविधि से स्वयं को दूर रखें। व्यवसाय में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

मिथुन — आज नया कार्य शुरू करने में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपको लोग आश्वासन देंगे,लेकिन आपकी मदद से पीछे हटेंगे। आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके दिमाग में व्यवसाय को लेकर नए-नए विचार आएंगे।

कर्क — आज पारिवारिक जीवन को समय अवश्य दें। अधिकारियों के बीच अपनी छवि का ध्यान रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिसके परिणाम भविष्य में खराब होंगे जिनके प्रति आप श्रद्धा भाव रखते हैं, वे आपको गलत सलाह दे सकते हैं।

सिंह — आज आप कई तरह के उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जिसके बारे में आपके पास कम जानकारी है। आप लोगों के बीच काफी सक्रिय रहेंगे।

कन्या — आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। धन की कमी से कुछ काम रुक सकते हैं,जो लोग किराए पर रहते हैं, वे अपने लिए घर खरीदने की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सावधान रहें।

तुला — आज नई जॉब के आवेदन के लिए समय उत्तम है। व्यवसाय में आप बदलाव करने को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव काफी ज्यादा बढ़ सकता है। आप लोगों की मदद काफी सोच-समझकर ही करें।

वृश्चिक — आज कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। मन पुरानी बातों को लेकर अशांत रहेगा। यदि किसी स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हैं तो आपको कुछ सावधान रहना चाहिए। चिकित्सीय कार्यों में धन खर्च होगा।

धनु — आज हृदय रोगियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। किसी सामाजिक सभा में आप सम्मिलित हो सकते हैं। अटका हुआ धन मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए दिन शुभ है। संपत्ति को लेकर विवादों को आप अपने पक्ष में कर लेंगे।

मकर — आज सहकर्मी आपसे बहुत प्रसन्न रहेगे। राजनेताओं के लिए दिन शुभ है। प्रेमीजन को विवाह का प्रस्ताव दे सकते हैं। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। आप अपनी गलतियों का मूल्यांकन करें। इससे आप काफी सारी समस्याओं को सुलझा सकेंगे।

कुंभ — आज बड़ी आर्थिक गतिविधियों के लिए दिन शुभ नहीं है। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। आपको अपने दस्तावेजों को काफी संभाल कर रखना चाहिए। कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।

मीन — आज आपको ऐसे अवसर मिलेंगे जहां आपको दो में से किसी एक को चुनना होगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अपने शुभचिंतकों से विमर्श कर लें। आपको काफी शांत रहना चाहिए। तभी आप परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले पाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 11.02
जुआरी — शाम : 04 .25

&pictures
मास — सुबह : 08 .13
हॉलीडे — दोपहर : 02 .01

SONY PIX
वंडर वुमन — सुबह : 11.11
द इंट्रूडर — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
सागर — सुबह : 09 .50
हमारी अधुरी कहानी — रात : 07 .50

colors CINEPLEX
पहेली — सुबह : 11.33
देवदास — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .01 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 930।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से 105 चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

एक नजर

सीसीआई संशोधित विलय नियंत्रण नियमों को करेगा अधिसूचित

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) नए विलय नियंत्रण नियमनों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया में है। आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले साल नियामक संशोधित प्रतिस्पर्धा अधिनियम के संचालन के लिए विभिन्न नियमन लेकर आया था। सार्वजनिक परामर्श के बाद, इसने निपटान और प्रतिबद्धता प्रणाली, कारोबार और आय तथा अतिरिक्त उदारता जैसे नियमन पेश किए गए।

उबर को बस चलाने के लिए मिला लाइसेंस

नई दिल्ली। ऐप आधारित ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर को दिल्ली परिवहन विभाग से सरकार की प्रीमियम बस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में बसें संचालित करने के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस प्राप्त हुआ है। एग्रीगेटर से आशय कारोबारी मॉडल से है।

मार्च में रियल्टी धारणा सूचकांक में आया सुधार

नाइट फ्रैंक और नारेडको के अनुसार 6 माह के लिए है सकारात्मक परिदृश्य

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में धारणा सूचकांक बेहतर होने के साथ अगले छह महीनों को लेकर खासी उम्मीदें लगी हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक और उद्योग निकाय नारेडको की सोमवार को जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आर्थिक वृद्धि और मजबूत संपत्ति की मांग उनकी धारणाओं में सुधार के प्रमुख कारक हैं। रियल एस्टेट धारणा सूचकांक (जनवरी-मार्च) रिपोर्ट आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच

कराए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। यह दर्शाती है कि उद्योग के आपूर्ति पक्ष के बीच बाजार के भरोसे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मौजूदा धारणा सूचकांक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 69 था लेकिन मार्च तिमाही में यह सुधरकर 72 हो गया। भविष्य की धारणा का सूचकांक भी बीती तिमाही में बढ़कर 73 हो गया जबकि दिसंबर तिमाही में यह 70 था। सलाहकार फर्म ने कहा-यह सकारात्मक वृद्धि पथ भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में हितधारकों के निरंतर आशावाद और रियल एस्टेट बाजार में स्थायी मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवासीय बाजार का दृष्टिकोण विशेष रूप से आशाजनक है।

रियल एस्टेट मामलों के प्रभावी दिवाला समाधान के लिए कानूनी सुधार जरूरी

दिवाला कानून के तहत रियल एस्टेट मामलों के समाधान में अधिक दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स ऑफ आईसीएआई (आईआईआईपीआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि परियोजनाओं को पूरा करने और घर खरीदारों को आवंटन पर हरसंभव ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रक्रियात्मक और समन्वय संबंधी मुद्दों को अनुमति नहीं देने का सुझाव भी दिया है। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) कर्ज में फंसी संपत्तियों के समयबद्ध समाधान का प्रावधान करती है। रियल एस्टेट मामलों के समाधानों में सुधार और नियामक रेरा के साथ समन्वय' पर गठित अध्ययन समूह ने आईबीसी और रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम (रेरा) के तहत कानूनी और साथ ही व्यावहारिक पहलुओं में कुछ महत्वपूर्ण कमियों को चिह्नित किया है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि आईबीसी के तहत रियल एस्टेट मामलों को सुलझाने में अधिक प्रभावकारिता के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है।

रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामले में 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने वित्त वर्ष 2018-19 में रिलायंस कमर्शियल में पेशेवर कदाचार और ऑडिटिंग (अंकेक्षण) खामियों के लिए दो लेखाकारों (ऑडिटर) पर कुल 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने श्रीधर एंड एसोसिएट्स पर दो करोड़ रुपये और अजय वस्तानी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने वस्तानी को किसी भी कंपनी या निकाय के कार्यों और गतिविधियों के वित्तीय विवरणों या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से पांच साल के लिए रोक दिया है। यह आदेश ऐसे समय आया है जब कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एनएफआरए को सूचित किया कि पीडब्ल्यू ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत मंत्रालय को एक रिपोर्ट दायर की थी।

फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गई और झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा। लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाज़ारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है। फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूज़र अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूज़र कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांज़ैक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के ज़रिए दी गई है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	93,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	76,100
गिन्नी (प्रति नग)	56,700-56,900
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	88,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	74,000
सोना जेवरात गिन्नी	73,000
चांदी पक्की	890 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	74,250
चांदी आभूषण	89,000।

सरकार ने वाहनों की गति मापने वाले उपकरण के लिए लोगों से मांगे सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सड़कों पर वाहनों की गति मापने में उपयोग होने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए नियमों के मसौदे पर लोगों से सुझाव मांगे हैं।

मंत्रालय ने इस बारे में एक परिपत्र जारी किया है। नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अंतिम रूप से नियम अधिसूचित होने के बाद स्थापित रडार उपकरणों को एक वर्ष के भीतर सत्यापित करने की जरूरत होगी। लोगों को इस बारे में 11 जून तक सुझाव देने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि फिर से प्रमाणन की जरूरत होने पर मौजूदा स्थापित उपकरणों को भी सत्यापित किया जाना चाहिए। ऐसे रडार उपकरण जो पहले से लगे हैं और जिनका फिर से सत्यापन होना है अथवा अगले वर्ष के भीतर होना है, उन्हें नए नियम लागू होने के एक वर्ष के भीतर सत्यापित किया जाना चाहिए और मुहर लगाई जानी चाहिए। यदि गति माप परिणामों का उपयोग कानूनी कार्यवाही में किया जाना है, नियम के तहत जो भी शर्तें निर्धारित होती हैं, उन्हें रडार उपकरण को पूरा करना होगा।

ईपीएफओ ने मार्च में 14.41 लाख नए सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने सोमवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उसने इस साल मार्च में 14.41 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.80 लाख सदस्य ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) से बाहर चले गए और बाद में फिर से शामिल हो गए। बयान के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए।

बिजली की अधिकतम मांग 235 गीगावॉट के करीब पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली की अधिकतम मांग मई में 235 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग छह मई को दिन में 233 गीगावॉट (एक गीगावॉटबराबर 1,000 मेगावॉट) पर पहुंच गई। एक साल पहले इस दौरान यह 221.42 गीगावॉट थी। मंत्रालय ने महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मई में दिन के दौरान बिजली

- **पारा चढ़ने के साथ एसी और कूलर का बढ़ गया उपयोग**

की मांग 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट तक पहुंच जाएगी। वहीं जून, 2024 में दिन के दौरान इसके 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉटरहने की संभावना है। पिछले सप्ताह, 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 229.57 गीगावॉट तक पहुंच गई, जबकि 15, 16 और 17 मई को यह लगभग 226 गीगावॉट थी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। इसका कारण गर्मी से राहत दिलाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के एक जून को केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून लगभग पूरे देश में फैलते हुए जून के अंत तक दिल्ली पहुंचता है। इससे बिजली की मांग अगले महीने भी अधिक रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल मार्च में अनुमान लगाया था कि अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रहने से अधिक गर्मी और लू वाले दिन होंगे।

राष्ट्रीय

दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी भाजपा: मोदी

भुवनेश्वर में बोले प्रधानमंत्री, 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी और चार जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार रात एक साक्षात्कार में कहा-पूरे देश के लिए हमारी रणनीति एक समान है। फिर एक बार मोदी सरकार और चार जून को 400 पार। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने एक मिथक पैदा किया है कि भाजपा दक्षिणी राज्यों में कोई ताकत नहीं है या वहां उसकी मौजूदगी नहीं है।

उन्होंने कहा-2019 के चुनाव को देखिए। तब भी दक्षिण भारत में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुरी में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही थी। एक बार फिर, मैं यह कहता हूं कि इस बार दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा होगी तथा उसके सहयोगियों को और अधिक सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा-हम दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेंगे और पिछली बार से भी अधिक अंतर से जीतेंगे। उन्होंने बताया-हमने पहले ही लोगों की सोच में बदलाव देखा है। हम दक्षिण क्षेत्र में अपनी सीटों की संख्या और मत प्रतिशत में भी बड़ी वृद्धि देखेंगे।

रोड शो शुरू करते ही मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा माहौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निकल कर लगभग सौ मीटर चलकर मारीचिकोट चौराहे पर अपना रोड शो शुरू करने पहुंचते ही इस तीर्थनगरी में ग्रैंड रोड की हवा मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठी। नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी राज्य इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा तथा री विधायक उम्मीदवार जयंत शारंगी के साथ एक सजे हुए वाहन पर खड़े थे।

अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला और भाजपा केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी खास नागरिक के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात साक्षात्कार में ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को अल्पसंख्यकों को लेकर अब तक का सबसे स्पष्ट बयान माना जा रहा है।

मप्र में पति ने डाक से पत्र भेजकर पत्नी को तीन तलाक दिया, मामला दर्ज

रतलाम (मप्र)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में अपनी पत्नी को डाक से तीन पत्र भेजकर कथित तौर पर तीन तलाक देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि जोड़े ने नवंबर 2020 में शादी की और इसके तुरंत बाद महिला के ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था।

देशभर में बदलाव की चल रही है आंधी: राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान आरंभ होने के बाद सोमवार को कहा कि जनता विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देशभर में बदलाव की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीट पर मतदान हो रहा है। इसमें रायबरेली लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है जहां से राहुल गांधी खुद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता

संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी हो गई है और भाजपा को हरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नफरत की राजनीति से ऊब चुका यह देश अब अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा-युवा नौकरी के लिए, किसान एमएसपी और कर्ज से मुक्ति के लिए, महिलाएं आर्थिक निर्भरता और सुरक्षा के लिए तथा मज़दूर वाजिब मेहनताने के लिए और देश में बदलाव लाने के लिए मतदान करने को आगे आया है।

एक नजर

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर फैसला आज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में क्रमश: प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए धन शोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को अपना आदेश सुनाएगा। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा 21 मई को शाम पांच बजे दोनों जमानत याचिकाओं पर आदेश सुना सकती हैं। उच्च न्यायालय ने 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

बिहार में गंगा में डूबने से पांच लोगों की मौत

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार को पांच युवक गंगा नदी में डूब गये जिनमें से सभी की उम्र 17 से 20 साल के बीच थी। चकिया थाना अध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी के अनुसार घटना सिमरिया घाट पर हुई जहां पास के गांव के निवासी मुंडन समारोह के बाद स्नान के लिए आए थे। इन लोगों के तेज धारा में बह जाने के बाद गोताखोरों की मदद से पांच लोग के शव बरामद कर लिए गए हैं।

खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी**

उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि देश में कार्यरत खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। अर्ध-खुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन के दौरान परिसर से बाहर काम करने और शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज के साथ आत्मसात करने और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए पेश किया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उल्लेख किया कि जेलों और कैदियों से संबंधित मामले में न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे वकील के. परमेश्वर ने कहा है कि केंद्र द्वारा एक आदर्श मसौदा नियमावली तैयार की गई है जिसमें खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम 'खुले सुधारात्मक संस्थान' किया गया है। पीठ ने 17 मई को पारित अपने आदेश में कहा-हम (केंद्रीय) गृह मंत्रालय को आदर्श जेल नियमावली, 2016 और आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा

अधिनियम, 2023 के आने के बाद खुले सुधार संस्थानों के संबंध में हाल के घटनाक्रमों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि जयपुर में सांगानेर खुले शिविर का क्षेत्र कम करने का प्रस्ताव है। इसने कहा-हम निर्देश देते हैं कि संबंधित स्थलों पर कार्यरत खुले शिविरों/संस्थानों/जेलों के क्षेत्र में कटौती का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार और प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशानिर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के साथ साझा करें। संबंधित राज्यों में ऐसी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। पीठ ने मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दो जून को आत्मसमर्पण के बाद के लिए किया आवेदन**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की सोमवार को मांग की।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष आवेदन दायर कर दो जून को आत्मसमर्पण करने पर केजरीवाल के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की और दावा किया कि उन्हें पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इस बीच, ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल और सह-अभियुक्त, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के खिलाफ मामले में मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने दोनों राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दायर अपने पूरक आरोप पत्रों के समर्थन में यह दलील दीं। न्यायाधीश आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बिंदु पर मंगलवार को भी ईडी की दलीलें सुनना जारी रखेंगी।

भारत सेवाश्रम संघ पर टिप्पणी करने के लिए संत ने ममता बनर्जी को भेजा नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से मांफी मांगने को भी कहा है। ममता को कानूनी नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा-अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। एक आध्यात्मिक गुरु होने के नाते हम निजी आलोचना से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं। लेकिन उन्होंने (ममता ने) संगठन को अपमानित किया है, जो अस्वीकार्य है।

यौन उत्पीड़न मामले में रेवन्ना की जमानत मंजूर

बेंगलुरू। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने हाई-प्रोफाइल यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका को सोमवार को मंजूरी दे दी।जद-एस नेता को पहले 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट से अंतरिम राहत मिली थी। आज के सत्र में, न्यायाधीश जे. प्रीत ने एसआईटी की ओर से उठायी गई आपत्तियों के बावजूद उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने का फैसला किया। होलेनरसीपुरा टाउन थाने में दर्ज मामले में श्री रेवन्ना और उनके बेटे, हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सहायिका के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

केजरीवाल के खिलाफ दीवार लेखन के पीछे भाजपा का हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आप नेता आतिशी ने साजिश रचने का लगाया आरोप**

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में मेट्रो ट्रेन के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो दीवार लेखन किया गया है उसके पीछे भाजपा का हाथ है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे पर चर्चा करने और ज्ञापन देने के लिए के लिए ई-मेल भेजकर समय मांगा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस मामले का संज्ञान लिया और इसकी जांच की जा रही है।

आप नेता आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा इस बात

से घबरा गई है कि वह दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट हारने वाली है, इसलिए वह अलग-अलग तरह की साजिश रचकर केजरीवाल को निशाना बना रही है। आतिशी ने आरोप लगाया-उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कराया और फिर जब वह तिहाड़ जेल के अंदर बंद थे तो 15 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नहीं दिया गया, जिसके बाद हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब वह जेल से बाहर आ गए तो उन्हें निशाना बनाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन भाजपा की यह साजिश भी सफल न हो सकी क्योंकि वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि आप की राज्यसभा सदस्य पर हमले के आरोप झूठे हैं। उन्होंने दावा किया-अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है।

केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप: भाजपा

वहीं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पुलिस और निर्वाचन आयोग से मुख्यमंत्री केजरीवाल की सुरक्षा को दोगुनी करने की अपील की है। इसी के साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए उन पर हमला करा सकती है। सचदेवा ने कहा कि आप मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हुए हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-केजरीवाल से मेरा एक ही सवाल है कि वह अपने घर में मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर कब अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांगा है।

रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतकर भी ओलंपिक नहीं जा सकेगा भारत

एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने मिश्रित 4X400 मीटर रिले में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

बैंकॉक, एजेंसी

भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। हालांकि भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही।

मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट 14.12 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय टीम रेस के चारों चरण के दौरान बढ़त बनाए हुए थी। श्रीलंका की टीम तीन मिनट 17.00 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि वियतनाम की टीम ने तीन मिनट 18.45 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सोमवार का यह समय भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इस तरह भारतीय टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह मुश्किल हो गई है क्योंकि पेरिस में मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में सिर्फ 16 टीम हिस्सा लेंगी। बहामास के नसाऊ में विश्व एथलेटिक्स रिले से पहले ही 14 चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब 30 जून की समयसीमा तक देशों के सर्वश्रेष्ठ समय के आधार पर सिर्फ दो स्थान भरे जाने हैं। चेक गणराज्य (तीन मिनट 11.98) और इटली (तीन मिनट 13.56 सेकेंड) रोड डू पेरिस सूची में अभी क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं। इससे पहले ही शीर्ष 14 टीम विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा चुकी हैं जहां भारतीय टीम क्वालीफाई करने में नाकाम रही। सोमवार को भारत का लक्ष्य कम से कम तीन मिनट 13.56 सेकेंड से बेहतर प्रदर्शन करना था जिससे कि वह 16वें स्थान पर आ जाए लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 30 जून की समय सीमा से पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भेजने पर विचार कर सकता है। भारत मंगलवार को एशियाई रिले के दूसरे दिन पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में प्रतिस्पर्धा पेश करेगा। बहामास में राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने खराब प्रदर्शन किया और पहले दौर के क्वालीफायर की हीट (शुरुआती दौर की रेस) में पेरिस का टिकट कटाने में विफल रही। पुरुषों की चार 400 मीटर रिले दौड़ में भाग लेते समय रमेश के घायल हो जाने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे दौर के क्वालीफायर की हीट से अपना नाम वापस ले लिया। बाद में पुरुषों और महिलाओं दोनों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने दूसरे दौर की क्वालीफिकेशन हीट के दौरान पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

केकेआर और सनराइजर्स आजमाएंगे दम

लीग के पहले क्वालीफायर मैच में दोनों टीमों की ओर से रनों का अंबार लगने की उम्मीद

अहमदाबाद, एजेंसी

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिये अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।

बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरूआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा। केकेआर के लिये नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है। कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आये हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर।

सनराइजर्स हैदराबाद : अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	14	24
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
अर्शदीप (पंजाब)	14	19

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	708
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	14	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	12	533

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

क्रिकेट छोड़ने का मन बना रहे थे स्वप्निल

बेंगलुरु, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने आईपीएल की पिछली नीलामी के शुरुआती दौर में अपनी बोली नहीं लगने के बाद खेल छोड़ने का मन बना लिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें टीम में शामिल कर लिया।

18 साल के घरेलू क्रिकेट करियर में स्वप्निल ने बड़ौदा और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। आईपीएल में वह आरसीबी से पहले पंजाब और लखनऊ का हिस्सा रह चुके हैं। स्वप्निल ने कहा कि नीलामी के दिन पहले मैं धर्मशाला जा रहा था। जब मैं वहां पहुंचा तब शाम के सात-आठ बज रहे थे। तब तक नीलामी का आखिरी दौर था, मुझे लगा कि मेरे लिए चीजें खत्म हो गईहै। मैंने सोचा था कि मैं मौजूदा घरेलू सत्र में खेलूंगा और अगर जरूरत पड़ी तो अगला सत्र खेलने के बाद करियर खत्म कर दूंगा क्योंकि मैं पूरी ज़िंदगी खेलना नहीं चाहता था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2006 में पदार्पण करने वाले स्वप्निल को आरसीबी ने 20 लाख रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार ने फोन किया तो हम भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए।

विश्व रिकॉर्ड के साथ दीप्ति ने जीता स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी

विश्व पैरा चैंपियनशिप

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55 . 07 सेकेंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिये है। दीप्ति ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.69 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था जो तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड था। दीप्ति जूनियर और सीनियर में सक्षम खिलाड़ियों के साथ भी चुनौती पेश कर चुकी हैं। सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने जूनियर स्तर पर कई पदक जीते हैं। उन्होंने सीनियर स्तर पर सक्षम खिलाड़ियों के साथ पिछली बार चेन्नई में 2022 राष्ट्रीय अंतर राज्यीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में प्रतिस्पर्धा पेश की थी। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भाग्यश्री महाराव ने भी महिला गोला फेंक एफ34 वर्ग में 7.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं । रविवार को निशाद कुमार (टी47 ऊंची कूद) और प्रीति पाल (टी35 200 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था।

खेल डायरी

नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर

जिनेवा। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं । दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7 . 6, 6 .3 से हराया। नागल ने हार के बाद ट्वीट किया कि आज की हार से निराश हूं। लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई । अगला लक्ष्य पेरिस ।

पूर्वोत्तर में क्रिकेट अकादमी की रखी आधारशिला

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्यों के उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने छह राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमियों की आधारशिला रखी। क्रिकेट अकादमी अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करेंगी। यह अकादमी शिलांग, ईटानगर, कोहिमा, आइजोल, इंफाल और गंगटोक में स्थित होंगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, पूर्वोत्तर में इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मानसून के दौरान प्रशिक्षण के लिए कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई या अहमदाबाद की यात्रा करनी पड़ती थी।

खेल या शिक्षा, अनुशासन जरूरी: गोपीचंद

पटना। खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने छात्रों से कहा, खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं। दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। समय के साथ इसमें मार्गदर्शक की जरूरत जुड़ गई है। शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग दी जाती है तब छात्र प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है।

इंडियन ओपन सर्फिंग 31 मई से



मेंगलुरू। इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों में पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने बतसश्स कि इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।

खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू

मलेशिया मास्टर्स

कुआलालम्पुर, एजेंसी

ब्रेक से लौटी पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर अपना मनोबल बढ़ाने के इरादे से उतरेगी। सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है।

ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं। वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं।

सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 34 रन से हराया

लीड्स, एजेंसी

- **तीन मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड की टीम ने 3-0 से जीती**

डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 34 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है।

177 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने पहले विकेट लिए 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) का पहला विकेट गिरा। अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) पवेलियन लौट गई। सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) 10वें और 11वें ओवर में गिरने से पाकिस्तानी टीम बैकफुट पर आ गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं। पाकिस्तान की टीम चार विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 34 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन, लॉरेन फ़िलर, सोफी एक्लेस्टोन और डेनिएल गिब्सन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट लिए। खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने निर्धारि 20 ओवरों में 176 रन का स्कोर खड़ा किया।

बॉलीवुड हलचल

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम और उनके पति फिल्मकार आदित्य धर माता-पिता बन गये है। यामी गौतम और आदित्य धर ने सोशल मीडिया पर एक साथ पेरेंट्स बनने की खबर शेयर की है। बेटे होने की अनाउंसमेंट के साथ ही उन्होंने बेटे का नाम भी बताया है। यामी और आदित्य ने बेटे का नाम 'वेदाविद' रखा है, जिसका मतलब होता है वेदों को जानने वाला। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, हम सूर्या अस्पताल के बेस्ट डॉक्टर्स, खासकर डॉ. भूपेन्द्र अवस्थी और डॉ. रंजना धनु के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिनकी स्पेशलाइजेशन और कोशिशों ने इस खुशी के अवसर को संभव बनाया। हम माता-पिता बनने की इस खूबसूरत जर्नी पर निकल रहे हैं, हम उत्सुकता से अपने बेटे 'वेदाविद' के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हम इस समय आशा और विश्वास से भरे हुए हैं कि वह हमारे पूरे परिवार और राष्ट्र का भी गौरव बनेगा।

अगस्त में शुरू होगी जू. एनटीआर की फिल्म एनटीआरनील

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर की आने वाली फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर, केजीएफ सीरीज़ और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक प्रशांत नील के साथ काम करेंगे। फिल्म, जिसका अस्थायी नाम एनटीआरनील है, की घोषणा बहुत पहले की गई थी। निर्देशक प्रशांत नील, माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स की अगली एक्शन महाकाव्य फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर निर्माताओं ने शूट अपडेट की घोषणा की। निर्माताओ ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैन ऑफ मासेस को जन्मदिन की शुभकामनाएं -टीम एनटीआरनील। एक पावरहाउस प्रोजेक्ट के लिए खुद को तैयार करें।

पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में होंगी 32 टीमें, एक देश अधिकतम रख सकता है दो टीम

बालाजी या युकी किससे जोड़ी बनाएंगे रोहन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) से उसे मंजूरी मिलना तय है।

विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरूष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है। क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिये। फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति



उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जायेगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जायेगा।

बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।

हमेशा विवादों से घिरा रहा है भारतीय टेनिस

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है। 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था। इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिये उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था। एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है। एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा। बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

कार्निवाल

जर्मनी में वार्षिक कार्निवाल ऑफ कल्चर परेड के दौरान रविवार को वेशभूषाधारी प्रतिभागी परेड में दुनिया भर से हजारों लोग रंगबिरंगी वेशभूषा में पहुंचे। उत्सव में भाग लेते युवती। ● एजेंसी

सुनक ने संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के लेकर मांगी माफी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सरकार को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर देश में 1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को माफी मांगी।

जांच समिति के अध्यक्ष सर ब्रायन लैंगस्टाफ द्वारा इस मुद्दे पर अपना कड़ा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटे बाद संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सुनक ने कहा कि जांच में उल्लिखित विफलताओं और इनकार के रवैये के बाद यह ब्रिटेन के लिए शर्म का दिन है। यह माना जाता है कि ब्रिटेन में, 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक के शुरुआती वर्षों तक एचआईवी या हेपटाइटिस से संक्रमित रक्त आधान करने से करीब 3,000 लोगों की मौत हुई।

● **1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप**

इस प्रकरण को 1948 से ब्रिटेन की सरकार संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में सबसे घातक आपदा माना जाता है। उन्होंने सभी पीड़ितों को मुआवजा देने की पुष्टि की।

आयुष्मान भारत योजना ने बदल दी छह साल पुरानी कहानी, समझिए पूरी पिक्चर

साल 2018 में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों के इलाज के लिए जिस आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना को लॉन्च किया था, उस योजना ने अब एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। दरअसल, इस योजना के लाभार्थियों में महिलाओं की संख्या बढ़कर 48 फीसदी हो गई है। पिछले 6 सालों में आयुष्मान भारत के तहत अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज करने वाले लोगों का आंकड़ा 6.5 करोड़ है, जिसमें से 3.2 करोड़ महिलाएं हैं। योजना के तहत सरकार ने 6 सालों में इलाज पर कुल 81,979 करोड़ रुपए खर्च किए और इनमें से महिला लाभार्थियों पर खर्च होने वाली रकम 39,349 करोड़ रुपए है। आयुष्मान को लागू करने वाली एजेंसी नेशनल हेल्थ अथॉरिटी से जुड़े अधिकारियों ने ये आंकड़े दिए हैं और बताया कि देश के 8 राज्य ऐसे हैं, जहां महिला लाभार्थियों की संख्या पुरुषों से ज्यादा रही है।

एसे मिलता है योजना का लाभ?

इस योजना का लाभ उठाने के लिए चार शर्तें हैं। पहली- आपकी सालाना इनकम 2 .5 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। दूसरी- परिवार में 16 साल से ऊपर का कोई भी अन्य कमाने वाला सदस्य ना हो। तीसरी- अगर आप एससी या एसटी कैटेगरी से हैं तो इस योजना के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

क्या है आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना

आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत गरीब वर्ग के परिवारों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत अभी तक 32 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जा चुके हैं। हालांकि, योजना के लॉन्च होने के बाद शुरुआती दो सालों में केवल 10 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड ही जारी हो पाए थे। बाद में जब इस काम में आशा कर्मियों को शामिल किया गया तो पिछले दो सालों के भीतर ही सरकार ने 20 करोड़ कार्ड जारी कर दिए।

एक नजर

लाई चिंग ते ने ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

ताइवान। लाई चिंग ते ने सोमवार को ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। चिंग ते ने कहा कि द्वीपीय राष्ट्र चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश जारी रखेगा और स्वशासित लोकतंत्र की वास्तविक स्वतंत्रता की नीति को बरकरार रखेगा। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर नियंत्रण हासिल करने की बात कह चुका है।

बारिश से प्रभावित ऊटी में आठ पर्यटकों को बचाया

उधगमंडलम। तमिलनाडु के ऊटी में राज्य पर्यटन बोट हाउस के पास बारिश के पानी में फंसे वाहन से आठ पर्यटकों को अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने सोमवार को बचा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऊटी दमकल स्टेशन के अधिकारी प्रेमकुमार ने बताया कि यहां बस स्टैंड के पास बोट हाउस के पास आंशिक रूप से डूबे एक वाहन को देखकर कुछ स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचित किया। इसके बाद विभाग के कर्मचारी तुरंत वहां पहुंचे और वाहन में फंसे सभी आठ लोगों को बाहर निकाला।

जुमा आपराधिक रिकॉर्ड के चलते नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि एक आपराधिक मामले में दोष सिद्धि की वजह से पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अगले हफ्ते होने वाले संसदीय चुनाव में खड़े होने की इजाजत नहीं है। यह निर्णय अहम चुनाव से पहले देश में राजनीतिक तनाव बढ़ा सकता है। संवैधानिक अदालत ने कहा कि संविधान उन लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाता है जिन्हें 12 महीने से ज्यादा की सज़ा दी गई है। जुमा (82) को 2021 में संवैधानिक न्यायालय ने अदालत की अवमानना के मामले में 15 महीने की सज़ा सुनाई थी।

कनाडा में नाव दुर्घटना में तीन की मौत, 5 घायल

ओटावा। कनाडा में शनिवार रात हुई एक नाव दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। यह दुर्घटना कनाडा की राजधानी ओटावा से लगभग 140 किमी दक्षिण में बॉब्स झील के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे (0130 जीएमटी) के बाद हुई। स्थानीय पुलिस ने कहा, "एक नाव को ओपन बो फिशिंग स्टाइल बोट और दूसरे को स्पीड बोट बताया जा रहा है।

रईसी की मौत पर उठे सवाल

चीन बोला- राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे के लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत पर अब चीन ने सवाल खड़े किए हैं। चीन के एक्सपर्ट के मुताबिक ईरान घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे को सिर्फ दुर्घटना कहना मुश्किल है।

ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीनी के एक्सपर्ट्स का मानना है कि राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे का कारण निर्धारित कर पाना मुश्किल है। इसके लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते हैं। शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट स्टडीज इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंध हैं और हाल की घटनाओं से दोनों के बीच दूरियां और ज्यादा हो गई हैं।

बता दें कि रविवार को यह हादसा अजरबैजान और ईरान की सीमा के पास हुआ। रईसी का हेलीकॉप्टर जहां क्रैश हुआ वह जगह ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जोल्फा शहर के पास है।

दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंस गया

अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर मौसम इतना ही खराब था तो पायलट ने हेलीकॉप्टर को आगे बढ़ाने का फैसला क्यों किया? एक सवाल यह भी है कि फ्लीट में शामिल जब दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित वापस आ गए तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंसा रह गया। हालांकि, इसकी संभावना है कि दुर्घटना खराब मौसम की वजह से ही हुई हो, लेकिन साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

रईसी की मौत का क्या है परमाणु कनेक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार बना रहा था। ईरान के इस परमाणु मिशन से अमेरिका नाराज था। परमाणु कार्यक्रम के कारण अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हुए थे। ईरान जल्द ही परमाणु परीक्षण करने की तैयारी में था। ईरान का परमाणु संपन्न होना अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकता था। अमेरिका और पश्चिमी देश आमतौर पर इजरायल को समर्थन करते रहे हैं।

दुनिया के सबसे कट्टर नेता माने जाते थे इब्राहिम रईसी

दुबई। ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी दुनिया के सबसे कट्टर नेता के रूप में जाने जाते थे। राष्ट्रपति रईसी के नेतृत्व में ईरान ने हथियार बनाने के आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन किया एवं देश ने इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए। उत्तर-पश्चिमी ईरान में रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों की ऐसे समय में अचानक मौत हो गई जब ईरान आंतरिक असंतोष और दुनिया के कई देशों के साथ अपने संबंधों को लेकर संघर्ष कर रहा है।

हिजाब का विरोध करने वालों पर की थी कार्रवाई

रईसी हिजाब का विरोध करने वालों के खिलाफ थे। हिजाब नहीं पहनने के कारण हिरासत में ली गई महसा अमीनी की मौत के बाद 2022 में देशभर में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों पर महीनों चली कार्रवाई में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी

पिछले महीने ही ईरान ने इजरायल पर हमला किया था।

सरयू नदी के पवित्र जल से हिंदू मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

कोलंबो, एजेंसी।

● **श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में हुआ यह आयोजन**

श्रीलंका में एक हिंदू मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या की सरयू नदी के पवित्र जल का इस्तेमाल किया गया। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में यह आयोजन हुआ।

भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका में सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम कार्यक्रम में हजारों भारतीय, श्रीलंकाई और नेपाली श्रद्धालु शामिल हुए। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। देवी सीता को समर्पित इस मंदिर का अभिषेक समारोह सरयू नदी के पवित्र जल से हुआ, जो भारत के अयोध्या से लाया गया था।

श्रीलंका की एक वेबसाइट न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के मुताबिक भगवान राम की जन्मभूमि माने जाने वाले अयोध्या और देवी सीता का जन्मस्थान माने जाने वाले नेपाल से सीता अम्मन मंदिर को पवित्र प्रसाद प्राप्त हुआ। भारत और श्रीलंका सहित दुनिया भर से श्रद्धालु इस समारोह को देखने और इसमें भाग लेने के लिए एकत्र हुए।

गोपी थोटाकुरा ने पहला भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनने पर जताया गर्व

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी: उद्यमी और पायलट गोपी थोटाकुरा ने कहा कि उन्हें अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाला पहला भारतीय बनने पर गर्व है।

थोटाकुरा (30) और पांच अन्य सदस्यों को लेकर गयी ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानवयुक्त उड़ान सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंची। एनएस-25 रविवार सुबह पश्चिम टेक्सास में लॉन्च साइट वन से रवाना हुई थी। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए। ब्लू ओरिजिन द्वारा एक्स पर पोस्ट किए एक वीडियो में थोटाकुरा को अंतरिक्ष यान से यह कहते हुए सुना गया भारत अंतरिक्ष में। उन्हें हाथ में एक छोटा भारतीय ध्वज भी पकड़े हुए देखा गया। आंध्र प्रदेश में जन्मे उद्यमी और पायलट थोटाकुरा को एक बैनर पकड़े हुए भी देखा गया जिस पर लिखा था मैं हमारे सतत ग्रह के लिए एक पर्यावरण-योद्धा हूं। उनके साथ अंतरिक्ष में गए चालक दल के अन्य सदस्यों वायुसेना के पूर्व कैप्टन एड ड्वाइट शामिल हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने जीता विश्वास मत

काठमांडू, एजेंसी।

● **सभा में 157 वोट मिले, 18 महीने में चौथी बार टला संकट**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। विश्वासमत हासिल करने के बाद प्रचंड नेपाल में लगातार सत्ता संघर्षों के बीच राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने का प्रयास करते हुए गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते रहेंगे।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। सरकार को विश्वास मत हासिल करने के लिए कम से कम 138 मतों की आवश्यकता थी। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी की। लामिछाने पर सहकारी निधि के दुरुपयोग का आरोप है। विपक्षी दल की इस नारेबाजी के कारण मतदान प्रक्रिया में देरी हुई। मतदान के दौरान प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। सदन के अध्यक्ष राज घिमिरे ने घोषणा की कि संसद में बहुमत मिलने के साथ ही प्रचंड ने विश्वास मत हासिल कर लिया है।

इससे पहले 13 मार्च को तीसरी बार जीता था विश्वास मत

इससे पहले प्रचंड ने 13 मार्च को लगातार तीसरी बार विश्वास मत जीता था। प्रचंड ने तब नेपाली कांग्रेस को छोड़ दिया था और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) के साथ नया गठबंधन बनाया था। पिछले साल, प्रचंड को तब विश्वास मत का सामना करना पड़ा था जब पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था।

जूलियन असांजे को प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की अनुमति

लंदन। ब्रिटेन की एक अदालत ने सोमवार को व्यवस्था दी कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे जासूसी के आरोप में स्वयं को अमेरिका प्रत्यर्पित करने के आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं।

उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने कहा कि असांजे के पास ब्रिटेन सरकार के प्रत्यर्पण आदेश को चुनौती देने का आधार है। इस फैसले के बाद असांजे के लिए अपील करने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके चलते यह कानूनी लड़ाई वर्षों तक खिंच सकती है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप है।

युद्ध के दृश्यों ने मेरा दिल तोड़ दिया: बाइडेन

अटलांटा, एजेंसी।

● **ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज में बाइडेन ने कहा - अमेरिकी छात्रों की पीड़ा वह मुझे सकते हैं**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो रविववर को कहा कि इजरायल-हमास युद्ध की तस्वीरों ने उनका दिल तोड़ दिया है। बाइडेन ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज के पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इजरायल-हमास युद्ध पर अमेरिकी छात्रों की पीड़ा को स्वीकार किया।

उन्होंने छात्रों से कहा मैं शांतिपूर्ण अहिंसक विरोध प्रदर्शन का समर्थन करता हूं। बाइडन ने कहा कि गाजा में मानवीय संकट है इसलिए मैंने युद्ध को रोकने के लिए तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान किया है और कहा है कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले के बाद हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों को घर लाया जाए। राष्ट्रपति ने अमेरिकी लोकतंत्र और इसकी सुरक्षा में उनकी भूमिका पर भी विचार किया। बाइडन ने कहा यह दुनिया की सबसे कठिन, सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। उन्होंने कहा इसमें कुछ भी आसान नहीं है। मैं जानता हूं कि यह मेरे परिवार सहित आपमें से कई लोगों को क्रोधित और निराश करता है।



इजराइल और हमास नेताओं के गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध

हेग। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान ने सोमवार को कहा कि वह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित इजराइल और हमास के नेताओं के लिए सात महीने के युद्ध के दौरान उनके कृत्यों के संबंध में गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। करीम खान ने कहा कि उनका मानना है कि नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के तीन नेता - येह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और इस्माइल हनियेह गाजा पट्टी और इजराइल में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

इन्फ्लुएंजा से लड़ने में एमआरएनए आधारित टीके महत्वपूर्ण हथियार

कुआलालंपुर, एजेंसी

● **हर साल वायरस से साढ़े छह लाख लोगों की होती है मौत**

एमआरएनए टीकों का क्लीनिकल परीक्षण शुरू हो गया है और शोधकर्ताओं को इन्फ्लुएंजा के खिलाफ लड़ाई में इसके व्यापक रूप से सकारात्मक परिणाम मिलने की आशा है। इन्फ्लुएंजा से हर साल दुनिया भर में 6,50,000 लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, विकासशील देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की 99 प्रतिशत मौतें इन्फ्लुएंजा से संबंधित संक्रमण के कारण होती हैं।

इन्फ्लुएंजा के मौजूदा टीकों में हर साल मौसमी बीमारी के करोड़ों मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने की सीमाएं हैं क्योंकि वे केवल एक विशिष्ट स्वरूप या उत्परिवर्तन के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करते हैं। फ्लू वायरस के नए स्वरूप में बदलाव का मतलब है कि टीकों की लगातार निगरानी की जानी चाहिए और हर साल उनको विकसित किया जाना चाहिए। लेकिन एमआरएनए तकनीक पर आधारित सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीका में विभिन्न स्वरूपों के खिलाफ व्यापक और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

एमआरएनए आधारित टीकों का इस्तेमाल कोविड महामारी के दौरान सफलतापूर्वक किया गया था। इस तकनीक से तेजी से टीके का निर्माण किया जा सकता है और कई क्षेत्रों में इन्फ्लुएंजा वायरस के खिलाफ कदम उठाने में मदद मिल सकती है।

इन्फ्लुएंजा के नए स्वरूप हमेशा खतरनाक होते हैं। इनमें से अधिकतर की शुरुआत जानवरों से होती है। 1918 के स्पैनिश फ्लू जैसी महामारी, जिसमें 5 करोड़ लोग मारे गए और एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) वायरस का हालिया प्रकोप इन्फ्लुएंजा से उत्पन्न खतरे को रेखांकित करता है। यह वायरस के सभी उप स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम एक सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीके की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

चीन ने बोइंग और दो रक्षा कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

बीजिंग। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए सोमवार को बोइंग और अमेरिका की दो रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। बीजिंग, ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ हाल के वर्षों में प्रतिबंधों की घोषणा कर चुका है।

इसी कड़ी में चीन ने ये नये प्रतिबंध लागू किये हैं। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी यूनिट, जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स पर भविष्य में अपने देश में निवेश करने और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन व अधिकारियों की यात्रा पर रोक लगा दी।

खगोल विज्ञान | बर्फ के नीचे अति सूक्ष्म कणों का पहली बार पता चला

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज

नैनीताल : वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक बर्फ के नीचे दबे दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज की है। न्यूट्रिनो ब्रह्मांड की उत्पत्ति के दौरान के कण हैं। इनके बर्फ के नीचे मौजूद होने का पहली बार पता चला है। न्यूट्रिनो लगभग एक खरब छोटे कण हर सेकंड हमारे पास से गुजरते हैं।

यह खुले वातावरण में तैरते रहते हैं। इनकी उत्पत्ति बिग बैंग के साथ हुई थी। यह पूरे ब्रह्मांड में मौजूद हैं। इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। ब्लैक होल से भी इनकी उत्पत्ति संभव है, जो इनकी संख्या में वृद्धि करते हैं। ब्रह्मांड में बढ़ी संख्या में मौजूदगी के बावजूद इनका पता लगाना आसान नही है। इनका पता लगाने के लिए न्यूट्रिनो भौतिकविदों को बहुत बड़े प्रयोग करने पड़ते हैं।

अंटार्कटिक की तस्वीर।

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो का पता लगाने के लिए भी बड़े प्रयोग वैज्ञानिकों को करने पड़े है। जिसमें आइसक्यूब प्रयोग की मदद लेनी पड़ी। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ऊर्जावान न्यूट्रिनो है। जिन्हें ताऊ न्यूट्रिनो के नाम से जाना जाता है। इसका पता लगाने के लिये लगभग 10 वर्षों का डेटा एकत्र करना पड़ा। तब इसकी खोज हो पाई। ऐसी खोज पहली बार हुई है। यह खोज विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यूड जर्नल फिजिकल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। इस खोज से न्यूट्रिनो के अत्यधिक ऊर्जावान कण की उत्पत्ति की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

पृथ्वी से अछूते नही ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार

नैनीताल : अति सूक्ष्म न्यूट्रिनो कणों की बर्फ के नीचे दबे होने की खोज बताती है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार पृथ्वी से जुड़े होने से अछूते नही हैं। यह कण सृष्टि के उत्पत्ति के दौरान के अवशेष हैं। तकनीक में निरंतर आ रहे सुधार के चलते यह खोज सम्भव हो पाई है। उम्मीद है कि भविष्य ब्रह्मांड की अति सूक्ष्म जानकारी हमे मिलते रहेगी।